दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, बुधवार, 11 फरवरी 2026 कृष्ण पक्ष-नवमीं, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 05 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

कभी रायपुर तक नहीं आए, अब बस्तर पंडुम के विजेता दिल्ली में राष्ट्रपति के साथ करेंगे रात्रि भोज

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर पंडुम में शिरकत करने पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संभागस्तरीय स्पर्धाओं में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल करने वाले कलाकारों-प्रतिभागियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ रात्रिभोज के लिए भेजने की बात कही। जैसे ही मंच से उन्होंने ये घोषणा की, प्रतिभागियों का उत्साह दोगुना हो गया। इस दौरान बस्तर पंडुम में हिस्सा लेने वाले कुल 36 दल दिल्ली जाएगा। इनमें संभागस्तरीय स्पर्धाओं में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाले 12-12 दल शामिल होंगे।

इन दलों में बस्तर के अलग-अलग जिलों के कलाकार व प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतिभागियों में अधिकांश ने बताया कि उन्होंने कभी ट्रेन का सफर नहीं किया। दिल्ली तक जाना तो दूर वे रायपुर तक भी नहीं पहुंच पाए हैं। ऐसे में ये उनके लिए बड़ी उपलब्धि है कि वे दिल्ली में राष्ट्र की प्रथम नागरिक के साथ समय बिताएंगे। दंतेवाड़ा जिले के पालनार से पहुंचे जनजातीय लोकगीत दल की सदस्य बुधरी बताती हैं कि उनके गांव में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बस्तर पंडुम बदली पहचान का सशक्त प्रतीक: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में आयोजित बस्तर पंडुम को बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और जनजातीय विरासत का भव्य उत्सव बताते हुए इससे जुड़े सभी सहभागियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक समय बस्तर का नाम आते ही माओवाद, हिंसा और विकास में पिछड़ेपन की छवि उभरती थी, लेकिन आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। अब बस्तर शांति, विकास और स्थानीय लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास के लिए जाना जा रहा है।

भरोसा और सहभागिता का नया वातावरण बना

सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और निरंतर मार्गदर्शन से बस्तर आज सांस्कृतिक गौरव और समावेशी विकास के सशक्त प्रतीक के रूप में अपनी नई पहचान गढ़ रहा है। 'बस्तर पंडुम' जैसे आयोजन जनजातीय परंपराओं, लोक-संस्कृति और विरासत को सहेजने के साथ-साथ शांति, विश्वास और समावेशी प्रगति का प्रभावी संदेश देते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और आजीविका के विस्तार से भरोसा और सहभागिता का नया वातावरण बना है। सरकार जनजातीय परंपराओं को संरक्षित कर रही है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: सामाजिक समरसता का विश्व रिकॉर्ड

परिणय सूत्र में बंधे 6412 जोड़े

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना छत्तीसगढ़ में सामाजिक समरसता, अंत्योदय और संवेदनशील शासन की भावना को साकार करने वाली ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि एक समय गरीब परिवारों के लिए बेटी का विवाह बड़ी चिंता का विषय होता था, जिसे इस योजना ने सम्मान और भरोसे में बदल दिया है। मुख्यमंत्री श्री साय राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

सीएम विष्णु देव साय की उपस्थिति में रायपुर सहित पूरे प्रदेश में कुल 6,412 जोड़े विभिन्न धार्मिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के अनुसार वैवाहिक जीवन में बंधे। साइंस कॉलेज मैदान में 1,316 नवविवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री ने प्रत्यक्ष रूप से आशीर्वाद प्रदान किया, जबकि अन्य जिलों के जोड़े वर्चुअल माध्यम से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास बातें

- नवदंपती को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिया आशीर्वाद
- रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में हुआ राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह
- कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का हुआ शुभारंभ

विवाह समारोह सर्वधर्म समभाव और सामाजिक एकता का उत्सव

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह आयोजन केवल विवाह समारोह नहीं, बल्कि सर्वधर्म समभाव और सामाजिक एकता का उत्सव है। इस वृहद आयोजन में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध तथा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के जोड़े अपने-अपने रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह सूत्र में बंधे, जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता को दर्शाता है।

सीएम विष्णुदेव साय ने किया कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ

सीएम साय ने इस अवसर पर कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सरगुजा एवं बस्तर संभाग के आठ जिलों में इस अभियान की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ और सुपोषित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए शासन के साथ-साथ समाज की सहभागिता आवश्यक है तथा अभियान की सफलता के बाद इसे पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा।

मोदी गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा किया

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेशवासियों के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने दो वर्षों में ही मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा किया है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की सहायता दी जा रही है। उन्होंने तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित में मानक बोरा मूल्य में वृद्धि, चरण पादुका योजना का पुनः प्रारंभ, श्रीरामलला दर्शन योजना तथा भूमिहीन मजदूरों को आर्थिक सहायता जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख भी किया।

लोकसभा स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस, विपक्षी सांसदों ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ रूल 94(सी) के तहत अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा महासचिव को सौंपा है। इस नोटिस पर 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं, जिसमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, लेफ्ट, आरजेडी, समेत लगभग सभी विपक्षी दल शामिल हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इस नोटिस से दूरी बनाई है। गौर करने वाली बात यह भी है कि इस नोटिस पर राहुल गांधी के हस्ताक्षर नहीं हैं। सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस देने के लिए कांग्रेस सांसद सुरेश कोडिकुन्निल, गौरव गोगोई, मोहम्मद जावेद लोकसभा महासचिव के पास पहुंचे थे।

क्यों उठाया गया यह कदम?

विपक्ष का आरोप है कि स्पीकर ने सदन की कार्यवाही में पक्षपाती रवैया अपनाया है और विपक्ष की आवाज को दबाया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि 'स्पीकर साहब का खुद निरादर किया गया है। स्पीकर साहब पर दबाव है कि उनको खुद बयान देना पड़ रहा है जो सही नहीं है। सवाल ही नहीं उठता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विपक्ष के सौंपे अविश्वास प्रस्ताव के चार बिंदु

- नेता विपक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया गया
- विपक्ष के आठ सांसदों को निलंबित कर दिया गया
- बीजेपी सांसद को पूर्व प्रधानमंत्रियों को लेकर आपत्तिजनक बातें बोलने दी गई
- स्पीकर ने कांग्रेस सांसदों पर साजिश का आरोप लगाया

लोकसभा स्पीकर को हटाने की प्रक्रिया

नियम: लोकसभा स्पीकर को हटाने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 94 और लोकसभा में कार्यप्रणाली और कामकाज के नियमों के अनुच्छेद 200 द्वारा नियंत्रित होती है.

प्रक्रिया: जो सदस्य स्पीकर या डिप्टी स्पीकर को हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस देना चाहता है, वह महासचिव को लिखित में ऐसे प्रस्ताव का पूरा टेक्स्ट देगा. प्रस्ताव मंजूर होने के लिए, उसे नीचे दी गई शर्तों को पूरा करना होग।

क्या लोकसभा में टिक पाएगा अविश्वास प्रस्ताव?

गौरतलब है कि ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का पास होना बेहद मुश्किल हैं. क्योंकि कांग्रेस समेत विपक्ष के पास कुल 220 से ज्यादा सांसद हैं. ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए विपक्ष को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी. लेकिन लोकसभा में इसको पास कराना मुश्किल होगा, क्योंकि वहां एनडीए को बहुमत है।

आज बेबाक

भारत में ये कैसा लोकतंत्र है? जहां सड़कों पर मारे- मारे घूमने वाले आवारा कुत्तों तक को भौंकने की आजादी है लेकिन प्रातः स्मरणीय और परम पूजनीय माननीयों को बोलने की आजादी के लिए संसद के भीतर और बाहर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। नतीजतन संसद की कार्यवाई ठप पड़ी हुई है। जनता के गाढ़े खून पसीने की कमाई स्वाहा हो रही है। वाकई ये तो बहुत बेइंसाफी है। सोचने की बात है कि अगर माननीय बोलेंगे नही तो उनका खाया पीया हजम कैसे होगा? लोकतंत्र में सबको अपना गुबार निकालने का मौका दिया ही जाना चाहिए।

एआई जनरेटेड कंटेंट पर लगाना होगा वाटरमार्क

■ **सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए जारी किया आदेश**

चंडीगढ़/ए.। सरकार ने कहा कि अब मानव निर्मित या कृत्रिम रूप से बनाई गई जानकारी को स्पष्ट रूप से पहचान योग्य लेबल (वाटरमार्क) के साथ दिखाना अनिवार्य होगा। इसमें ऑडियो, वीडियो, फोटो या ग्राफिक सहित किसी भी डिजिटल सामग्री को शामिल किया गया है, जिसे कंप्यूटर या किसी संसाधन से बनाया गया, संशोधित किया गया या बदला गया हो।

हर तीन महीने में यूजर के लिए जारी करनी होगी चेतावनी: प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स को कम से कम हर तीन महीने में चेतावनी देनी होगी कि नियमों का उल्लंघन करने पर दंड या सजा हो सकती है। यदि कोई नियम तोड़े, तो उसका खाता निलंबित किया जा सकता है या सामग्री को हटाया जा सकता है।

नियमों के उल्लंघन पर तीन घंटे में सूचना देना अनिवार्य: सरकार ने कार्रवाई की समयसीमा भी घटा दी है। पहले 36 घंटे में कार्रवाई करनी थी, अब तीन घंटे में सूचना देना अनिवार्य है। उल्लंघन होने पर प्लेटफॉर्म्स को तुरंत उचित कार्रवाई करनी होगी। यह कदम डिजिटल मीडिया में सुरक्षा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इससे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गैरकानूनी इस्तेमाल पर रोक सुनिश्चित करें प्लेटफॉर्म

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी यूजर ऐसी सामग्री का गलत इस्तेमाल न करे। अगर कोई यूजर गैरकानूनी, अश्लील, धोखाधड़ी या बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री बनाए या साझा करे, तो प्लेटफॉर्म्स उसे रोकने के लिए स्वचालित (ऑटोमेटेड) तकनीक का इस्तेमाल करेंगे।

आईएएस अंकित आनंद को सीईओ का अतिरिक्त प्रभार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव करते हुए 2006 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अंकित आनंद को छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस संबंध में मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर से आदेश जारी किया गया है। अब वे अपने वर्तमान कार्यों के साथ-साथ सीआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

कांग्रेस नेताओं पर 500 करोड़ का मानहानि केस

■ **12,000 बीघा जमीन के आरोप पर भड़के असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा**

रायपुर/नवप्रदेश। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ 500 करोड़ का मानहानि मुकदमा किया है। इसके अलावा कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह और गौरव गोगोई का नाम भी शामिल है। यह मामला एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लगाए गए '12,000 बीघा जमीन' के कथित आरोपों से जुड़ा है।

दरअसल, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल और अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनके खिलाफ जानबूझकर गलत और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाए। जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है। इसलिए उन्होंने अदालत में सिविल और क्रिमिनल मानहानि का केस दर्ज कराया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के बयान बने विवाद की वजह: बता दें कि, मामला 4 फरवरी को गुवाहाटी में आयोजित एक संयुक्त प्रेस वार्ता से शुरू हुआ। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दावा किया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

9 फरवरी को शुरू हुई कानूनी कार्रवाई



हिमंता बिस्वा सरमा के अनुसार, 9 फरवरी 2026 को भूपेश बघेल सहित कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। उन्होंने कहा कि राजनीतिक असहमति अलग बात है, लेकिन सार्वजनिक मंच से निराधार आरोप लगाना कानून के दायरे में आता है। सीएम सरमा का आरोप है कि कांग्रेस नेताओं, खासकर भूपेश बघेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए उनके खिलाफ ऐसे बयान दिए जो पूरी तरह झूठे और तथ्यहीन हैं। इसी को लेकर उन्होंने सीधे कोर्ट का रुख किया।

गरमा-गरम

किताब मुद्दा: पेंगुइन के बयान को सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

नई दिल्ली/एजेंसी। पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने अपनी पुस्तक फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी को लेकर पहली बार सार्वजनिक प्रतिक्रिया दी है। जनरल नरवणे ने इस संबंध में पेंगुइन इंडिया की ओर से जारी बयान को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। प्रकाशन ने कहा था कि कंपनी द्वारा पुस्तक की कोई भी प्रति ''मुद्रित या डिजिटल रूप में'' प्रकाशित, वितरित, बेची या किसी अन्य तरीके से जनता के लिए उपलब्ध नहीं कराई गई है। अब पेंगुइन इंडिया के ट्वीट पर रिट्वीट करते हुए जनरल एमएम नरवणे ने एक्स पर लिखा कि यह किताब की स्थिति है।

एमओयू: मुख्यमंत्री की मौजूदगी में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी विभाग छत्तीसगढ़ और एसटीपीआई के बीच ऐतिहासिक समझौता

ज्ञान, तकनीक और नवाचार में विशेष पहचान बनाएगा छत्तीसगढ़: साय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है। हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ ज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भी देश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य को ज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। आधुनिक अधोसंरचना, प्रभावी ई-गवर्नेंस प्रणाली और निवेश-अनुकूल नीतियों के चलते छत्तीसगढ़ आज आईटी, आईटीईएस एवं इमरजिंग टेक्नोलॉजी आधारित उद्योगों के लिए एक भरोसेमंद और आकर्षक गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के मध्य हुए महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि युवाओं में उद्यमिता विकसित करने और उन्हें आईटी एवं आईटीईएस जैसे क्षेत्रों में विश्वस्तरीय अवसर राज्य के भीतर ही उपलब्ध कराने की दिशा में यह पहल की गई है। इस एमओयू के तहत राज्य में सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप (CoE) एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड डेवलपमेंट (ESDD) सेंटर की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सेंटर ऑफएंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वन एवं औषधीय उत्पाद आधारित मेडटेक, स्मार्ट सिटी समाधान तथा स्मार्ट कृषि जैसे चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नवाचार और स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन की होगी स्थापना
- प्रदेश में नवाचार, स्टार्ट-अप और कौशल आधारित रोजगार को मिलेगा बढ़ावा
- टेक्नोलॉजी आधारित उद्योगों के आकर्षक गंतव्य के रूप में उभर रहा छत्तीसगढ़

तीन दिन के भारत दौरे पर आ रहे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल

नई दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 फरवरी से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर रहेंगे। यहां वे एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अतिरिक्त, नेता इंडो-पैसिफिक में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोदी और मैक्रो संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' का उद्घाटन करने के लिए मुंबई में भी उपस्थित रहेंगे।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
स्वच्छ पेयजल सबका अधिकार
41 लाख से अधिक घरों तक पहुंच रहा नल से स्वच्छ पेयजल
गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति के लिए राज्य में
77 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं
70 समूह
जल प्रदाय योजनाओं से लाभान्वित हो रहे
3,208 गांव
S - 46810
सुशासन से समृद्धि की ओर
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
QR स्कैन करें



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला: मुस्लिम व्यक्ति अपनी संपत्ति के एक-तिहाई हिस्से का ही कर सकता है वसीयत

मुस्लिम व्यक्ति की मौत के बाद उसकी वसीयत को लेकर उठे विवाद पर हाईकोर्ट से महत्वपूर्ण फैसला आया

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मुस्लिम व्यक्तिगत कानून के तहत संपत्ति की वसीयत को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी मुस्लिम व्यक्ति अपनी कुल संपत्ति का केवल एक-तिहाई हिस्सा ही वसीयत के जरिए किसी को दे सकता है। इससे ज्यादा हिस्सा देने के लिए बाकी कानूनी वारिसों की मृत्यु के बाद स्पष्ट और स्वतंत्र सहमति जरूरी है। बिना सहमति के पूरी संपत्ति की वसीयत अवैध मानी जाएगी। यह फैसला इस्लामी कानून के उस मूल सिद्धांत को मजबूत करता है, जिसका उद्देश्य वारिसों के अधिकारों की रक्षा करना है।

जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की एकल पीठ ने 2 फरवरी 2026 को यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कोरबा जिले की एक विधवा जैबुन निशा की अपील को मंजूर करते हुए निचली अदालतों के फैसलों को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि निचली अदालतों ने गंभीर कानूनी गलती की थी, जब उन्होंने विधवा को उसके वैधानिक हिस्से से पूरी तरह वंचित कर दिया।

कोर्ट ने वसीयत के फायदार्थी को संपत्ति का एक-तिहाई से ज्यादा हिस्सा देने से इनकार कर दिया। याचिका कोरबा जिले की रहने वाली 64 वर्षीय जैबुन निशा ने दायर की थी। इसमें कहा गया कि वह दिवंगत अब्दुल सत्तार लोधिया की पत्नी हैं।

19 मई 2004 को हुआ था अब्दुल सत्तार का निधन

अब्दुल सत्तार का निधन 19 मई 2004 को हुआ था। उनके नाम पर कोरबा शहर में खसरा नंबर 1045/3 की 0.004 एकड़ (लगभग आठ डिसमिल) जमीन और उस पर बना मकान था। यह उनकी निजी संपत्ति थी। अब्दुल सत्तार की कोई संतान नहीं थी। लेकिन भतीजे मोहम्मद सिकंदर ने गोल लिए बेटे का दावा करते हुए पूरी सपत्ति पर हक जता दिया और 27 अप्रैल 2004 की वसीयत पेश कर दी।

वसीयत को दी गई चुनौती

जैबुन निशा ने इसका विरोध किया और कहा कि, वसीयत उनकी सहमति के बिना बनाई गई और मुस्लिम कानून के खिलाफहै। सिविल जज ने लेकिन जैबुन निशा की याचिका खारिज कर दी। अपील में दूसरे अतिरिक्त जिला जज कोरबा ने 28 जनवरी 2016 को ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। इसके बाद जैबुन निशा हाईकोर्ट पहुंचीं।

मुस्लिम कानून में गोद लेने की मान्यता नहीं

हाईकोर्ट ने 17 अगस्त 2023 को अपील को स्वीकार करते हुए दो महत्वपूर्ण कानूनी सवालों पर सुनवाई की। जैबन निशा की ओर से अधिवक्ता पराग कोटेचा ने दलील दी कि, मुस्लिम कानून में गोद लेने की कोई मान्यता नहीं है। सिकंदर ने खुद लिखित बयान में स्वीकार किया कि वह अब्दुल सत्तार का सगा बेटा नहीं है। फिर भी उसने राजस्व रिकॉर्ड में खुद को बेटा बताया।

मोहम्मदन लॉ बना आधार

वसीयत पूरी संपत्ति की है, जबकि मुस्लिम कानून में बिना वारिसों की सहमति के एक-तिहाई से ज्यादा नहीं दिया जा सकता। जैबुन निशा ने कभी सहमति भी नहीं दी। जस्टिस बिभु दत्ता गुरु ने विस्तार से दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और रिकॉर्ड का गहन अध्ययन किया। कोर्ट ने कहा कि, भले ही वसीयत की लिखत और गवाहों से साबित हो जाए, लेकिन उसका कानूनी प्रभाव मोहम्मदन लॉ की धारा 117 और 118 के आधार पर जांचना जरूरी है।

न्यूज गैलरी

स्वाति तिवारी को पीएचडी की उपाधि

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर निवासी श्रीमती स्वाति तिवारी को डॉक्टर सीवी रमन विश्वविद्यालय, कोटा ने मशीन लर्निंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में (सरकैसम डिटेक्शन इन सोशल मीडिया टेक्स्ट एंड ऑडियो कन्वर्सेशन यूसिंग सपोर्ट वेक्टर मशीन) शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। डॉ. स्वाति तिवारी ने अपना शोध कार्य डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक शुक्ला के निर्देशन एवं डॉक्टर अभिषेक शुक्ला के सह निर्देशन में पूर्ण किया है। डॉ. स्वाति तिवारी वर्तमान में कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में मशीन लर्निंग की उपयोगिता में डॉ. स्वाति तिवारी का शोध उपयोगी साबित होगा। इस शोध का लाभ ऑनलाइन कस्टमर फीडबैक, ऑनलाइन एजुकेशन सिस्टम में एवं साइकोलॉजिस्टस के लिए सहयोगी होगा। उन्होंने अपने शोध को इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित करने के साथ शोध का डिजाईन पेटेंट भी कराया है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को मिला शैक्षणिक भ्रमण का अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप वनांचल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सुकमा जिला प्रशासन की पहल पर 'नियद नेल्लानार' योजना के अंतर्गत माध्यमिक शाला मिसमा और बालक आश्रम सामसट्टी के 40 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को साइंस पार्क ले जाया गया, जहाँ उन्होंने विज्ञान से जुड़े विभिन्न प्रयोगों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। न्यूटन के नियम, ऊर्जा के रूपांतरण, ध्वनि के सिद्धांत, धूप घड़ी से समय मापन, पेंडुलम की गति तथा दर्पणों से जुड़े प्रयोगों ने बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाई। इससे विद्यार्थियों को किताबों में पढ़े विषयों को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी कलेक्टर कार्यालय भी पहुंचे, जहाँ उन्हें प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें शिक्षा, अनुशासन और मेहनत के महत्व के बारे में बताया तथा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को तुंगल बांध भी ले जाया गया, जहाँ उन्होंने प्राकृतिक वातावरण, जैव विविधता और जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ। 'नियद नेल्लानार' योजना के माध्यम से शासन द्वारा वनांचल क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए सार्थक पहल की जा रही है।

फसल विविधीकरण से बदली धमतरी के किसानों की तक़दीर

रायपुर/नवप्रदेश। धान-प्रधान खेती के लिए पहचाने जाने वाले धमतरी जिले में अब कृषि विविधीकरण की नई तस्वीर उभर रही है। परंपरागत धान फसल के साथ-साथ जिले के किसान तेजी से फसलचक्र परिवर्तन को अपना रहे हैं और दलहन, तिलहन एवं मोटे अनाजों की खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। सरसों, चना, मक्का के साथ रागी (मंडुआ) की खेती में बढ़ती भागीदारी जिले में सकारात्मक बदलाव का स्पष्ट संकेत है। यह परिवर्तन न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक बन रहा है, बल्कि भूमि की उर्वरता संरक्षण और जल संसाधनों के संतुलित उपयोग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्तमान रबी मौसम में धमतरी जिले में दलहन फसलों की खेती लगभग 18,450 हेक्टेयर क्षेत्र में की जा रही है। इसमें चना का रकबा लगभग 14,200 हेक्टेयर, अरहर 2,150 हेक्टेयर तथा मसूर करीब 2,100 हेक्टेयर है। वहीं तिलहन फसलों में सरसों किसानों की पहली पसंद बनी हुई है। जिले में तिलहन फसलें लगभग 9,600 हेक्टेयर क्षेत्र में ली जा रही हैं, जिनमें 8,300 हेक्टेयर में सरसों तथा शेष 1,300 हेक्टेयर में अन्य तिलहन फसलें बोई गई हैं।

यात्रीगण कृपया ध्यान दें: महाराष्ट्र-दिल्ली-बिहार जाने वाले होंगे परेशान

छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 26 ट्रेनें रद्द 4 से 26 अप्रैल तक नहीं चलेंगी गाड़ियां

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 26 ट्रेनों को रद्द किया गया है। इनमें एक्सप्रेस और मेमू ट्रेनें शामिल हैं। नागपुर मंडल गोंदिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म-3 पर बने वॉशेबल एप्रन का डिस्मेंटलिंग और बैलेस्टेड ट्रैक बनाने का काम होगा। जिसके लिए 20 दिन तक ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान 14 ट्रेनों को 4 से 26 अप्रैल तक कैंसिल किया गया है।

इसके अलावा रायपुर मंडल में हथबंद-भाटापारा सेक्शन में रोड अंडर ब्रिज निर्माण के लिए गर्डर लॉन्चिंग का काम किया जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा, जिससे 14 और 15 फरवरी को यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसके अलावा भिलाई स्टेशन पर डिस्मेंटलिंग कार्य के कारण भी कुछ ट्रेनें रद्द रहेंगी।

रेलवे के अनुसार 14 और 15 फरवरी को कुल 12 ट्रेनें रद्द रहेंगी। इन ट्रेनों के रद्द होने से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, मध्य प्रदेश, बिहार और पंजाब जाने वाले यात्रियों को दिक्कत होगी। खासकर रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, शालीमार (कोलकाता), अमृतसर, हजरत निजामुद्दीन और लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) रूट के यात्रियों को यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति जरूर जांच करें। रेलवे ने यात्रियों से वैकल्पिक व्यवस्था करने और यात्रा से पहले जानकारी लेने की अपील की है। इसके अलावा 14 फरवरी को 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू बिलासपुर में ही समाप्त होगी और बिलासपुर-गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। इसी दिन 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू बिलासपुर से ही रवाना होगी और गोंदिया-बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी।

कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस भी रहेगी रद्द

गाड़ी संख्या 18030 और 18029 (शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस) 4 से 24 अप्रैल और 6 से 26 अप्रैल तक रद्द रहेंगी। इसी तरह 18237 (कोरबा-अमृतसर) और 18238 (अमृतसर-बिलासपुर) एक्सप्रेस भी 5 से 27 अप्रैल के बीच रद्द रहेंगी। 12409-12410 (रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन) और 12101-12102 (लोकमान्य तिलक टर्मिनल-शालीमार) सहित 12807-12808 (विशाखापत्तनम-हजरत निजामुद्दीन) एक्सप्रेस भी अलग-अलग तिथियों में अप्रैल में रद्द रहेंगी। इसके अलावा कई मेमू और डेमू पैसेंजर ट्रेनें 5 से 25 अप्रैल तक बंद रहेंगी। साथ ही कुछ ट्रेनें अपने गंतव्य तक नहीं जाएंगी और बीच रास्ते में ही स्टॉप की जाएंगी। गोंदिया-बल्लारशाह रूट की कई पैसेंजर ट्रेनें 5 से 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन तक ही चलेंगी और आगे का सफर रद्द रहेगा। वहीं 15231-15232 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को 5 से 26 अप्रैल तक दुर्ग स्टेशन तक ही चलाया जाएगा। दुर्ग से गोंदिया और गोंदिया से दुर्ग के बीच का सफर रद्द रहेगा।

गंतव्य से पहले समाप्त होने वाली गाड़ियां

- **गाड़ी संख्या 68802 (गोंदिया - बल्लारशाह)** पैसेंजर 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी। गोंदिया-हिरदामाली के बीच रद्द रहेगी।
- **गाड़ी संख्या 68803 (बल्लारशाह -गोंदिया)** पैसेंजर 5 अप्रैल 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी। हिरदामाली-गोंदिया के बीच रद्द रहेगी।
- **गाड़ी संख्या 68804 (गोंदिया - बल्लारशाह)** पैसेंजर 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी। गोंदिया-हिरदामाली के बीच रद्द रहेगी।
- **गाड़ी संख्या 68805 (चांदाफोर्ट - गोंदिया)** पैसेंजर 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी। हिरदामाली-गोंदिया के बीच रद्द रहेगी।
- **गाड़ी संख्या 68806 (गोंदिया-वड़सा)** पैसेंजर 5 अप्रैल से 25 अप्रैल हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी। गोंदिया-हिरदामाली के बीच रद्द रहेगी।
- **गाड़ी संख्या 15231 (बरौनी - गोंदिया)** एक्सप्रेस 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक दुर्ग में नियंत्रित की जाएगी। दुर्ग-गोंदिया के बीच रद्द रहेगी।

पशुपालन योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय दल

दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में राष्ट्रीय गोकुल मिशन सहित अन्य चार योजनाएं जांच के दायरे में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में संचालित केन्द्रीय पशुपालन योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग, नई दिल्ली द्वारा तीन राष्ट्रीय स्तर के पर्यवेक्षक (नेशनल लेवल मॉनिटर) नियुक्त किए गए हैं। ये अधिकारी 9 से 14 फरवरी 2026 तक दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिलों का दौरा कर योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय दुग्ध विकास कार्यक्रम और पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के क्रियान्वयन की स्थिति को मौके पर जाकर परीक्षण करेंगे। भ्रमण दल में भारत सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं।

भ्रमण कार्यक्रम के पहले दिन संचालनालय स्तर पर ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव, पशुधन विकास विभाग तथा भारत सरकार के नोडल अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा केन्द्र से आए अधिकारियों और नेशनल लेवल मॉनिटर दल को योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा योजनाओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके बाद भारत सरकार से आए अधिकारी श्री मुकेश शर्मा, ने योजनाओं की समीक्षा। बैठक में राष्ट्रीय गोकुल मिशन और राष्ट्रीय दुग्ध विकास कार्यक्रम के तहत प्रदेश स्तरीय नोडल अधिकारियों ने प्रस्तुतिकरण दिया।

1962 कॉल सेंटर का किया निरीक्षण

नेशनल लेवल मॉनिटर और भारत सरकार के प्रतिनिधियों ने संचालनालय परिसर में स्थित मोबाइल वेटेनरी यूनिट के कॉल सेंटर 1962 का भी निरीक्षण किया और वहां संचालित सेवाओं की जानकारी ली।

साय सरकार प्रदेश का कर रही सर्वांगीण विकास: टंकराम वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मंगलवार को विकासखंड सिमगा के ग्राम खिलौरा पहुंचे, जहां उनके प्रथम आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री श्री वर्मा ने ग्राम खिलौरा में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

लोकार्पित कार्यों में 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्रार्थना शेड, 1 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से निर्मित पानी टंकी, 3 लाख रुपये की लागत से रंगमंच उन्नयन, 5 लाख रुपये की लागत से मुक्तिधाम अहाता तथा 5 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन (बाल समाज) शामिल हैं। वहीं, 10 लाख रुपये और 9.85 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पीडीएस भवन के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया।

पर्यावरण संरक्षण: हरियाली और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

वन विकास निगम और एनएमडीसी बचेली के बीच 50 हजार पौधारोपण का अनुबंध

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना और जैव विविधता का संरक्षण करना है। इसके माध्यम से वायु की गुणवत्ता सुधारना, मिट्टी के कटाव को रोकना, ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाना और सतत विकास के द्वारा भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ व संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करना है।

पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से वन विकास निगम एवं एनएमडीसी बचेली के बीच विगत 13 जनवरी को 50 हजार पौधों के रोपण हेतु अनुबंध हुआ है। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना, पर्यावरण संतुलन को मजबूत करना तथा स्थानीय जैव विविधता का संरक्षण करना है। वन विकास निगम वर्ष 2005 से एनएमडीसी के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार पौधारोपण कार्य कर रहा है। अब तक निगम द्वारा कुल 15 लाख 37 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिली है और क्षेत्र में हरित क्षेत्र का विस्तार हुआ है। यह पौधारोपण कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रजातियों के पौधों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा पौधों की देखरेख और संरक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। गौरतलब है कि इस अभियान के लिए वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने वन विकास निगम की सराहना की है। उनका मानना है कि इस अभियान से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

विकास: मुख्यमंत्री ने जीपीएम जिले में जिला अस्पताल भवन निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

स्वस्थ समाज ही समृद्ध राज्य की नींव: सीएम साय

18 करोड़ के लागत से बनेगा 100 बिस्तरयुक्त जिला अस्पताल भवन, 52 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त और 71 ग्राम पंचायतें बाल विवाह मुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जीपीएम जिले की स्थापना की छठवीं वर्षगांठ के अवसर पर जिले को स्वास्थ्य क्षेत्र की एक बड़ी सौगात दी है। उन्होंने जिला अस्पताल के नवीन भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। नवीन जिला अस्तपाल करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा। यह अत्याधुनिक अस्पताल 100 बिस्तरयुक्त होगा। इस अस्पताल के बनने से जिले के नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्री प्रणव मरपच्ची ने की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज ही समृद्ध राज्य की नींव होता है। जीपीएम जिले में नए अस्पताल भवन का निर्माण स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती देगा। टीबी मुक्त और बाल विवाह मुक्त पंचायतें इस बात का प्रमाण हैं कि जब शासन और समाज मिलकर काम करते हैं, तो बड़े सामाजिक बदलाव संभव होते हैं। छत्तीसगढ़ को रोगमुक्त, सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में जिले की 52 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त एवं 71 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया।

मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकली आप को पुलिस ने रोका



रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर आम आदमी पार्टी आज मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकली थी, लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया।

पार्टी का कहना है कि राज्य में लाखों किसान अब भी धान बेचने से वंचित हैं, इसलिए धान खरीदी की अंतिम तारीख 28 फरवरी तक बढ़ाई जाए। किसानों का एक-एक दाना खरीदे सरकार और अपना वादा पूरा करें। आप नेताओं का आरोप है कि धान का भुगतान लेने के लिए किसान सहकारी बैंकों में सुबह 6 बजे से देर रात तक कड़ी धूप में लाइन लगाने को मजबूर हैं। इसके बावजूद बैंकों से एक बार में सिर्फ 25 हजार रुपए ही भुगतान किया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

राजिम कुंभ में बदइंतजामी पर भड़के विधायक, सीईओ को बोला-सरकार की धनिया बो रहे हो...

■ **विधायक ने कहा- कलाकारों को भूखा रखा, इमेज खराब कर रहे**

नवप्रदेश लगातार

गरियाबंद। राजिम कुंभ में अव्यवस्थाओं को देख राजिम से भाजपा विधायक रोहित साहू अधिकारियों पर भड़क गए। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर को फटकार लगाई। कहा कि, सरकार की इमेज की धनिया बो रहे हैं। बेइज्जती हो रही है। बता दें प्रखर चंद्राकर को मेले का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

दरअसल, यह पूरा मामला राजिम कुंभ में परफॉर्म करने आए कलाकारों के खाने और पीने के पानी की व्यवस्था से जुड़ा था। विधायक ने आयोजन में लापरवाही को गंभीर मानते हुए जिला प्रशासन और इवेंट कंपनी को सख्त चेतावनी दी। विधायक ने कहा कि, अधिकारी हों या इवेंट कंपनी, सरकार की छवि धूमिल करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। दरअसल, 7 फरवरी को पत्रकारों और आम नागरिकों ने इवेंट कंपनी पर मनमानी, अनावश्यक रोक-टोक और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए थे। इन शिकायतों को लेकर विधायक रोहित साहू से मुलाकात की गई थी। जिसके बाद उन्होंने तत्काल जिला प्रशासन और इवेंट कंपनी को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अगले ही दिन 8 फरवरी को अव्यवस्था का एक और गंभीर मामला सामने आया। मुख्यमंच पर प्रस्तुति देने आए कलाकारों को कार्यक्रम समाप्त होने के बाद करीब डेढ़ घंटे तक बैठाए रखा गया। उन्हें भोजन तक उपलब्ध नहीं कराया गया। कलाकारों के साथ हुए इस दुर्व्यवहार की जानकारी मिलते ही विधायक रोहित साहू तुरंत मौके पर पहुंचे।

कलाकारों को खुद ले जाकर कराया भोजन

विधायक रोहित साहू सभी कलाकारों को अपने साथ एक निजी रेस्टोरेंट ले गए और उन्हें भोजन कराया। उन्होंने कहा कि कलाकारों का सम्मान सर्वोपरि है। ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अधिकारियों और इवेंट कंपनी को फटकार

विधायक ने मौके पर पहुंचकर जिला प्रशासन के अधिकारियों और इवेंट कंपनी के प्रतिनिधियों से जवाब तलब किया। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर वे नाराज हो गए और सभी को कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प मेला आस्था, संस्कृति और प्रदेश की पहचान से जुड़ा आयोजन है। इसकी गरिमा से कोई भी खिलवाड़ नहीं कर सकता। श्रद्धालुओं, साधु-संतों और कलाकारों को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

न्यूज गैलरी

हर साल लग रही लाइट, लेकिन अंधेरे में डूबा रहता है गांव

रायपुर/नवप्रदेश। जिले की ग्राम पंचायतों में हर साल क्रेडा विभाग द्वारा सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत में अधिकांश जगहों पर ये लाइटें जलती ही नजर नहीं आ रहीं। हाल ही में कुआकोंडा, कटेकल्याण और गीदम ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों में सोलर लाइटें लगाई गईं, पर सप्ताह भर भी नहीं चलीं और खराब हो गईं। कई स्थानों पर पुराने खंभों को रंगाई-पुताई कर नया दिखाया गया, कहीं सिर्फ केबल डालकर औपचारिकता पूरी कर ली गई, लेकिन लाइटें अब भी बंद पड़ी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाकर कागजों में काम पूरा दिखा दिया गया, जबकि जमीनी स्तर पर गांव आज भी अंधेरे में हैं। ग्रामीणों ने जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

प्रेमी की जुदाई बर्दाश्त नहीं कर पाई किशोरी, फांसी लगाकर दी जान

बैकुंठपुर। जिले में रहने वाली नाबालिग ने तोरवा क्षेत्र में रहने वाले अपने रिश्तेदार घर पर फांसी लगा ली। सुबह स्वजन जब अपने काम में व्यस्त थे तभी किशोरी ने अपनी ही चुन्नी से फंदा बनाकर फांसी लगाई। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि किशोरी अपने प्रेमी के पास दिल्ली चली गई थी। स्वजन उसे किसी तरह समझाकर घर लाए थे। इसके बाद उसके प्रेमी ने दिल्ली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी मिलने के दूसरे दिन ही किशोरी ने भी आत्मघाती कदम उठा लिया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। सीएसपी गगन कुमार(आइपीएस) ने बताया कि बैकुंठपुर जिले में रहने वाली 16 साल कि किशोरी ने तोरवा में रहने वाली अपनी बुआ के घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया है।पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि नाबालिग कुछ दिन पहले अपने प्रेमी के साथ दिल्ली चली गई। स्वजन ने उसकी तलाश की। उसे दिल्ली से खोजकर स्वजन शहर ले आए। नाबालिग को घर लेकर जाने के बजाए उसे तोरवा में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर पर थे। पूछताछ में पता चला है कि नाबालिग के प्रेमी ने रविवार को दिल्ली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मानीकपुर क्षेत्र के सूने मकान की चोरी का खुलासा, मां-बेटे गिरफ्तार

कोरबा । जिले में सूने मकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 6-7 फरवरी की दरम्यानी रात मानीकपुर क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी चोरी की गई थी। शिकायत के बाद सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों संजय वैष्णव उर्फ गोलू और उसकी मां लव कुमारी वैष्णव को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी स्वीकार की। जांच में सामने आया कि चोरी के आभूषण मधुर फाइनेंस में गिरवी रखे गए थे, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया। बरामद आभूषणों का बाजार मूल्य करीब 11.11 लाख आंका गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

देह व्यापार का भंडाफोड़, 3 महिलाएं संचालक और होटल मैनेजर गिरफ्तार

रायगढ़(आरएनएस)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी के मार्गदर्शन में जिले में देह व्यापार के विरुद्ध अभियान स्तर पर सख्त कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कड़ी में शहर के होटल ट्रिनिटी की सातवीं मंजिल में संचालित सनराइज स्पा एंड सैलून में अवैध देह व्यापार संचालित होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना पर एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा द्वारा थाना कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से करीब शाम 7:30 बजे रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही के तहत पहले एक पाइंटर को ग्राहक बनाकर रुपये देकर स्पा सेंटर भेजा गया। पाइंटर से संकेत प्राप्त होते ही पुलिस टीम ने होटल में दबिश दी। छापेमारी के दौरान होटल के तीन अलग-अलग कमरों में तीन महिलाएं मिलीं। महिलाओं की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों द्वारा कमरों की तलाशी ली गई, जहां आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। पूछताछ में स्पा सेंटर संचालक विनयकांत बरगट ने स्वीकार किया कि ग्राहकों को आकर्षित करने एवं अवैध कमाई के उद्देश्य से लड़कियां उपलब्ध कराई जाती थीं। पुलिस द्वारा होटल मैनेजर देवेन्द्र सिंह को भी हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक ओप्पो रेनो 11 प्रो 5त्त मोबाइल, नगदी 6,000 रुपये(पुलिस पाइंटर द्वारा दिया हुआ), स्पा सेंटर से संबंधित दस्तावेज, ग्राहकों का रजिस्टर एवं किरायानामा (वर्ष 2024 से) जप्त किया है।

कबीरधाम में अवैध शराब तस्करी पर पुलिस का शिकंजा, दो गिरफ्तार

कबीरधाम(आरएनएस)। जिला में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुण्डा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में अवैध शराब लाकर बिक्री की तैयारी की जा रही है। 7 फरवरी 2026 को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर दो संदिग्धों को रोका। तलाशी के दौरान उनके पास से प्लास्टिक बोरी में रखी देशी प्लेन शराब की 31 पौवा शीशियां (प्रत्येक 180 एमएल) बरामद हुईं। कुल जब्त शराब लगभग 5.58 बल्क लीटर बताई गई है।

आगजनी की घटना में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान

भीषण आग से फर्नीचर- ऑटो मार्केट में 8 दुकानें जलकर खाक

■ **फायर ब्रिगेड की लापरवाही से बढ़ा नुकसान**

अंबिकापुर। शहर के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र अंबेडकर चौक में मंगलवार को भोर में भीषण आग ने तबाही मचा दी। फर्नीचर दुकान में शॉर्ट सर्किट से शुरू हुई आग कुछ ही मिनटों में ई-रिक्शा, इलेक्ट्रॉनिक्स और डेकोरेशन की दुकानों तक फैल गई। हादसे में लगभग सवा से डेढ़ करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान है। फायर ब्रिगेड की देरी से पहुंचने पर व्यापारी बेहद नाराज हैं। व्यापारियों का कहना है कि गाड़ियां समय पर पहुंचती तो नुकसान नहीं होता।

सुबह 4 बजे फर्नीचर दुकान से शुरू हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 4 बजे एक फर्नीचर दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। दुकान में मौजूद प्लास्टिक, फोम और लकड़ी के सामान ने आग को अत्यधिक भड़का दिया। तेज लपटों ने देखते ही देखते पास की ऑटो पार्ट्स, ई-रिक्शा स्टोर, डेकोरेशन दुकान, मारुति इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

राहगीर ने दी सूचना, फायर ब्रिगेड देर से पहुंची

करीब 4:30 बजे एक राहगीर ने दुकान संचालक राकेश अग्रवाल को फोन कर आग की सूचना दी। इसके बाद उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड, कंट्रोल रूम और डायल-112 को जानकारी दी। लेकिन फायर ब्रिगेड की पहली गाड़ी करीब एक घंटे बाद पहुंची। दूसरी गाड़ी मौके पर आई तो उसका सिस्टम खराब निकला, जिससे आग काबू में करने में भारी दिक्कतें आईं।

नाश्ते की दुकान में सिलेंडर ब्लास्ट, फैक्ट्री तक फैली आग

आग की लपटें बढ़ते-बढ़ते पास की नाश्ते की दुकान तक पहुंच गईं, जहां एक छोटे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ और पूरी दुकान जलकर राख हो गई। कुछ ही देर बाद आग पीछे स्थित फर्नीचर फैक्ट्री तक भी फैल गई, जिससे हालात काफी गंभीर हो गए।

एयरपोर्ट फायर टीम ने दो घंटे में पाया काबू

स्थिति बिगड़ते देख दरिमा एयरपोर्ट की फायर ब्रिगेड टीम को मौके पर बुलाया गया। एयरपोर्ट टीम ने लगभग दो घंटे की लगातार मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक अधिकांश दुकानें जल चुकी थीं।

पुलिस कर रही जांच

गांधीनगर पुलिस आगजनी के पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी पहलुओं की भी जांच कर रही है। दुकान संचालक राकेश अग्रवाल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि, 'अगर फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाती तो नुकसान सिर्फ 20 प्रतिशत होता, लेकिन देरी ने लाखों रुपये का नुकसान करा दिया।'

रायगढ़ कार्बन प्लांट हादसा आग में झुलसी मासूम की मौत

■ **6 मजदूर 80 से 90 प्रतिशत तक झुलसे, 3 वेंटिलेटर पर, इनमें एक परिवार के 4 सदस्य**

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में हुए मंगल कार्बन प्लांट हादसे में झुलसी 9 महीने की बच्ची ने दम तोड़ दिया है। मां मासूम को प्लांट साथ लेकर आई थी। बच्ची का रायपुर के निजी बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी सेंटर में इलाज चल रहा था, जहां मासूम की मौत हो गई। आज शव का पीएम होगा। कई मजदूर 80-90% तक झुलस गए हैं। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। सभी का इलाज रायपुर में जारी है। परिजनों की शिकायत पर प्लांट प्रबंधन के खिलाफ खरसिया पुलिस ने केस दर्ज किया है। अब परिजनों ने प्लांट प्रबंधन पर एफआईआर वापस लेने और बयान बदलने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

दरअसल, 5 फरवरी को खरसिया थाना क्षेत्र के बानीपाथर स्थित मंगल कार्बन प्लांट में काम के दौरान बड़ा हादसा हुआ था। फर्नेस को खोलते ही आग का तेज प्रेशर बाहर निकला और पास में काम कर रहे 8 मजदूर उसकी चपेट में आ गए। इस प्लांट में पुराने टायर पिघलाकर काला तेल निकाला जाता है, जो रोड बनाने के काम आता है। आरोप है कि फर्नेस को ठंडा किए बिना खोला गया। मजदूरों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए। इसी लापरवाही की वजह से यह भयावह हादसा हुआ।

एक ही परिवार के 4 लोग झुलसे थे

इस घटना में एक ही परिवार के चार लोग आग की चपेट में आए थे। साहेब लाल खड़िया (46) 80-90%, शिव खड़िया (27) 80-90%, उदासिनी खड़िया (25) 30-40% और भूमि खड़िया (9 माह) 80-90% झुलस गई थी। बच्ची ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मां उसे अपने साथ प्लांट में ले जाती थी। बाकी घायलों की हालत भी नाजुक बनी हुई है। कौशल पटेल 70-80%, इंदीवर 80-90%और प्रिया सारथी 70-80% झुलसी है। सभी का इलाज रायपुर में जारी है। मजदूरों को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है।

कांकेर में महानदी तट पर अवैध रेत खदान

■ **ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, बिजली चोरी का लगाया आरोप**

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के ग्राम टंहाकापार में महानदी तट पर संचालित अवैध रेत खदान के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह खदान लंबे समय से बिना अनुमति के संचालित हो रही है, जिससे क्षेत्र में लगातार विवाद की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने खदान संचालक अंकित जैन पर जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि जैन खुद को भाजपा नेता बताकर प्रभाव दिखाते हुए अवैध रूप से रेत खदान चला रहा है। खदान क्षेत्र में रहने के लिए एक अस्थायी ढांचा भी बनाया गया है। यहां अवैध रूप से बिजली का डायरेक्ट कनेक्शन लेकर उपयोग किया जा रहा है और कोई मीटर भी नहीं लगाया गया है। इसे लेकर भी ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द अवैध रेत खदान पर रोक नहीं लगाई गई, तो वे चक्का जाम और उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

प्रेमी की मौत से आहत प्रेमिका ने लगा ली फांसी

बिलासपुर। बिलासपुर में रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग ने दिल्ली में रहने वाले अपने प्रेमी की आत्महत्या की खबर सुन कर दो दिन तक सदमे में रहने के बाद फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। यह दर्दनाक घटना तोरवा थाना क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां नाबालिग किशोरी अपनी बुआ के साथ रह रही थी।

व्हाट्सएप पर प्रेमी की तस्वीर देख टूटी

दिल्ली में दो दिन पहले प्रेमी ने आत्महत्या कर ली थी। जिसकी तस्वीर और खबर जब किशोरी तक व्हाट्सएप के जरिए पहुंची, तो वह गहरे मानसिक आघात में चली गई। परिजनों ने बताया कि खबर के बाद से वह लगातार चुप रहती थी और मौत जैसी बातें भी कर रही थी। किशोरी बैकुंठपुर जिले की रहने वाली थी और कुछ समय पहले प्रेमी के साथ दिल्ली चली गई थी। परिवार उसे वापस लेकर आए और घर ले जाने के बजाय उसे तोरवा क्षेत्र स्थित उसकी बुआ के घर रख दिया, ताकि माहौल बदल सके और वह सामान्य हो सके। परिजनों ने रातभर उस पर निगरानी रखी और उसे समझाइश भी दी, लेकिन अंदर का सदमा गहरा था। सोमवार सुबह किशोरी ने परिजनों के साथ सामान्य रूप से नाश्ता किया।

उड़नदस्ता टीम की छापेमारी, रेत-गिट्टी से भरे 10 वाहन जब्त

■ **माइनिंग विभाग ने अवैध उत्खनन पर कसा शिकंजा**

अंबिकापुर। सरगुजा जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ माइनिंग विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उड़नदस्ता टीम ने सीतापुर और धौरपुर थाना क्षेत्रों में रेत और गिट्टी से भरे कुल 10 वाहनों को जब्त किया है। विभाग ने साफ किया है कि, अब अवैध खनन पर किसी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी।

कार्रवाई का पूरा विवरण

माइनिंग विभाग की उड़नदस्ता टीम ने सीतापुर थाना क्षेत्र में अभियान चलाते हुए अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने बिना अनुमति और आवश्यक दस्तावेजों के खनिज ले जाते हुए 7 ट्रैक्टर रेत से भरे तथा 2 हाइवा गिट्टी लोड वाहनों को हिरासत में लिया। धौरपुर थाना क्षेत्र में भी खनिज परिवहन कर रहे एक हाइवा वाहन को जब्त किया गया।

खनिज अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई

सभी वाहनों को खनिज अधिनियम के तहत जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभाग का कहना है कि खनिज चोरी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सिरफिरे पति ने की गर्भवती पत्नी की हत्या, बच्ची को लेकर फरार

■ **मर्डर के बाद 2 साल की बच्ची को लेकर भागा**

■ **पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल**

जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में सिरफिरे पति ने गर्भवती पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद 2 साल की बच्ची को लेकर फरार हो गया।

पुलिस ने आरोपी स्वदेश राम कोरवा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह घटना नारायणपुर थाना क्षेत्र के ढोढ़ीबहार गांव की है। वहीं फरसगांव के ग्राम गारका में दो पड़ोसियों के बीच मामूली सा जमीन विवाद खूनी खेल में तब्दील हो गया।

6 फरवरी को दो सगे भाइयों ने मिलकर कलार समाज के सम्भागीय अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा पर जानलेवा हमला किया था। घटना में घायल प्रदीप सिन्हा की 8 फरवरी की रात रायपुर के डीकेएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

अच्छी पहल: सड़क सुरक्षा माह के समापन पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का बड़ा ऐलान

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए हेलमेट अनिवार्य

मनेंद्रगढ़। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिले में सड़क सुरक्षा माह के समापन पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बड़ा एलान किया।

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य करने पर संगठनों से चर्चा की बात कही। उन्होंने कहा कि, सड़क हादसों के बाद सबसे अधिक दबाव स्वास्थ्य विभाग पर पड़ता है। सड़क हादसों में बढ़ती मौतों और गंभीर चोटों पर लगाम लगाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार अब स्वास्थ्य विभाग से ही मिसाल कायम करने की तैयारी में है। सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने एक अहम और दूरगामी कदम की घोषणा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य करने की बात कही है।

समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा: जायसवाल

मीडिया से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद सबसे अधिक दबाव स्वास्थ्य विभाग पर ही आता है। ऐसे में यदि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी स्वयं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे, तो समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि, वे विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संगठनों के साथ चर्चा कर हेलमेट की अनिवार्यता को लागू करने की दिशा में पहल करेंगे।

मौतों और गंभीर चोटों को कम करने में मददगार

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि, यह पहल सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों को कम करने में मददगार साबित होगी।

चौपाटी बनाने में खर्च कर दिए लाखों रुपये, अभी भी सड़क पर लग रहे ठेले

दंतेवाड़ा। शहर में पार्किंग की समस्या लगातार बढ़ती ही जा रही है, इस बार पर्यटकों की भीड़ ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। शहर में बाहर से आने वाले लोगों को पार्किंग को लेकर खासी दिक्कत हो रही है। इसकी मुख्य वजह सड़क के किनारे भीड़भाड़ वाले रास्ते में ठेले लगे रहते हैं, इन ठेले वालों के लिए पुराने रेस्टहाउस वर्तमान में जिसे विधायक निवास बना दिया गया है, उसके सामने और महेंद्र कर्मा चौक में इन दुकानदारों के लिए चौपाटी बना दी गई है पर अभी तक इनको शिफ्ट नहीं किया जा सका है।

नगर निगम दुर्ग की बड़ी कार्रवाई : बिना अनुमति अवैध प्लाटिंग पर आपराधिक प्रकरण दर्ज

■ बिना अनुमति प्लाटिंग कर 43 से अधिक लोगों को भूमि विक्रय

■ न्यायालय में परिवाद दायर, अगली सुनवाई 10 मार्च को

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा अवैध प्लाटिंग और बिना अनुमति कॉलोनी निर्माण के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए एक और बड़ी कार्रवाई की गई है। निगम के भवन अधिकारी द्वारा मनोज राजपूत पिता जवाहर सिंह राजपूत, निवासी नेहरू नगर भिलाई के विरुद्ध मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दुर्ग के न्यायालय में परिवाद दायर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियुक्त द्वारा ग्राम सिकोला, पटवारी हल्का नंबर 17, तहसील व जिला दुर्ग स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 15/9, 15/32, 1/95 एवं 7/4 पर छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत आवश्यक व्यपवर्तन कराए बिना, नगर निगम दुर्ग से कॉलोनी विकास की अनुमति लिए बिना तथा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग से भूमि विकास की स्वीकृति एवं ले-आउट अनुमोदन कराए बिना अवैध रूप से प्लाटिंग की गई।

अभियुक्त द्वारा उक्त भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित कर दिनांक 27 सितंबर 2023 से 21 मई 2025 के बीच 43 से अधिक लोगों को विक्रय किया गया। इसके अतिरिक्त आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं निम्न आय वर्ग के लिए नियमानुसार भूमि आरक्षित नहीं की गई तथा बिना अनुमति सड़क, नाली एवं भवन निर्माण कर अवैध कॉलोनी विकसित की गई।

इस संबंध में तहसीलदार दुर्ग द्वारा पत्र क्रमांक दिनांक 01 दिसंबर 2025 के माध्यम से आयुक्त नगर निगम दुर्ग को जानकारी दी गई। मामले के संज्ञान में आते ही आयुक्त नगर निगम के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं निगम के सब-इंजीनियरों की टीम द्वारा मौके पर जांच कर पंचनामा तैयार किया गया।

जांच उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 396 सहपठित जुर्म धारा 292 (ग) के तहत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दुर्ग के न्यायालय में आपराधिक परिवाद प्रस्तुत किया गया, जिस पर आपराधिक प्रकरण क्रमांक 580/2026 पंजीबद्ध किया गया है। प्रथम दृष्टया अपराध प्रमाणित पाए जाने पर न्यायालय द्वारा अगली सुनवाई की तिथि 10 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।

नगर निगम दुर्ग की ओर से प्रकरण में अधिवक्ता जय प्रकाश साहू द्वारा पैरवी की जा रही है। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध कॉलोनी निर्माण एवं प्लाटिंग के विरुद्ध आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

न्यूज गैलरी

टीचर ने बाथरूम में लगाई आग, मौत

भिलाई। जिले के सेक्टर-8 में मंगलवार शाम एक 50 वर्षीय महिला की बाथरूम में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान रजनी देवांगन के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी और छ्ष्स्क्ससमेत फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि, रजनी देवांगन ट्यूशन पढ़ाती थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी। उनका बेटा डॉक्टर है, जबकि बेटी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। जब परिजनों को काफी देर तक कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा। वहां बाथरूम में महिला की लाश मिली। घटना स्थल पर बाथरूम का प्लास्टिक का दरवाजा जला मिला। इसके अलावा अंदर माचिस की एक तीली भी नजर आई है। इन परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस इसे संदिग्ध मान रही है। हालांकि अभी तक मौत के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है।

राजपत्रित-अराजपत्रित अधिकारियों की मंगलवार व बुधवार उपस्थिति अनिवार्य

दुर्ग। राज्य शासन ने अधिकारियों की कार्यालयीन उपस्थिति एवं क्षेत्र भ्रमण को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शासन के अनुसार विभिन्न विभागों के अधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण एवं दौरा के कारण कार्यालयीन कार्य प्रभावित हो रहे थे तथा आम जनता से भेंट के समय में अनियमितता हो रही थी जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी अब प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को अनिवार्य रूप से अपने-अपने मुख्यालय एवं कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। वहीं क्षेत्रीय निरीक्षण, फील्ड विजिट एवं अन्य बाह्य कार्यों के लिए केवल गुरुवार एवं शुक्रवार निर्धारित किए गए हैं। अधिकारियों को अपने दौरा कार्यक्रम इसी समयावधि में तय करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष परिस्थितियों जैसे कानून-व्यवस्था, अत्यावश्यक शासकीय कार्य अथवा वरिष्ठ कार्यालय द्वारा आहूत बैठकों की स्थिति में ही इस समय-सारणी में परिवर्तन मान्य होगा। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार का उल्लंघन अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना जाएगा।

बेदखली अधिनियम के तहत अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त

दुर्ग। छत्तीसगढ़ लोक परिसर (बेदखली) (संशोधन) अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अधिनियम की धारा-9 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिलों के कलेक्टरों को इस अधिनियम के प्रयोजन हेतु अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार दुर्ग जिले के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह को अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

बड़े बकायेदारों पर निगम का शिकंजा, पांच नल कनेक्शन काटे

दुर्ग। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर राजस्व विभाग बड़े बकायेदारों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के पूर्व शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने निगम पूर्ण रूप से सक्रिय है। राजस्व विभाग अमले द्वारा आज बकाया कर नहीं चुकाने वाले बड़े बकायेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पांच नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। निगम ने स्पष्ट किया है कि बकाया कर जमा नहीं करने की स्थिति में आगे भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। अमरीका बाई केलाबाड़ी वार्ड 41, पुष्पा यादव जनता क्वार्टर पदमनाभपुर वार्ड 46, हरक राम नेताम जनता क्वार्टर पदमनाभपुर वार्ड 46, ईश्वर सिंह सिविल लाइन रायपुर नाका वार्ड 48, ज्ञानचंद, सिविल लाइन रायपुर नाका वार्ड 48 सभी के विरुद्ध कर बकाया होने के कारण नल कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई की गई है। इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव, रामखिलावन शर्मा, रुपेश नायक एवं राजदीप कसार एवं धनवर्धन चंद्राकर सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

सलाखों के पीछे मां के साथ रहेगा मासूम, दुर्ग के मोहन नगर थाने का मामला

चोरी का सोना चुराया, प्रेग्नेंट हेड कॉन्स्टेबल को जेल, नौकरी गई, बच्चे को दिया जन्म

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में एक महिला हेड कॉन्स्टेबल ने कार्रवाई के दौरान चोरी का 8 तोला सोना चुराकर अपने पास रख लिया था। जांच में दोषी पाए जाने के बाद मोनिका गुप्ता को सजा हुई। जिसके बाद से वह फरार चल रही थी। 2 फरवरी 2026 को जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो मेडिकल जांच में पता चला कि वह 9 महीने की प्रेग्नेंट है, तब जेल में ही उसे मेडिकल की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। 10 फरवरी 2026 को मोनिका ने जिला अस्पताल में एक बेटे को जन्म दिया है। मामला मोहन नगर थाना इलाके का है। अब नवजात मासूम को भी अपनी मां के साथ जेल में रहना होगा। हालांकि, बच्चे का कोई कसूर नहीं है, लेकिन मां के साथ उसे भी जेल में सजा काटनी पड़ेगी। महिला के 2 और बच्चे हैं, जो मां के बिना रहेंगे। मोनिका की कोर्ट से जमानत याचिका भी खारिज हो चुकी है। भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश के मुताबिक, मामला 4 जुलाई 2022 का है, जब दुर्ग के सिंधिया नगर निवासी सोनाली द्विवेदी के घर से सोने के गहनों की चोरी हुई थी। शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी प्रधान आरक्षक मोनिका गुप्ता को सौंपी थी। जांच के दौरान पुलिस ने 30 जून 2023 को आरोपी पीतांबर राव को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से करीब 79 ग्राम (करीब 8 तोला) सोने की ज्वेलरी और सिक्का बरामद किए गए थे। जब्त माल थाने के मालखाने में जमा होना था, लेकिन मोनिका ने इसे जमा करने के बजाय अपने पास रख लिया। जब पीड़िता ने कोर्ट के जरिए अपनी ज्वेलरी लेने के लिए आवेदन किया और थाने पहुंची, तब पता चला कि, जब्त जेवर मालखाने में जमा ही नहीं कराए गए हैं। सीनियर अधिकारियों ने मोनिका को जेवर लौटाने के निर्देश दिए, लेकिन उसने वापस नहीं किए।

पहले भी विवादों में रही है मोनिका

मोनिका गुप्ता का कार्यकाल पहले भी विवादों में रहा है। अगस्त 2024 में छावनी थाने में उसके खिलाफ नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था। इस तरह बार-बार क्राइम करने पर उसे पुलिस विभाग ने 2025 में बर्खास्त कर दिया था। बताया जाता है कि महिला पर कर्ज था। उसने मार्केट से लाखों रुपए उठाए थे। चोरी का सामान वापस होने तक अब वह जेल में ही रहेगी।

गिरफ्तारी के समय 9 महीने की गर्भवती थी

मार्च 2025 में मोनिका के खिलाफ साक्ष्य छुपाने व अमानत में खयानत की धाराओं में अपराध दर्ज की गई। इसके बाद से वो फरार चल रही थीं, जिसे 2 फरवरी 2026 को जांच के बाद गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जेल प्रशासन के अनुसार, 9 महीने की गर्भवती होने के कारण उसका इलाज और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

ट्रक ने युवक को कुचला, गाय से टकराकर गिरे बाइक सवार

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में बाइक सवार युवक गाय से टकराकर अचानक सड़क पर गिर गया। बगल से गुजर रहे ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसका सिर बुरी तरह कुचल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठे युवक की जान बाल-बाल बची। घटना पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के उमदा रोड पर हुई है। यह हादसा पास में लगे छ्ष्टञ्जङ्क कैमरे में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मृतक की पहचान सुरडुंग निवासी निलेश कुर्रे के रूप में हुई है। दूसरा युवक घायल है। जानकारी के मुताबिक नीलेश कुर्रे और उसका दोस्त भीमा उमदा शराब भट्ठी से शराब पीकर घर लौट रहे थे। यह घटना सोमवार दोपहर 3 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सड़क पर अचानक एक गाय आ गई। बाइक सवार युवक गाय से टकरा गए और संतुलन बिगड़ने से दोनों सड़क पर गिर गए। इसी दौरान बगल से गुजर रहे ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में पीछे बैठा युवक आ गया। युवक का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छ्ष्टञ्जङ्क फुटेज में देखा जा सकता है कि, गाय से टकराने के बाद बाइक सवार सड़क पर गिरते हैं और ट्रक के नीचे आ जाते हैं।

शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

इस मामले में पुरानी भिलाई थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि घायल युवक को प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। फिलहाल, पुलिस अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

दुर्ग एसएसपी की क्राइम कंट्रोल को लेकर मीटिंग

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में अपराध नियंत्रण को मजबूत करने और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस कंट्रोल रूम में थाना प्रभारियों औक राजपत्रित अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। क्राइम मीटिंग में जांच की गुणवत्ता, लंबित मामलों की स्थिति, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, प्रशासनिक अनुशासन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल ने अधिकारियों को 16 बिंदुओं पर काम करने के निर्देश दिए। गंभीर और संवेदनशील अपराधों में त्वरित, निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। क्राइम मीटिंग में एसएसपी ने आदतन अपराधियों, निगरानी बदमाशों, फरार वारंटियों पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। अवैध हथियार, मादक पदार्थ, जुआ-सट्टा जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में थाना प्रभारियों को प्रतिदिन थाना गणना उपस्थित सुनिश्चित करने, स्थानीय जन-शिकायतों का त्वरित निराकरण, गंभीर अपराधों की सूचना समय पर अधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए।

शंकराचार्य महाविद्यालय में मनाया सेफर इंटरनेट डे

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई में सेफर इंटरनेट डे 2026 के अवसर पर साइबर जागरूकता एवं डिजिटल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं नैतिक उपयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम विशेष रूप से बी.एड. एवं डी.एल.एड. छात्रों (भावी शिक्षको) के लिए आयोजित किया, ताकि वे डिजिटल युग की चुनौतियों को समझ सकें और विद्यालयी छात्रों को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकें। यह कार्यक्रम गीक्सफॉरगीक्स कम्युनिटी चैप्टर भिलाई के सहयोग से आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अर्चना झा ने आयोजन समिति भिलाई के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि 'साइबर जागरूकता कार्यक्रम आज की आवश्यकता हैं। डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव, डीन (शैक्षणिक) ने सेफर इंटरनेट डे के अंतरराष्ट्रीय महत्व पर कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने चाहिए। जिससे डिजिटल रूप से जागरूक समाज का निर्माण हो सके।

पीएम आवास योजना में 325 अपात्र हितग्राहियों की सूची पर दावा-आपत्ति

दुर्ग/नवप्रदेश। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत दुर्ग जिले में अपात्र पाए गए हितग्राहियों की सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। जिले की स्थायी प्रतीक्षा सूची 2011, आवास प्लस सूची 2018 एवं सीएम आवास योजना ग्रामीण की सूची में शामिल ऐसे हितग्राही, जो विभिन्न कारणों से अपात्र पाए हैं। उनकी सूची को संबंधित ग्रामसभा एवं जिला स्तरीय अपीलीय समिति के अनुमोदन के पश्चात विलोपित किया जाना प्रस्तावित है। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत दुर्ग जिले में पीएम आवास योजना-ग्रामीण की स्थायी प्रतीक्षा सूची के 82, आवास प्लस सूची के 108 तथा सीएम आवास योजना-ग्रामीण की सूची के 135 इस प्रकार कुल 325 अपात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की गई है। उक्त सूची को दावा-आपत्ति हेतु प्रकाशित किया गया है। प्रकाशित सूची का अवलोकन वेबसाइट पर करें।

एसएमएस 3 में संविदा महिला श्रमिकों के सशक्तिकरण जागरुकता कार्यक्रम

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप 3 में कार्यरत संविदा महिला श्रमिकों के समग्र विकास और सशक्तिकरण के उद्देश्य से नई चेतना नामक एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, वैधानिक प्रावधानों और औद्योगिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्यस्थल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसएमएस 3 के मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा रहे। त्रिभुवन बैठा ने कहा कि स्टील मेल्टिंग शॉप 3 की प्रगति में प्रत्येक कर्मचारी और श्रमिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाओं का सशक्तिकरण संगठनात्मक विकास और सतत प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक उमाशंकर परगनिहा ने महिला श्रमिकों की सक्रिय सहभागिता को सराहा।

आयुक्त ने किए निर्माणाधीन पानी की टंकी का अवलोकन

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत राइजिंग पाईप लाइन संधारण, नवीन सीमेंटीकरण रोड सहित निर्माणाधीन पानी की टंकी का सघन निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निर्माण एवं संधारण से संबंधित कार्यो को जल्द पूर्ण कराने अधिकारियों को निर्देशित किये है। वैशाली नगर अंतर्गत शास्त्री नगर में राइजिंग पाईप लाईन लिकेज का संधारण कार्य प्रगति पर है, जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया।

नागरिको को जल्द पेयजल आपूर्ति हो, इस हेतु संधारण कार्य शीध्र कराने निर्देशित किये है। बी.एम.शाह अस्पताल के बगल में नागरिको की सुविधा हेतु नवीन सीमेंटीकरण रोड का निर्माण किया गया है। रोड में अव्यवस्थित ब्रेकर बनाया गया है, जिसे तत्काल हटाने कहा गया है। रोड निर्माण पश्चात स्थानीय नागरिक द्वारा अपने घर के सामने रेलिंग लगाकर घेरा किया गया है। सड़क बाधा को देखते हुए 2 हजार की चालानी कार्यवाही करते हुए तत्काल घेरा हटाने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने रामनगर आजाद चौक दशहरा मैदान में निर्माणाधीन पानी टंकी का जायजा लिये।

निर्माणकर्ता एजेंसी को कार्य जल्द ही पूर्ण कराने निर्देशित किये है। इस टंकी के निर्माण से हजारों परिवारों को पर्याप्त पेयजल की सुविधा मिलेगी। निरीक्षण में सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

2 हजार जुर्माना

रोड में अव्यवस्थित ब्रेकर बनाया गया है, जिसे तत्काल हटाने कहा गया है। रोड निर्माण पश्चात स्थानीय नागरिक द्वारा अपने घर के सामने रेलिंग लगाकर घेरा किया गया है। सड़क बाधा को देखते हुए 2 हजार की चालानी कार्यवाही करते हुए तत्काल घेरा हटाने के निर्देश दिये है।

दुर्ग में तैयार हो रहे स्मार्ट स्कूल: स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया टेक्निकल टीम के साथ निरीक्षण

दुर्ग के 11 स्कूल बनेंगे स्मार्ट और 10 शालाओं में लगेगी स्मार्ट क्लास

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। क्षेत्र के कुल 21 शासकीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की जा रही है, जिनमें से 11 विद्यालयों को पूर्णतः स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चे अब स्मार्ट बोर्ड, कंप्यूटर, इंटरनेट एवं डिजिटल कंटेंट के माध्यम से आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की आज दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के उरला, तितुरडीह एवं शक्तिनगर स्थित शासकीय विद्यालयों में तैयार हो रहे स्मार्ट क्लास एवं स्मार्ट स्कूल का निरीक्षण किया। शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय विद्यालयों में डिजिटल तकनीक आधारित आधुनिक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में स्मार्ट स्कूल और स्मार्ट क्लास की पहल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं भविष्य उन्मुख शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हो रही है। प्रदेश सरकार स्पष्ट संकल्प है कि शासकीय विद्यालयों का शैक्षणिक वातावरण, संसाधन एवं अधोसंरचना निजी शिक्षण संस्थानों के समकक्ष विकसित हों, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग के बच्चों को समान अवसर और उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध हो सके। सीएसआर मद से हाई-टेक एजुकेशन सिस्टम के माध्यम से अब शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी आधुनिक संसाधनों, डिजिटल कंटेंट एवं नवाचार आधारित शिक्षण प्रणाली से जुड़कर सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रदेश के शैक्षणिक भविष्य को नई गति मिलेगी।

स्मार्ट स्कूल होंगे हाई टेक गणित लैब

स्मार्ट स्कूल में पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक डिजिटल तकनीक, जैसे स्मार्ट बोर्ड, कंप्यूटर, इंटरनेट, टैबलेट्स का उपयोग के साथ ही आधुनिक गणित लैब। यहाँ सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाने के लिए एनिमेटेड वीडियो, 3डी सिमुलेशन और वर्चुअल क्लासरूम का सहारा लिया जाता है, जिससे शिक्षा अधिक इंटरैक्टिव और व्यक्तिगत हो जाती है। स्मार्ट क्लास में होंगे स्क्रीन टच पैनल, दिवाल पर प्रिंट रिच वातावरण जिससे बच्चों को विषय की पूरी जानकारी मिल सके।

ये स्कूल बनेंगे स्मार्ट क्लास

1. शासकीय उच्च. माध्य. विद्या. उरला
2. शासकीय उच्च. माध्य. विद्या. बघेरा
3. स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्य. विद्या. दीपक नगर दुर्ग
4. स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्य. विद्या. तितुरडीह नगर दुर्ग
5. शास. क. उच्च. माध्य. विद्या. दुर्ग
6. बी.आर.जे. शास. क.उच्च. माध्य. विद्या. दुर्ग
7. शास. चन्द्रशेखर आजाद उच्च. माध्य. विद्या. पंचशील नगर दुर्ग
8. शास. महात्मा गाँधी उच्च. माध्य. विद्या. दुर्ग
9. स्वामी आत्मानंद जे.आर.डी. मल्टीपरपस हि. माध्य. विद्या. दुर्ग
10 स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोरसी दुर्ग
11 सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह दुर्ग

इनमें लगेगी स्मार्ट क्लास

1. शास. हाई स्कूल सिकोलाभाठा दुर्ग
2. शास. पूर्व माध्य. विद्या. शक्ति नगर दुर्ग
3. शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा दुर्ग
4.शास. उच्च. माध्य. विद्या. तकिया पारा दुर्ग
5. शास.प्राथमिक शाला डिपरापारा दुर्ग
6. शास. प्राथमिक शाला सरदार पटेल दुर्ग
7. शास. प्राथमिक शाला लालबहादुर शास्त्री दुर्ग
8. शासकीय प्राथमिक शाला झुग्गी पारा दुर्ग
9. शासकीय प्राथमिक शाला पोटियाकला दुर्ग
10. शासकीय पूर्व माध्य. शाला बोरसीभाटा दुर्ग

सुविचार

जिंदगी में थोड़ी तपिश भी जरूरी है क्योंकि अक्सर वे पौधे मुरझा जाते हैं जिनकी परवरिश छांव में होती है

पाक और चीन को करारा झटका

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील के दौरान ही अमेरिका ने एक नक्सा जारी किया है जिसमें पाक अधिकृत कश्मीर और लद्दाख के अलावा अक्साई चीन को भारत का हिस्सा दिखाया गया है। यह नक्शा अमेरिका के युएसटीआर ने जारी किया है और इस नक्शे के जरिए भारत व अमेरिका के अंतरिम व्यापार समझौते के दायरे को समझाने की कोशिश की गई है। अमेरिका द्वारा पीओके और अक्साई चीन को भारत का हिस्सा बताया जाना पाकिस्तान और चीन के लिए करारा झटका है। गौरतलब है कि पीओके को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तथा अक्साई चीन को लेकर भारत और चीन के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। खासतौर पर पाक अधिकृत कश्मीर को लेकर भारत व पाक के बीच तलवारे खीचीं हुई है। जबकि पाकिस्तान अभी भी जम्मू कश्मीर को लेकर सारी दुनिया में हाय तौबा मचाते हुए घुम रहा है और उसने संयुक्त राष्ट्र संघ सहित अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचो पर अक्सर कश्मीर का बेसूरा राग अलावा है। जिसका भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। इस मुद्दे पर न तो भारत पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत करेगा और न ही किसी तीसरे देश का हस्तक्षेप बर्दाश्त करेगा। भारत तो अब पीओके को भीलेकर रहेगा जिसपर पाकिस्तान ने दशकों से अवैध कब्जा कर रखा है। अब अमेरिका द्वारा पीओके को भारत का हिस्सा बताये जाने से पाकिस्तान की नींद उड़ गई है। खासतौर पर पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर के लिए तो यह शर्मिंदगी की बात है जो अमेरिका से यह गुहार लगाते रहे हैं कि वह पीओके को पाकिस्तान के हिस्से के रूप में मान्यता प्रधान करें। अमेरिका ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर कर रख दिया है और अब एक बार फिर पीओके को भारत में शामिल करने की कवायद तेज हो सकती है। अमेरिका के इस रूख से पाकिस्तान और चीन की बड़ी कुटनीतिक हार हुई है जो उनके लिए गहरे सदमें से कम नहीं है। उल्लेखनीय है कि पांच साल पहले पाकिस्तान ने अपना नया राजनीतिक नक्शा जारी किया था जिसमें उसने पाक अधिकृत कश्मीर तथा लद्दाख के कुछ हिस्सों को पाकिस्तान का बताया था। इसी तरह चीन ने भी तीन साल पहले अपना नया नक्शा जारी किया था। जिसमें उसने अरूणाचल प्रदेश को तथा अक्साई चीन को अपना हिस्सा बताया था और भारत से कहा था कि वह इसे तुरंत खारी कर दे। भारत ने पाकिस्तान और चीन दोनों के ही नक्शें को नकार दिया था।

अब ओवैसी यूपी में बिगाड़ेंगे खेल

असदुदीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईए ने अब उत्तरप्रदेश में भी ताल ठोकने के संकेत दे दिये हैं। हालांकि अभी उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में लगभग दो साल का समय शेष है। लेकिन एआईएमआईए ने अभी से वहां दस्तक देने की योजना बना ली है। असदुदीन ओवैसी के छोटे भाई अकबरूद्दीन ओवैसी ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ललकारा है कि वे उत्तरप्रदेश आ रहे हैं। हालांकि छोटे ओवैसी की इस चुनौती को योगी आदित्यनाथ गंभीरता से नहीं लिया है और उनके वक्तय को हवा में उड़ा दिया है। वैसे भी योगी आदित्यनाथ जानते हैं कि ओवैसी की पार्टी उत्तरप्रदेश में भाजपा का खेल बिगाड़ ही नहीं सकती उल्टे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। बिहार विधानसभा चुनाव में इसका प्रमाण मिल ही चुका है। वहां एआईएमआईए के चुनाव लड़ने से एनडीए को ही फायदा हुआ था जिसने तीन चौथाई बहुमत हासिल कर लिया था जिबकी ओवैसी के कारण मुस्लिम वोटों का बिखराव होने से राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचा था। यदि ओवैसी उत्तरप्रदेश में भी चुनाव लड़ते हैं तो निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गणित गड़बड़ा सकता है। उत्तरप्रदेश में एआईएमआईए के उत्तरप्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने तो यह ऐलान कर दिया है कि यदि उत्तरप्रदेश में एआईएमआईए के हाथों में रिमोट कंट्रोल आएगा तो वह उत्तरप्रदेश में पहली बार एक बुर्के वाली मुस्लिम महिला को मुख्यमंत्री बनाएंगे। गौरतललब है कि एआईएमआईए ने किसी मुस्लिम को उपमुख्यमंत्री बनाने का दांव खेला था और उसे मुस्लिम दांव का भरपूर समर्थन मिला था। ऐसे में यूपी में किसी मुस्लिम महिला को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा सपा और कांग्रेस के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ राजी तेरी रजा में रहना; किसकी रजा में ? आत्मा की रजा में। अपने आत्मा से राजी रहो कि कभी गुस्सा भी आए तो अपनी आत्मा पर आए, उसी से भिड़ना, उसी से लड़ना, पटकना, मारना तो अपनी आत्मा से और आत्मा की जो पुकार है उसे सुना करो। आत्मा सिर्फआनंद चाहती है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1933 - गांधी जी के 'हरिजन वीकली' का प्रकाशन शुरू हुआ । 1942 - प्रसिद्ध समाजसेवी जमनालाल बजाज का निधन। 1944 - जर्मन सेना ने इटली के अप्रिलिया पर दोबारा क़ब्ज़ा किया। 1950 - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज राव इन्द्रजीत सिंह का जन्म। 1959 - भारतीय क्रिकेटर चीनू माकंड ने अपना आखिरी टेस्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में खेला। 1975 - मार्गरेट थैचर ब्रिटिश कंजर्वेटिव पार्टी की पहली महिला नेता चुनी गईं। 1987 - अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया। 1990 - दक्षिण अफ्रीका के अश्वेत नेता नेल्सन मंडेला 28 वर्षों बाद जेल से रिहा किये गए। 1997 - भारतीय खगोल भौतिकविद डॉ जयंत वी. नार्लीकर 1996 के यूनेस्को के 'कलिंग पुरस्कार से सम्मानित। 1998 - 'आपरेशन बीच' के तहत अंडमान के एक द्वीप में अंतरराष्ट्रीय गिरोह के छह सदस्य मारे गए और 74 गिरफ़्तार हुए। 1999 - चीन द्वारा रूस से 20 सुखोई लड़ाकू विमान खरीदने की घोषणा।

प्रेम शर्मा

आजादी के बाद हमारे संविधान निर्माताओं और नीति नियंताओं ने काफी सोच-विचार कर समाज और देश के विकास का सपना देखा था। तब हमारी गिनती एक लुटे-पिटे गरीब देशों में होती थी। आज हम विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होने का दावा करते हैं, लेकिन नैतिक तौर पर तेजी से पाताल की ओर गिरते जा रहे हैं। सबसे खास बॉत यह कि आज का दौर डिजीटल मीडिया और सोशल मीडिया का दौर है। इस दौर में सामान्य विधायक से लेकर खास विधायक सांसद, मंत्री, नेता सदन, नेता विपक्ष, स्पीकर तथा अन्य जिम्मेदारों की बॉत, हावभाव किसी ना किसी तरीके से आम जनता को देखने,सुनने मिल जाते है। उनका पक्षपात, जनता के प्रति गैरजिम्मेदारी भरा बयान या हरकत सबकुछ रिकार्ड होती रहती है इसके बावजूद सत्तापक्ष और जिस तरह जनविरोधी आचरण सदनों में कर रहा है वह भगवान तुल्य कहे जाने वाले मतदाता और आम जनता के साथ सीधे धोखा है। यानि इतना तय है कि जनता के प्रति अपनी जबाबदेही के लिए पक्ष विपक्ष अपने आप को अलग नही बता सकता।

सदनों में जनता के प्रति जनप्रतिनिधियों का रवैया

भारत में मुख्य जनप्रतिनिधियों में लोकसभा के 543 निर्वाचित सांसद और राज्यसभा के 245 (233 निर्वाचित .12 मनोनीत) सदस्य शामिल हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अलावा, राज्यों की विधानसभाओं में कुल 4,120 विधायक होते हैं। 18वीं लोकसभा (2024-2029) में कुल 543 सांसद चुने गए हैं। यानि देश का केन्द्र एवं राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वालों की संख्या कम नही है। लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष जिस तरह से सदन में जनभावनाओं से प्रेरित, देश विकास में समर्पित मुद्दों से भटककर आरोप प्रत्यारोप में सदन का वक्त जाया करने के साथ जनता की गाढ़ी कमाई बरबाद करता है वह वाकई जनता के लिए पीड़ा कारी है।

एक आकड़े के अनुसार एक घंन्टे अगर केन्द्र सरकार के सदन में हंगामा हो जाए तो 1.5 करोड़ और विधानसभाओं में लगभग 25 से 50 लाख रूपये बरबाद होते है जो जनता के टैक्स का पैसा होता है।

यह स्थिति केवल संसद में नही बल्कि विधानसभाओं में भी लगातार जारी है। एक समय था कि जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन दलगत पार्टी से हटकर जनहित में निभाते थे। अब योजनाओं पर विचार करने के बजाय कुछ ऐसे मुद्दों पर बस चल रही है। अब हमें यह कहने में संकोच होता है कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला देश है।

यह वही भारतीय संसद है जहां 1950 के दशक में एक नए सांसद अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की आलोचना पर प्रधानमंत्री जी विचलित नहीं हुए बल्कि उस युवा सांसद के पास जाकर उसके भाषण की तारीफकी और यह कह दिया कि तुम एक दिन इस देश के प्रधानमंत्री बनोगे और वही युवा सांसद अटल बिहारी वाजपेयी जब देश का विदेश मंत्री बना तो उसने देखा कि उनके कार्यालय जो साउथ ब्लॉक में स्थित था से नेहरू जी की फोटो गायब थी जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई और पंडित नेहरू की फोटो वहां पर फिर लगवा दी गई। यह वही भारत है जब 1991 में नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री बने तो उन्हें संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का पक्ष रखने के लिए अपनी पार्टी से कोई नहीं मिला तो उन्होंने नेता विपक्ष अटल बिहारी वाजपेई को जिनेवा में भारत का पक्ष रखने के लिए भेजा। आज लोकसभा और राज्यसभा से लेकर विधानसभाओं तक में बहस का स्तर इतना गिर गया है की समझ में नहीं आ रहा कि हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली कहां जा रही है।संसद और विधानसभओं में बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, बिजली और पानी की कमी, बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित मुद्दों को लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ मजबूती से उठाया जाना चाहिए।संसद में जनहित के मुद्दों पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए, लेकिन चर्चा के बजाय हंगामा और असंबंधित बातों से कार्यवाही बाधित करना पूरी तरह गलत है। सत्ता पक्ष और विपक्ष जन मुद्दों को छोड़कर एक दूसरे के चरित्र, कमजोरी लेकर जो दंगल कर रहे है वह ठीक नही

है। देश की जनता सब देख रही।

आज भारत की संसद और विधानसभाओं में हंगामा है। देश को चलाने वाले नेता एक दूसरे पर लांछन लगा रहे हैं। वे भूल रहे हैं कि लोकतंत्र को चलाना उनका दायित्व है. पहले संसद का, फिर लोकतंत्र का मखौल उड़ाकर, प्रतिष्ठा गिराकर उनका भी लाभ नहीं होगा।जनप्रतिनिधियों को सदन की गरिमा बनाए रखते हुए जनभावनाओं और जनता के विश्वास को याद रखना अनिवार्य है। उन्हें शोर-शराबे और नियोजित गतिरोध के बजाय सार्थक चर्चा और संवाद के माध्यम से व्यापक जनहित के मुद्दों का समाधान करना चाहिए। संसद और विधानसभा संवाद और विकास का मंच है, जहाँ जनप्रतिनिधियों का दायित्व जनभावनाओं को आवाज देना है, न कि व्यवधान डालना। सदनों की मर्यादा के अनुकूल आचरण करना और देश की अपेक्षाओं को पूरा करना प्रत्येक निर्वाचित सदस्य का प्राथमिक कर्तव्य है।जनकल्याण की प्रतिबद्धतारू जनप्रतिनिधियों को निर्वाचित क्षेत्र और संपूर्ण राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित रहकर कर्म करना चाहिए। अगर ये नेता लोकतंत्र की रक्षा न कर सकें तो उन्हें सार्वभौम अधिकार लेने का कोई हक नहीं. लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाना उनका मकसद नहीं होना चाहिए। संसद और विधानसभाओं में जाने वाली देश की प्रमुख पार्टियां हैं, जो बदल बदल कर सरकार चलाती हैं। उन्हें सदन में और सदन के बाहर अपने आचरण पर विचार करना चाहिए। देश में ही नहीं विदेशों में भी उनकी प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। वैसे तो राजनीति का अभिप्राय राजकाज चलाने वाली नीति से है।

इसकामकसद समतामूलक सुसभ्य समाज का निर्माण करना और देश के चहुंमुखी विकास में योगदान देना है। लेकिन दुर्भाग्य से अपने देश में राजनीति का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। यह क्षरण कहां जाकर थमेगा, पुख्ता तौर पर कोई नहीं कह सकता। यह गिरावट एक दिन में नहीं आयी है। आजादी के बाद हमारे संविधान निर्माताओं और नीति नियंताओं ने काफी सोच-विचार कर समाज और देश के विकास का सपना देखा था। तब हमारी गिनती एक लुटे-पिटे गरीब देशों में होती थी। आज हम विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होने का दावा करते हैं, लेकिन नैतिक तौर पर तेजी से पाताल की ओर गिरते जा रहे हैं। सबसे खास बॉत यह कि आज का दौर डिजीटल मीडिया और सोशल मीडिया का दौर है। इस दौर में सामान्य विधायक से लेकर खास विधायक सांसद, मंत्री, नेता सदन, नेता विपक्ष, स्पीकर तथा अन्य जिम्मेदारों की बॉत, हावभाव किसी ना किसी तरीके से आम जनता को देखने,सुनने मिल जाते है। उनका पक्षपात, जनता के प्रति गैरजिम्मेदारी भरा बयान या हरकत सबकुछ रिकार्ड होती रहती है इसके बावजूद सत्तापक्ष और जिस तरह जनविरोधी आचरण सदनों में कर रहा है वह भगवान तुल्य कहे जाने वाले मतदाता और आम जनता के साथ सीधे धोखा है। यानि इतना तय है कि जनता के प्रति अपनी जबाबदेही के लिए पक्ष विपक्ष अपने आप को अलग नही बता सकता।

एस. पी. तिवारी

वर्तमान संदर्भ में, भारतीय केंद्रीय श्रमिक संघों को, जो धीरे-धीरे अपना प्रभाव खो रहे हैं, आत्मविश्लेषण करने और अन्यत्र अपनाई जाने वाली अधिक प्रभावी और दूरदर्शी तरीकों को अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय श्रमिक को एक समग्र दृष्टिकोण के साथ संगठित किया जाना चाहिए, जो जीवन यापन में आसानी, सामाजिक सुरक्षा और सकारात्मक सहभागिता पर जोर देता हो। विवादों का समाधान टकराव के बजाय संवाद के माध्यम से करना यह सुनिश्चित करेगा कि परिचालन प्रक्रिया बाधित न हो और राष्ट्रीय विकास की गति सुचारू रूप से जारी रहे। केवल ऐसे संतुलित और व्यावहारिक रणनीतियों के जरिये ही श्रमिकों के अधिकारों को वास्तविक रूप में मजबूत और दीर्घावधि में सुरक्षित किया जा सकता है।

हड़ताल श्रमिक अधिकारों को कमजोर करती है

चार नयी श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन, भारत की विशाल श्रम शक्ति, विशेष रूप से अनौपचारिक और असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए जीवन यापन में आसानी में सुधार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन सुधारों का उद्देश्य, बिना जटिल उद्योग वर्गीकरण की बाधाओं के, सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देना है। प्रत्येक श्रमिक के लिए अनिवार्य पहचान पत्र की शुरुआत करते हुए, ये संहिताएं उन्हें सामाजिक सुरक्षा लाभों तक सीधी पहुंच की सुविधा के साथ सशक्त बनाने का प्रयास करती हैं।

नियमित और अनिवार्य स्वास्थ्य जांच, श्रमिकों की भलाई में मदद करेंगी, जिससे वे स्वस्थ और अधिक उत्पादक जीवन व्यतीत कर सकेंगे। इसके अलावा, समयबद्ध शिकायत निवारण व्यवस्था, पीड़ित श्रमिकों द्वारा सामना किए जाने वाले मानसिक तनाव और अनिश्चितता को कम करने में सहायता करेगी। समग्र रूप से, ये उपाय भारतीय श्रमिकों के लिए गरिमा, सुरक्षा और समावेशी विकास पर केंद्रित एक प्रगतिशील रूपरेखा का प्रतिनिधित्व करते हैं।

हालाँकि, इन सकारात्मक प्रावधानों के बावजूद, राजनीतिक रूप से प्रेरित केंद्रीय श्रमिक संघों (ट्रेड यूनियन) का एक हिस्सा अक्सर हड़ताल के प्रतिकूल प्रभाव पर पूरी तरह विचार किए बिना, हड़ताल पर उतर आता है। ऐसी हड़तालों से विशेष रूप से असंगठित अर्थव्यवस्था के लगभग 38 करोड़ श्रमिकों के पारिश्रमिक को भारी नुकसान होता है, जो अपनी जीविका के लिए दैनिक आय पर निर्भर होते हैं। उनके मुद्दों को हल करने के बजाय, बार-बार होने वाली हड़तालें रचनात्मक और कठोर सामूहिक सौदेबाजी की प्रक्रिया को कमजोर करती हैं, जिससे श्रमिकों और नियोक्ताओं दोनों के लिए न्यायसंगत और संतुलित परिणाम हासिल करने की संभावना कम हो जाती है।

समय के साथ, बार-बार हड़ताल बुलाने का प्रयास न केवल अप्रभावी साबित हुआ है बल्कि इसके परिणाम प्रतिकूल भी रहे हैं। बार-बार होने वाली हड़तालों से श्रमिकों में व्यापक थकान दिखाई पड़ता है, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिक ऐसे आह्वान को या तो नजरअंदाज करते हैं या उनमें शामिल नहीं होते हैं। कुछ मामलों में, श्रमिकों के एक छोटे हिस्से को उनकी इच्छा के विपरीत हड़तालों में हिस्सा लेने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे इन आंदोलनों की नैतिक वैधता व सामूहिक ताकत और कमजोर हो जाती है। अंततः, यह प्रवृत्ति श्रमिक कल्याण उपायों के समग्र प्रभाव को कम करती है और श्रमिकों के बीच एकजुटता को कमज़ोर करती है।

हड़तालों के व्यापक परिणाम केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं रहते। औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होता है, दैनिक यात्रियों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है, और सड़क किनारे के विक्रेताओं, घरेलू श्रमिकों और छोटे सेवा प्रदाताओं की आजीविका बाधित हो जाती है। इन श्रमिकों के लिए, केवल एक दिन की आय का नुकसान भी आजीविका संकट पैदा कर सकता है, उन्हें अपनी सीमित बचत को खत्म करने तथा गंभीर आर्थिक असुरक्षा में जाने के लिए मजबूर कर सकता है। भारत जैसी उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में, श्रमिक संघों (ट्रेड यूनियन) को संवाद, आपसी-बातचीत और नियोक्ताओं तथा सरकार के साथ रचनात्मक सहयोग को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्थायी सौदेबाजी और सहयोगात्मक समस्या समाधान पर आधारित एक मॉडल उत्पादन, रोजगार, और समग्र आर्थिक वृद्धि को बाधित किए बिना श्रमिकों की समस्याओं का समाधान कर सकता है। वर्तमान संदर्भ में, भारतीय केंद्रीय श्रमिक संघों को, जो धीरे-धीरे अपना प्रभाव खो रहे हैं, आत्मविश्लेषण करने और अन्यत्र अपनाई जाने वाली अधिक प्रभावी और दूरदर्शी तरीकों को अपनाने की आवश्यकता है।

भारतीय श्रमिक को एक समग्र दृष्टिकोण के साथ संगठित किया जाना चाहिए, जो जीवन यापन में आसानी, सामाजिक सुरक्षा और सकारात्मक सहभागिता पर जोर देता हो। विवादों का समाधान टकराव के बजाय संवाद के माध्यम से करना यह सुनिश्चित करेगा कि परिचालन प्रक्रिया बाधित न हो और राष्ट्रीय विकास की गति सुचारू रूप से जारी रहे। केवल ऐसे संतुलित और व्यावहारिक रणनीतियों के जरिये ही श्रमिकों के अधिकारों को वास्तविक रूप में मजबूत और दीर्घावधि में सुरक्षित किया जा सकता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बहुत बार सोचता हूँ कि हम क्या हैं ? एक अंगूठा या फिर सत्ता की भट्ठी में पड़ा एक गोबर का उपला अभी हम चुप हैं अपनी तपिश छिपाए हम गोबर गणेष नहीं हम जानते हैं उपयोगिता जलाने के बाद भी अपनी राख़ बिखेर दी जाएगी खेतों में खाद की तरह कल्लर में भी उगाएँगे अन्न या रगड़े जाने पर चमकाएंगे बर्तन काले चेहरे वाले हम जानते हैं यह भी कि तुम्हारा अंतिम सफर भी हमारे बिना पूरा न होगा उपले हैं गोबर के हम सुलगे तो जला डालेंगे

- केदार नाथ शब्द मसीहा

हसरतों की चादर पे, प्यार की सिलवटें खूब भाती है। जैसे जैसे पड़ती हैं सिलवटें, चादर सिमटती जाती है। कब एक होजाती है, चादर और सिलवटें, बिस्तर को भी आहट नही होती। बस रह जाते है,कुछ निशान, सिलवटों के चादर पर, जिसे दुनिया सृजन की , पहचान कहती है। - **अजय श्री**

महिमा भारतवर्ष की, उन्हें न आई रास । निकल रही है कलम से,जिनके आज भड़ास ।। करे लेखनी वाल पर ,द्वेषपूर्ण हर कार्य । कहलाएं साहित्य के, वे भी द्रोणाचार्य ।। ईर्ष्या जिनके खून में, हरकत से मतिमंद । करने वाले कर रहे, फिर भी उन्हें पसंद।। - **रमेश शर्मा वशिष्ट**

बार-बार चाँदी के पाजेब के ऐड आ रहें, सोच रही हूँ ,बहु के लिए 2-4 पाजेब,बिछुये खरीद कर रख दूँ , नहीं तो 15- साल बाद बहु से जब भी लड़ाई होगी , बोलेगी उस समय सोने में आग लगी थी मम्मी जी, थोड़ी बहुत चांदी ही खरीद लेती। **- तनु देहलवी**

मुख्तलिफ़ ग़ज़लें जिस दिन से कहने लगा। महफ़िलों में भी तन्हा मैं रहने लगा। इन रगों में लहू खौलता है मगर अपने बच्चों की ख़ातिर मैं सहने लगा। एक हल्की किरण रौशनी की दिखी तो अँधेरों का खंडहर भी ढहने लगा। मेरे दामन में काँटे भरे लोगों ने मुस्कुराकर मैं सब दर्द सहने लगा। आँखों ने आँसुओं को इजाज़त न दी दिल के सहरा में दरिया ही बहने लगा।

- अंशु विनोद गुप्ता

अपनी दुआओं में मेरा ख्याल रखना अपने दिल की दुनिया आबाद रखना संग तुम्हारे हम रहे ना रहे मगर मेरी रूह तेरे साथ है ये याद रखना वो इब्तदाए इश्क और आगाजे हमनशीनी इन्ही यादों से सुबह - शाम सजाए रखना हर पल तुम पाओंगे मेरे लमिस का एहसास बस गोशा-ए-तन्हाई में मुझे तुम याद रखना...

- डेज़ी जयसवाल

21 वीं सदी में गोपनीयता जहां है वहीं कुछ गड़बड़ है, पारदर्शिता ही स्वच्छ व्यवहार है...समय के साथ सारे रहस्य खुल जाते है। प्रद्बु जैसी तकनिक की क्षमता अद्भुत ही है, आप्टिकल लेजर आधारित,स्टारलिंक हाई स्पीड प्रोवाइडर नेटवर्क के साथ है ही....विकसित देश इस तकनिक का बढ़िया उपयोग कर रहे है।

- पोखराज शर्मा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : दिन के प्रारंभ में आप पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे। अपने आगे किसी की नही चलने देंगे जिस वजह से हानि संभावित रहेगी। कार्य व्यवसाय की गति भी धीमी रहेगी। घरेलू आवश्यकता पूर्ति करने में असमर्थ अनुभव करेंगे।

वृषः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। प्रातः काल किसी योजना के पूर्ण होने से धन आगम होगा। आज दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी कार्य भी समय से पूर्ण होंगे लेकिन यात्रा का मन बनने से आवश्यक कार्य मे बदलाव करना पड़ेगा।

मिथुनः आज धन की प्राप्ति जितनी सुगम रहेगी खर्च भी उतनी ही जल्दी हो जाएगा। खर्चो पर नियंत्रण ना रहने से आर्थिक उलझने बनेगी।

कर्कः आज दिन का पूर्वार्ध व्यस्तता से भरा रहेगा। व्यवसायी एवं नौकरी वाले लोग अपूर्ण कार्य पूर्ण करने का भरपूर प्रयास करेंगे फिर भी कुछ कार्य अधूरे रह सकते है।

सिंहः आज आपकी दिनचर्या आर्थिक कारणों से उथल-पुथल रहेगी। धार्मिक कार्यो में रुचि रहने पर भी एकाग्रता की कमी रहेगी कार्यो को बेमन से करने के कारण आरम्भ करने से पहले ही सफलता के प्रति आशंकित रहेंगे।

कन्याः आज का दिन भी शुभ फलो की प्राप्ति कराएगा। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध वाले स्वभाव पर अंकुश लगाएं प्रेम संबंध में खटास बनेगी। कार्य क्षेत्र पर सहकर्मी अथवा अन्य लोगो के आश्रित रहना पड़ेगा फिर भी जरूरत के अनुसार लाभ अवश्य हो जायेगा।

तुलाः आज का दिन भी आप सुख शांति से व्यतीत करेंगे। कार्य व्यवसाय में छोटी-मोटी बाधाएं आती रहेंगी लेकिन आप इनकी परवाह नही करेंगे।

वृश्चिकः आज आप दिन भर मन ही मन खयाली पुलाव पकाएंगे इनको सार्थक बनाने के लिए कोई ना कोई अभाव बाधा डालेगा। संध्या पश्चात मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे।

धनुः आज के दिन आपको प्रत्येक कार्यो में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। दोपहर तक दिनचर्या सामान्य रहेगी। जोड़ तोड़ करके कार्य चलते रहेंगे।

मकरः आज का दिन आपको लगभग सभी कार्यो में सफलता दिलाएगा जहां असफल होंगे वहां कारण किसी अन्य की दखलंदाजी रहेगी। महिलाये कार्य बोझ के कारण चिड़चिड़ी रहेंगी।

कुंभः आज का दिन आपको सरकारी पक्ष से लाभ कराएगा आर्थिक स्थिति भी पहले से ज्यादा बेहतर रहेगी। खर्च भी अनावश्यक रहेंगे दिखावे पर ज्यादा खर्च करेंगे।

मीनः आज के दिन आपके मन मे कुछ ना कुछ उधेड़-बुन लगी रहेगी। किसी बड़े कार्य को करने की योजना बनाएंगे लेकिन आर्थिक कारणों से पीछे हटना पड़ेगा।

QUIZ TIME

1) भारत की पहली समुद्री तट-वाडर्स पक्षी जनगणना किस स्थान पर आयोजित की गई थी?

2) हाल ही में भारतीय स्किमर पक्षी तेलंगाना में किस बांध पर देखे गए, जो राज्य के लिए पहली बार है?

3) किस संस्थान ने दर्द रहित इंजेक्शन के लिए सुई रहित शॉक सिरिंज विकसित की है?

4) गुप्त काल के दौरान चिकित्सा के क्षेत्र में अपने कार्य के लिए कौन प्रसिद्ध है?

5) हिटेश गुलिया ने ब्राजील में विश्व मुक्केबाजी कप 2025 में कौन सा पदक जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कोरिंगा वन्यजीव पार्क, आंध्रप्रदेश (2) निजाम सागर बांध (3) आईआईटी बॉम्बे (4) सुश्रुत (5) स्वर्ण

पहेली

शब्द सामर्थ्य -312

न्यूज गैलरी

युवक ने महिला के साथ की मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को पद्मा पटेल (45) ने बताया कि 8 फरवरी की रात करीब 9 बजे आदिल अमान नशे में उसके घर आया और गाली गलौज कर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296 के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

कार से शराब ले जाते दो पकड़ाया

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने शराब के अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि सुअरमाल चौक स्कूल के पास अमनपुरी चौकी टुहलू थाना कोमाखान निवासी भोला महानंद (30) और नरेंद्र यादव (26) से 23 पौवा अंग्रेजी शराब (कीमत 3680 रुपए) तथा एक कार बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

रोजगार प्लेसमेंट कैंप आज व कल

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुंद द्वारा शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11- 12 फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 11 फरवरी को रोजगार कार्यालय परिसर, मचेवा (महासमुंद) में तथा 12 फरवरी को जनपद पंचायत बागबाहरा में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित होगा। कैम्प में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी।

दो लाख रुपये प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत

महासमुंद/नवप्रदेश। दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दुर्घटना में मृतक के परिजन को हुए अपहानि को ध्यान में रखते हुए दो लाख रूपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में ग्राम लोहारडीह निवासी नेहरू यादव की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी माता श्रीमती शिखा यादव को दो लाख रुपये की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर ने दो मृतक के परिवार को दी 8 लाख की आर्थिक सहायता

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 2 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मुनगासेर के मृतक मनीष बरिहा की माता श्रीमती नर्मदा बरिहा के लिए एवं आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कोल्दा के मृतक सदानंद चक्रधारी की पत्नी श्रीमती गायत्री चक्रधारी के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

धारदार वस्तु से वार दो पर अपराध दर्ज

महासमुंद। मारपीट और गाली गलौज के मामले में बलौदा पुलिस ने दो के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। अमित साहू ने पुलिस को बताया कि 8 फरवरी की शाम 6.30 बजे वह पैदल अपने घर से खोखेपुर पुल तरफ गया, तो देखा शेखर महापात्र अपने साथी वरूण तिवारी ऊर्फ भोला के साथ पुल के नीचे बैठा था। जिस पर उन्होंने पूछा कि मेरे पिताजी के साथ तुमने गाली गलौज क्यों की थी। इस पर दोनों ने एक राय होकर गाली गलौज कर अमित पर धारदार वस्तु से वार कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

राजिम कुंभ में गूंज रही निरंजन साहू की आवाज

राजिम/नवप्रदेश। माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलने वाले राजिम कुंभ महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कवि एवं एंकर निरंजन साहू ठहाका की आवाज 21वें बरस भी गूंज रही है। उद्घोषकों के समूह में वह सबसे वरिष्ठ है। सन् 2005 से अब तक लगातार मुख्य सांस्कृतिक मंच में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एंकरिंग कर रहे हैं। धमतरी जिला के बिरेझर निवासी निरंजन साहू वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जी-

जामगांव में अंग्रेजी विषय के वरिष्ठ व्याख्याता हैं। उनकी ज्यादातर रचनाएं हास्य व्यंग्य से भरी हुई है। उन्हें 2010 में ठहाका सम्मान मिला। तब से पूरे छत्तीसगढ़ में उन्हें ठहाका कवि के उपनाम से जाना जाता है। हालांकि उनकी रचना संसार विस्तृत है। वह देश प्रेम और ओज के भी सिद्धहस्त कवि हैं। हिंदी और छत्तीसगढ़ी दोनों भाषाओं में कविताएं लिखते हैं। प्रसंग एवम् विधा के अनुरूप एंकरिंग करते हुए शेरो - शायरी बना लेने में उन्हें महारत हासिल है। अपने ओजस्वी वाणी से कलाकारों में पूरा ऊर्जा भर देते हैं, तो महफिल को भी रोमांचित कर देते हैं। मुख्य सांस्कृतिक मंच में प्रदेश के छोटे कलाकार से लेकर देश के बड़े कलाकार तक अपनी प्रस्तुति देने आते हैं। ऐसी स्थिति में इस वृहद मंच को संभालना भी बड़ी बात है।

छग सीमा से पकड़ा गया सागौन चिरान, वाहन जब्त

महासमुंद। बागबाहरा परिक्षेत्र अंतर्गत उड़ीसा सीमा पर स्थित अंतर्राज्यीय वनोपज जाँच नाका टेमरी में वन अमला ने सागौन परिवहन करते एक वाहन को जब्त किया। जाँच के दौरान महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक आर जे 19 एच 5254 को रोका गया। वाहन चालक ने प्रस्तुत ट्रांजिट पास आम की लकड़ी के परिवहन हेतु जारी पाया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)
अमलीडीह पानी टंकी , रायपुर
Email ID - rmczone10@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 26369 दिनांक 28.01.2026
वार्ड का नाम- 56 - ले. अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446F00640** जो की निगम अभिलेख श्री **NAVKAR ASSOCIATE DWARA PRASHANT NAGWANI** पिता / पति श्री/ श्रीमती **S/O HARJAS RAM** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **BRAJESH KUMAR DAMMANI** पिता /पति श्री/श्रीमती **S/O VINOD KUMAR DAMMANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)
अमलीडीह पानी टंकी , रायपुर
Email ID - rmczone10@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 26362 दिनांक 28.01.2026
वार्ड का नाम- 56 - ले. अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446F00645** जो की निगम अभिलेख श्री **GOLDEN TRADE CENTER** पिता / पति श्री/ श्रीमती ...... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **GAURAV DAMMANI** पिता /पति श्री/श्रीमती **S/O SHRI KUMAR DAMMANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)
अमलीडीह पानी टंकी , रायपुर
Email ID - rmczone10@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 26370 दिनांक 28.01.2026
वार्ड का नाम- 56 - ले. अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446F00641** जो की निगम अभिलेख श्री **GOLDEN TRADE CENTER** पिता / पति श्री/ श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **BRAJESH KUMAR DAMMANI** पिता /पति श्री/श्रीमती **S/O VINOD KUMAR DAMMANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)
अमलीडीह पानी टंकी , रायपुर
Email ID - rmczone10@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 26366 दिनांक 28.01.2026
वार्ड का नाम- 56 - ले. अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446F00651** जो की निगम अभिलेख श्री **NAVKAR ASSOCIATE DWARA PRASHANT NAGWANI** पिता / पति श्री/ श्रीमती **S/O HARJAS RAM** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **GAURAV DAMMANI** पिता /पति श्री/श्रीमती **S/O SHRI KUMAR DAMMANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत, **भवनों में से फ्लैट क्रमांक एल.आई.जी.-41/485 प्रथम तल में श्री योगेश मांजरखेडे पिता स्व. श्री शंकर राव मांजरखेडे** को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 03.07.2007 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट के विक्रय हेतु दिनांक 02.01.2026 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट **श्री अमित कुमार तिवारी पिता श्री सूर्य प्रसाद तिवारी** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर,
रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ0ग0)
(जल जीवन मिशन)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य- पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां.विभाग रायपुर छ0ग0 के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। **ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तो के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें।** आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है -
आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है -(**Risk & Cost**)

क्र.	निविदा क्रमांक /दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम	कार्य की लागत (रू.लाख)	निविदा कॉल	अमानत राशि (रू. में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	103/09.02.2026	**185169**	BHOPAL PATANAM	MARRIMALLA	5.54	1st Call	5000/-
2	104/09.02.2026	**185325**	BHAIRAMGARH	POREWADA	16.51	1st Call	12383/-

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक Bid due date **27.02.2026** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि Bid start date **09.02.2025** से है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

जी- 252606590/4

प्रारूप "ख"
छत्तीसगढ़ सिनेमा (विनियमन) नियम, 1972 के नियम 4 के अधीन सूचना

चूंकि श्री फार्म प्रयास अमल आत्मज रामानंद चौबे आयु 68 निवासी 16 अमलतास क्लासिक सेल्स टैक्स कालोनी खम्हारडीह रायपुर (छत्तीसगढ़) तहसील धमतरी जिला धमतरी में श्री फार्म प्रयास अमल पिता रामानंद चौबे की भूमि पर जो खसरा 165/41 क्रमांक रकबा 0.5360 हेक्टेयर वार्ड अंबेडकर वार्ड की है तथा नीचे दिए गए रूप में सीमाबद्ध है पर स्थायी सिनेमा लगाने के संबंध में अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने के लिए मुझे आवेदन किया है।

उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर आपत्ति लिखित में मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
एवं जिला दण्डाधिकारी धमतरी

कार्यालय जोन क्रमांक-3 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 65/न.पा.नि./जोन-03/2025-26 रायपुर, दिनांक 10.02.2026

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है -
01. निविदा प्रपत्र हेतु आवदेन तिथि - 25.02.2026 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 26.02.2026 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 03.03.2026 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 05.03.2026 कार्यालयीन समय 12:00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ. आर. का विवरण	समया वधि	मद
1	शंकर नगर वार्ड क्र. 30 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में स्थापित नलकूपों के पॉवर पम्पों एवं मोटर पम्पों को निकालकर, सुधारकर पुनः स्थापित करने का कार्य।	3.52	4000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.एच. ई. दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर)	06 माह	संधारण मद
02	जोन क्रमांक-03 अंतर्गत आने वाले महापुरूषों की जयंती/पुण्यतिथि हेतु फुल-हार (माल्यार्पण) आदि की व्यवस्था करने का कार्य।	3.85	4000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'स' (नॉन एस. ओ.आर)	12 माह	संधारण मद
03	कालीमाता वार्ड क्र. 12 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में स्पीड ब्रेकर लगाने का कार्य।	3.94	4000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'स' (नॉन एस. ओ.आर)	03 माह	संधारण मद
04	कालीमाता वार्ड क्र. 12 अंतर्गत कुष्ठ बस्ती तरूण नगर स्थित तालाब में शेड निर्माण, पचरी संधारण एवं अन्य आवश्यक कार्य।	7.71	8000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी. डब्लयू. डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर)	04 माह	सामान्य मद

1. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।
2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में जोन क्रमांक- 03 नगर पालिक निगम, रायपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
4. कार्यालय में निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात् विलम्ब से प्राप्त होने वाले निविदाओं में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
5. शासकीय अवकाश या आकस्मिक अवकाश की स्थिति में तिथि व समय में परिवर्तन का अधिकार जोन आयुक्त के पास सुरक्षित होगा।
6. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
7. संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ई-मेल आई.डी. datacenter.uad.cg@nic.in आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
8. उक्त निविदा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट nagarnigamraipur.nic.in में देखी जा सकती है।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) देवें ।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-03, नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, पखांजुर
जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)
Email- mandi104pakhanjur@gmail.com

क्रमांक / मंडी / निर्माण / निविदा आ.सू./2025-26/518 **पंखाजूर, दिनांक 09.02.2026**

-:: मैन्युवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना ::-

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति पखांजूर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) में निम्न दर्शित कार्य के लिये कार्य के सम्मुख दर्शित लागत/पंजीयन श्रेणी अनुसार छ.ग. शासन के एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारो से लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015/ विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एवं इस निविदा जारी दिनांक तक संशोधित एस.ओ.आर. अनुसार मुहरबंद निविदाएँ प्रपत्र-अ (प्रतिशत दर) में तीन लिफाफा पद्धति से कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, पखांजूर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में दिनांक 13.03.2026 (कार्यालयीन समय संध्या 5.00 बजे) तक केवल पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 06.03.2026 (संध्या 05.00 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 13.03.2026 (संध्या 05.00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र खोले जाने की निर्धारित तिथि - 14.03.2026 (दोपहर 02.00 बजे)

क्र.	कार्य का नाम एवं स्थल	अनुमानित लागत एस.ओ.आर. पर (रू.लाख में)	ब्याने की राशि रू.(FDR में)	समयावधि (वर्षा ऋतु सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	पंजीयन की श्रेणी	एस.ओ.आर विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मुख्य मंडी प्रागंण पखांजुर में 1000 मे. टन गोदाम मरम्मत कार्य।	9.96	10000.00	04 माह	1000/-	डी एवं उच्च श्रेणी	लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015 / विद्युत दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची अनुसार
2	मुख्य मंडी प्रागंण पखांजुर में 200 मे. टन गोदाम मरम्मत कार्य।	3.20	3500.00	03 माह	1000/-		
3	मुख्य मंडी प्रागंण में 02 नग कव्हर्ड शेड मरम्मत कार्य।	8.03	8000.00	04 माह	1000/-		
4	उप मंडी प्रागंण अन्तागढ़ में 200 मे. टन गोदाम मरम्मत कार्य।	2.90	3000.00	03 माह	1000/-		
5	उप मंडी प्रागंण अन्तागढ़ में ऑफिस कम गोदाम मरम्मत कार्य।	2.73	3000.00	03 माह	1000/-		
6	उप मंडी प्रागंण अन्तागढ़ में 03 नग कव्हर्ड शेड मरम्मत कार्य।	1.60	2000.00	03 माह	1000/-		
7	मुख्य मंडी प्रागंण पखांजुर में वर्तमान कार्यालय भवन मरम्मत कार्य एवं वाहन पार्किंग स्ट्रेण्ड निर्माण कार्य।	9.20	9500.00	04 माह	1000/-		

शर्ते :- 1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये वैध पंजीयन, जी.एस.टी. पंजीयन / जी.एस.टी क्लीयरेन्स प्रमाण पत्र, न्यूनतम 03 माह की अवधि के पूर्व का/पेन कार्ड, आवश्यकतानुसार वैध बैंक साल्वेंसी (अनुमानित लागत का 15 प्रतिशत न्युनतम मूल्य का एवं जारी दिनांक से 01 वर्ष की अवधि अंतर्गत हो/ विगत 03 वर्षो का आयकर रिटर्न अभिलेख / श्रम पंजीयन एवं संबंधित ई.पी.एफ. चालान / संस्था में कार्यरत सिविल इंजीनियर का नियुक्ति पत्र एवं संबंधित का सहमति / घोषणा पत्र/शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र) अपेक्षित उल्लेखित अभिलेखों की मूल प्रति अवलोकनार्थ प्रस्तुत उपरान्त निविदा प्रपत्र जारी योग्य पाये जाने पर प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र दिनांक 06.03.2026 तक कार्यालयीन समय अंतर्गत 5:30 बजे शाम तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। 2. अमानत की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर./टी.डी.आर./ डाक विभाग द्वारा जारी एन.एस.सी. के रूप में जो कि सचिव, कृषि उपज मंडी समिति पखांजूर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर को देय होगी, ही स्वीकार्य किये जा सकेगे। 3. कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं आवश्यक अन्य शर्ते कार्यालयीन समय तक दिनांक 06.03.2026 तक देखी / प्राप्त की जा सकती है, जो कि निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग होगा एवं निर्धारित शर्तो की पूर्ति नही पाये जाने की दशा में वित्तीय ऑफर लिफाफा "सी" नही खोला जा सकेगा। 4. किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का निर्णय का अधिकार मंडी समिति/मंडी बोर्ड प्रशासन के सक्षम प्राधिकारी को सुरक्षित होगा। 5. मंडी समिति अथवा मंडी बोर्ड में कोई भी अधिकारी/कर्मचारी रिश्तेदार नहीं होने संबंधी घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा। 6. सशर्त निविदा मान्य नही की जावेगी एवं निर्माण कार्यो में प्रयुक्त खनिज समाग्रियों की देय रॉयल्टी शुल्क जमा करने की जवाबदारी संबंधित एजेंसी / संस्था की होगी। 7. मंडी समिति द्वारा किसी भी प्रकार की निर्माण समाग्री की आपूर्ति नही किया जायेगा।

(बालाराम कोर्राम)
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति, पंखाजुर
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

संवाद- 46840/2

(मोहरलाल शोरी)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति, पंखाजुर
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

बेटियों की शिक्षा समाज और राष्ट्र की सच्ची प्रगति का मार्ग : शिवरतन शर्मा

■ **शिवरतन शर्मा ने छात्राओं को वितरित की साइकिलें**

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने दत्तरेंगी एवं कोटमी में आयोजित साईकिल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए..।

उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दत्तरेंगी व कोटमी में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं।

इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि बेटियों की शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की सच्ची प्रगति का मार्ग है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार महिलाओं और बेटियों को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, पंचायत के पदाधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

शिक्षा और विकास हमारे संकल्प का आधार

शिवरतन शर्मा ने कहा, शिक्षा और विकास दोनों ही हमारे संकल्प और सेवा का आधार हैं। बेटियों को शिक्षित करना समाज को नई दिशा देना है, और हम इसी सोच के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि साइकिल मिलने से अब छात्राओं को स्कूल आने-जाने में आसानी होगी और उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। यह योजना ग्रामीण अंचल की छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। छात्राओं से संवाद कर शिवरतन शर्मा ने उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने व अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित कर बधाई व शुभकामनाएं दी।

बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विद्यालयों में किए जाएंगे शिविर आयोजित

महासमुंद। जिले में यूडाईस 2025-26 के अंतर्गत आधार से संबंधित बायोमेट्रिक अपडेट की प्रक्रिया को तेज करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 06 फरवरी 2026 की स्थिति में जिले में कुल 30,587 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है, जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाना है। इस हेतु विद्यालयों में विशेष बायोमेट्रिक अपडेट शिविर आयोजित किए जाएंगे।

न्यूज गैलरी

स्मार्ट मीटर पखवाड़ा पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हुआ जागरुकता कार्यक्रम

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड भाटापारा द्वारा राज्य भर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा 09 फरवरी से 23.फरवरी तक आयोजन किया जा रहा है। जिसके अनुसार सोमवार को भाटापारा में भाटापारा जोन कार्यालय द्वारा नाका नंबर 01 बिजली तिराहा एवं फलहारा चौक में नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे बताए गए एवं उन्हें मोबाइल ऐप के द्वारा फीडबैक दिए जाने हेतु जागरूक किया गया एवं स्मार्ट मीटर की भ्रांतियों को दूर किया गया। इसके अलावा उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर फीडबैक फॉर्म में मीटर के फायदे पर प्रश्नावली एवं सुझाव मांगे गए जिसमें उपभोक्ताओं द्वारा रुचि दिखाई गई। नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के दौरान टाटा पावर प्लस कंपनी के अधिकारी / कर्मचारी एवं भाटापारा जोन कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता पुनीत शुक्ला अपने स्टॉफ के साथ उपस्थित थे।

सुहेला क्षेत्र के युवक का मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के मेहता नगर इलाके में एक नवयुवक का शव मिला है।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्ती सोनू गायकवाड़ ग्राम पेंडरी-भटभेरा थाना सुहेला के रूप में करने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप कर प्रत्येक एंगल से जांच कर रही है।शव को देखने के पश्चात मामला हत्या कर लग रहा है।शहर थानेदार अमित पटले ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर पुलिस तफ्सीस में जुटी हुई है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय मेहता नगर इलाके में मंगलवार की सुबह मेहता नगर इलाके में एक अज्ञात युवक के शव मिलने की सूचना पर शहर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव पंचनामा कर उसकी शिनाख्त कराई।शव की पहचान सोनू गायकवाड़ ग्राम पेंडरी-भटभेरा थाना सुहेला निवासी होने का पता चलने पर उनके परिजनों से आवश्यक जांच पड़ताल कर तफ्सीस में जुट गई है।पुलिस का प्रथम दृष्टया अनुमान है कि युवक की किसी धारदार हथियार से हत्या करके मेहता नगर के क्षेत्र में लाश को फेंक दिया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिवार जनों को सौंप दिया है। घटना के संबंध में पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्रवाई जारी है। मृतक युवक की उम्र लगभग 22 वर्ष बताई जाती है। इस मामले में थाना प्रभारी पाटले ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और फिलहाल एक संदेही को पूछताछ के लिए थाने में लाया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

नगरी में गंधर्व गाड़ा समाज जयंती और सामाजिक वार्षिक सम्मेलन आज

नगरी/नवप्रदेश। गंधर्व गाड़ा समाज क्षेत्र सिहावा (नगरी) के तत्वावधान में समाज की जयंती एवं सामाजिक वार्षिक सम्मेलन (महासभा) का भव्य आयोजन 11 एवं 12 फरवरी 2026 को कनेशवर धाम (देऊरपारा) नगरी में किया जाएगा। दो दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से होगी, जिसमें समाज के महिला, पुरुष एवं युवाङ्क्युवतियां बड़ी संख्या में सहभागिता कर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं एवं संगठनात्मक मजबूती का संदेश देंगे। आयोजन समिति ने समाज के सभी बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा अध्यक्षता गंधर्व समाज क्षेत्रङ्कसिहावा (नगरी) के अध्यक्ष गणेश राम टांडेश साथ ही सम्मेलन में समाज के जिला एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि भी शामिल होकर अपने विचार रखेंगे।

परिक्षेत्र साहू समाज नगरी की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

नगरी/नवप्रदेश। परिक्षेत्र साहू समाज नगरी की कार्यकारिणी बैठक सोमवार को नगरी नगर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के आगामी वार्षिक उत्सव की रूपरेखा एवं तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर जिले में नवमनोनीत पदाधिकारियों जिला साहू संघ उपाध्यक्ष रामगोपाल साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी कुलदीप साहू का परिक्षेत्र साहू समाज के सदस्यों द्वारा गुलाल तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। बैठक में परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष बीनाराम साहू, चेलेश्वरी साहू, सचिव शेषनारायण साहू,कोषाध्यक्ष देवराम साहू, तामेश्वरी साहू, रामरतन साहू, नोहर सिंह साहू एवं नगर अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, खेमेन्द्र साहू, उदयपुर, गोवर्धन साहू, नंदकिशोर साहू, हेमराज साहू, नगर सचिव ज्वाला प्रसाद साहू, वरुण किरण साहू, अनिरुद्ध साहू, सुरेश साहू, कुंती साहू, तुलसीराम साहू, गणेशाराम साहू, विनय साहू,सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संतों के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ पुन: पाएगा प्राचीन वैभव, प्रेरणादायी राज्य बनेगा : साव

राजिम कुंभ कल्प में विराट संत समागम का भव्य शुभारंभ, डिप्टी सीएम साव हुए शामिल

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित विराट संत समागम का शुभारंभ भगवान श्री राजीव लोचन की विधिवत पूजा-अर्चना एवं संतों के पादुका पूजन के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने संत समागम को संबोधित करते हुए कहा कि जब कोई राज्य धर्म और आध्यात्म की दिशा में आगे बढ़ता है, तो वह कल्याणकारी बनता है। इसी पथ पर छत्तीसगढ़ निरंतर अग्रसर है। यही कारण है कि आज दुनिया कहती है छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व में सनातन धर्म का ध्वज लहरा रहा है और संतों के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ अपने पुराने वैभव को पुन: प्राप्त कर एक प्रेरणादायी राज्य के रूप में उभरेगा। प्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा निरंतर बढ़ रही है।

संतों के आशीर्वाद से प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है - राजेश अग्रवाल

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में राजिम कुंभ मेला की ऐतिहासिक शुरुआत हुई थी। बाद में विपरीत विचारधारा के सत्ता में आने के कारण यह आयोजन कुछ समय के लिए विराम लग गया, लेकिन साधु-संतों के आशीर्वाद से प्रदेश में पुन: विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार बनी और उसी के साथ राजिम कुंभ कल्प का भव्य पुनरारंभ संभव हो सका।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सनातन संस्कृति की भूमि है, जहां कण-कण में शंकर का वास है और हर स्थान एक पवित्र धार्मिक स्थल के रूप में प्रतिष्ठित है। साधु-संतों के आशीर्वाद से प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।

राजिम कुंभ कोई कार्यक्रम नहीं, महामहोत्सव है

इस अवसर पर उपस्थित राजीव लोचन महाराज ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प कोई साधारण कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की आन-बान-शान का महामहोत्सव है। हर वर्ष संतों का यहां आगमन इस आयोजन को विशेष बनाता है। छत्तीसगढ़ की जनता धर्म और संस्कृति को सर्वोच्च स्थान देती है। उन्होंने 卐राम नाम सांचा, राम हमर भांचा卐 जैसे नारों के माध्यम से सनातन चेतना का संदेश दिया तथा कुंभ पर्व की शुभकामनाएं दीं।

छत्तीसगढ़ सरकार राजऋषि की भूमिका निभा रही - स्वामी विशोकानंद

महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद महाराज ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि यह मंच राजऋषि और ब्रह्मऋषि के पावन मिलन का साक्षी बन रहा है। उन्होंने कहा कि विद्वान संत ब्रह्मऋषि के रूप में मार्गदर्शन करते हैं, वहीं छत्तीसगढ़ सरकार ब्रह्मऋषियों का आशीर्वाद लेकर राजऋषि की भूमिका निभा रही है, इसके लिए सरकार साधुवाद की पात्र है। महाराज जी ने कहा कि वे पिछले 12 वर्षों से निरंतर राजिम कुंभ में आ रहे हैं और यह अनुभव करते हैं कि यह आयोजन केवल एक मेला नहीं, बल्कि पुण्य, भक्ति और ज्ञान का अद्भुत संगम है।

राजिम कुंभ कल्प मेला के मुख्य मंच पर पत्रकारों का हुआ सम्मान

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला के मुख्य मंच पर पत्रकारिता जगत से जुड़े प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों का गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने पत्रकारों को गमछा, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कलेक्टर बी.एस. उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, गरियाबंद जनसंपर्क अधिकारी हेमनाथ सिदार विशेष रूप से उपस्थित थे।

सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में नवापारा, राजिम सहित गरियाबंद जिले के पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मंच से पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं और समाज को दिशा देने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पत्रकार कठिन परिस्थितियों में भी सच्चाई को सामने लाने का कार्य करते हैं।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस विराट आयोजन की सकारात्मक छवि देश-प्रदेश तक पहुंचाने में पत्रकारों का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी और कैमरे के माध्यम से जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं, जिसके कारण समाज में जागरूकता आती है।

इस अवसर पर कलेक्टर बी.एस. उइके ने भी पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकार और प्रशासन के बीच समन्वय से ही सुशासन संभव है। वहीं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने कहा कि पत्रकार जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देकर समाज को नई दिशा देते हैं।

दिलीप षड़ंगी के जसगीतों पर जमकर झूमे दर्शक

■ **राजिम कुंभ के मंच पर बिखरी लोक संस्कृति की भव्य छटा**

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला के नवमें दिन सांस्कृतिक मंच पर लोकसंगीत की शानदार छटा बिखरी। सुप्रसिद्ध लोकगायक दिलीप षड़ंगी ने जसगीत एवं छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी सुमधुर आवाज और ऊर्जा से भरपूर गायन पर श्रोता झूम उठे। भक्ति, संस्कृति और लोक परंपरा से ओत-प्रोत इस प्रस्तुति ने मेले की सांस्कृतिक गरिमा को और भव्यता प्रदान की।

कार्यक्रम की शुरुआत बिलासपुर से पधारी विशाखा साहू ने पंडवानी शैली में अभिमन्यु विवाह की सशक्त प्रस्तुति से की। उनकी चिर-परिचित आवाज़ और कथात्मक शैली पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए और तालियों से उनका स्वागत किया। द्वितीय प्रस्तुति में 18 वर्षीय गीतिका चक्रधर ने नटराज शैली में रिकॉर्डिंग कथक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसकी प्रत्येक मुद्रा भगवान शिव को समर्पित थी। उनके तांडव रूप ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

शिक्षा की नींव में सौदा, बिलाईगढ़ के छात्रावासों में कागजी संख्या, जमीनी हकीकत कुछ और...

भिनोदा / सरसींवा / नवप्रदेश। विकासखंड बिलाईगढ़ में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लगभग 30 प्री व पोस्ट मैट्रिक छात्रावास अपने उद्देश्य से भटकते नजर आ रहे हैं। जिन छात्रावासों की स्थापना वंचित बच्चों को सुरक्षित आवास और बेहतर शिक्षा देने के लिए हुई थी, वहां अब लापरवाही, अनियमितता और कथित भ्रष्टाचार के आरोप सामने आ रहे हैं। पूर्व जिला पंचायत सभापति एवं सरसींवा पार्षद रेशम कुर्रे ने आरोप लगाया है कि कई जगह अधीक्षकों की पदस्थापना योग्यता से नहीं, बल्कि 'बोली' के आधार पर हो रही है। कागज़ों में छात्रावासों की संख्या पूरी दिखाई जाती है, लेकिन निरीक्षण में एक-दो छात्र ही मौजूद मिलते हैं। हाल ही में पेंड्रावन छात्रावास में 50 छात्रों का प्रवेश दर्ज था, लेकिन मौके पर सिर्फ एक छात्र मिला, वहीं अधीक्षक, रसोइया और कर्मचारी भी नदारद पाए गए। इसके बावजूद विभाग ने केवल कारण बताओ नोटिस देकर औपचारिक कार्रवाई की। नियमों के अनुसार अधीक्षक को छात्रावास परिसर में रहना अनिवार्य है, लेकिन कई जगह वे महीनों अनुपस्थित रहते हैं।

यूथ कांग्रेस बसना विधानसभा में संगठनात्मक नियुक्तियां

■ **कौशल रोहिल्ला ने जारी की पदाधिकारियों की सूची**

पिथौरा/नवप्रदेश। भारतीय यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी विक्रांत साहू, प्रदेश सचिव सह प्रभारी सतीश ठाकुर एवं जिला अध्यक्ष अमन चंद्राकर की सहमति से यूथ कांग्रेस बसना विधानसभा अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला द्वारा संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं।

जारी सूची के अनुसार बसना विधानसभा यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष के पद पर गीतेश चौधरी, अक्षय प्रधान, सुरेश पटेल, प्रशांत पटेल, नवनीत निषाद, साजिद खान, खिशांत कुमार, टिकेलाल पटेल, अनुज अग्रवाल एवं मनोज गहरेवाल को नियुक्त किया गया है।

वहीं बसना विधानसभा यूथ कांग्रेस महासचिव के पद पर दीपक प्रधान, नरेश नेताम, भोजराम पटेल, जगमोहन ठाकुर, खेलकुमार यादव, शिव नायक, तोषकुमार साहू, सुनील भोई, सुधीर भोई, संजीव पटेल, अभिषेक बांक, पुरन साव, मनीष नायक को दायित्व सौंपा गया है।

इसी प्रकार बसना विधानसभा यूथ कांग्रेस सचिव के पद पर शिवम बारीक, उमाशंकर प्रजापति, धीरज सिन्हा, जनक ठाकुर, ओम सिन्हा, सुनील कुमार बारीक, संजय ठाकुर, श्रवण शर्मा, मनोहर बरिहा, शेखर ठाकुर, दीपक श्रीवास एवं अशोक धृतलहरे को नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर यूथ कांग्रेस बसना विधानसभा अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला ने कहा कि नव-नियुक्त पदाधिकारी संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, युवाओं को जोड़ने तथा पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

11 से 15 फरवरी तक श्रीरामचरित मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम ताँवरबाहरा में धर्मए आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। पांच दिवसीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन दिनांक 11 से 15 तक किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण व्याप्त है।यह कार्यक्रम ब्रह्मलीन संत सिया भुनेश्वरी शरण व्यास जी के कृपा पात्र शिष्य यज्ञकर्ता महंत श्री गोवर्धन शरण व्यास जी महाराज जीए सिरकट्टी आश्रम कुटेना पाण्डुका के सानिध्य में संपन्न होगा। ग्राम विकास समिति कोषाध्यक्ष केशव साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यज्ञ मंडपए कथा पंडालए श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्थाए स्वच्छता एवं सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ग्रामवासियों के सहयोग से की जा रही हैं।

प्रथम पेज का शेष

कभी रायपुर तक नहीं आए...

नक्सलियों ने स्कूलों को तोड़ दिया, जिसके कारण दहशत में ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल भेजने से भी कतराते थे। यही कारण है कि वे भी पढ़ी-लिखी नहीं हैं। किसी तरह उन्होंने जनजातीय लोकगीत दल में अपनी जगह बनाई और इसे ही अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया। उन्होंने बताया कि उन्हें ये नहीं पता कि राष्ट्रपति का क्या ओहदा होता है, लेकिन इतना जरूर पता है कि वे बहुत बड़ा व्यक्तित्व है और उस व्यक्तित्व के साथ हमें समय बिताने का मौका मिलेगा। राष्ट्रपति के साथ समय बिताने की घोषणा से ही उत्साह है। हम सभी बेहद खुश हैं कि पिछड़े हुए जिले से हम अब राष्ट्रपति के पास तक पहुंचेंगे।

उन्होंने बताया कि नक्सल दहशत का आलम ये था कि हम खुद भी स्कूल नहीं जाते थे, क्योंकि नक्सली बच्चों को पकड़कर बाल संघम में शामिल कर देते थे और वे नक्सली संगठन में शामिल नहीं होना चाहते थे। दंतेवाड़ा जिले के मोखपाल के नर्तक दल की शालिनी बताती हैं कि एक समय में उनका क्षेत्र बेहद नक्सल प्रभावित था। न वे स्कूल जा पाते थे और न ही पढ़ाई करने के बारे में ही वे सोच पाए।

परिणय सूत्र में बंधे...

कार्यक्रम से जुड़े। योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित दंपति को 35 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि इस अभूतपूर्व आयोजन को गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।

सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभ: महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में की गई थी, जिसे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत है और कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य में जनसहभागिता आवश्यक है। कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने इसे ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि एक ही दिन में हजारों जोड़ों का विवाह मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और सर्वसमावेशी सोच का प्रमाण है। कार्यक्रम में विधायक सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक अनुज शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक संपत अग्रवाल, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर तथा बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी, संचालक डॉ. रेणुका श्रीवास्तव सहित जनप्रतिधि और अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

लोकसभा स्पीकर बिरला के खिलाफ...

कि पीएम पर कोई हमला करे। सरकार द्वारा उन पर दबाव डाला गया है, इसलिए उन्होंने ये कहा है, क्योंकि उस दिन पीएम मोदी की हिम्मत नहीं हुई सदन में आने की। इसलिए स्पीकर सफाई दे रहे हैं, ये गलत बात है।'

एआई जनरेटेड कंटेंट पर...

यूजर्स को यह पता चलेगा कि कौन-सी जानकारी वास्तविक है और कौन-सी कृत्रिम रूप से बनाई गई है।

कांग्रेस नेताओं पर 500 करोड़...

था कि पार्टी की आंतरिक जांच में यह सामने आया है कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार ने राज्यभर में लगभग 12,000 बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा है। सरमा ने इन दावों को पूरी तरह से 'झूठा, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक' करार दिया है।

ज्ञान, तकनीक और नवाचार...

एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना की जाएगी, जो प्रति वर्ष लगभग 30 से 40 हार्डवेयर स्टार्ट-अप और एमएसएमई को प्रोडक्ट डिजाइन, प्रोटोटाइपिंग, कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण की सुविधाएं प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस पहल से प्रदेश के युवाओं को राज्य के भीतर ही इनक्यूबेशन, मेंटरशिप, फंडिंग और आधुनिक प्रयोगशालाओं की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उच्च कौशल वाले युवाओं का बड़े शहरों की ओर पलायन रुकेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने एसटीपीआई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्था के सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि देशभर में 68 केंद्रों और 24 सेक्टर-विशेष सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से एसटीपीआई का व्यापक अनुभव छत्तीसगढ़ के स्टार्ट-अप और नवाचार इकोसिस्टम को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह एमओयू राज्य के आर्थिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा और छत्तीसगढ़ को डिजिटल नवाचार, तकनीकी उद्यमिता और स्टार्ट-अप के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, इलेक्ट्रॉनिक और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अंकित आनंद, निदेशक एसटीपीआई रवि वर्मा, चिप्स के सीईओ प्रभात मलिक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के विचारों पर हमें चलना है: अग्रवाल

कवर्धा (नवप्रदेश)। देश के विकास की रीढ युवा है ,तथा युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी है, युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात् कर,अपने ज्ञान व ऊर्जा का उपयोग देशहित व समाज हित में करना चाहिए उपरोक्त विचार राष्ट्रीय सेवा योजना दशरंगपुर द्वारा-ज्ञानपुर में आयोजित विशेष शिविर के बौद्धिक परिचर्चा के सत्र में पूर्व कार्यक्रम समन्वयक दुर्ग विश्वविद्यालय तथा पूर्व प्राचार्य कल्याण स्वशासी महाविद्यालय भिलाई के डॉ.आर.पी.अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त कर रहे थे। हेमचंद यादवविश्वविद्यालय-दुर्ग के एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक जनेन्द्र कुमार दीवान की अगुवाई में, रासेयो का ध्वजारोहण व लक्ष्यगीत से डॉ.आर.पी.अग्रवाल ने बौद्धिक परिचर्चा का शुभारंभ किया, बेमेतरा जिला के संस्कृत भारती के जिला संयोजक व ,व्याख्याता नीलेश तिवारी,ने देवों की भाषा व हृदय से निकलने वाली भाषा संस्कृत में उद्बोधन कर,सभी भाषाओं की जननी संस्कृत भाषा को , पाठ्यक्रम में अनिवार्य विषय के रुप में अध्यापन की बात कही । लगभग 200 से अधिक उपस्थित जनों ने ;हंसा के सवारी दाई ओ...गीत पर

एक साथ मां सरस्वती की आराधना कर नृत्य किये व एएलटी स्काउट मास्टर हेमधर साहू ने *नंद के आनंद की, जय विवेकानंद की उद्घोष कर युवाओं को सामुदायिक कार्य, शिक्षा,साक्षरता, स्वास्थ्य व स्वच्छता अभियान ,समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम अधिकारी रवेन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने उत्कृष्ट समाजसेवी के गुणों को बताते हुए, समाजसेवी को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान दिलाया तथा संस्कृत व्याख्याता निलेश तिवारी को, दशरंगपुर एन. एस. एस. परिवार ने डॉ. आर.पी.अग्रवाल के हाथोंशाल,श्रीफल से सम्मानित किया।। अलविदा फिर मिलेंगे,....के नारे से परिचर्चा का समापन हुआ। उक्त सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन बेमेतरा व कबीरधाम जिला के जिला के डॉ.के.एस.परिहार,व प्राचार्य चंद्रप्रकाश जांगड़े के मार्गदर्शन,व समाजसेवी छन्नू लालसाहू , ग्राम पंचायत-ज्ञानपुर सरपंच -श्रीमती पूर्णिमा डेहरे, एस.एम.डी.सी. अध्यक्ष-विजय चंद्राकर के सामूहिक प्रयास से ही संभव हुआ है।

न्यूज विंडो

विद्यासागर विद्यालय, मैनपुरा में वार्षिक उत्सव का आयोजन

पंडरिया / नवप्रदेश। ग्राम मैनपुरा स्थित विद्यासागर विद्यालय में धूम धाम से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी पंडरिया घनश्याम साहू, आनंद सिंह ठाकुर, दिनेश कोसरिया, गुरुदत्त शर्मा, आशीष बोथरा, चंद्रभान कोसले, खोवाराम भास्कर, श्रीमती ईश्वरी साहू और प्रशांत सिंह बैस थे।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने सराहा। अर्जुन तिवारी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और कहा कि पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। घनश्याम साहू ने कहा कि वार्षिक उत्सव के माध्यम से स्कूल अपने छात्रों की प्रतिभा और उपलब्धियों को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विद्यासागर विद्यालय के बच्चों को खूब पढ़ने और देश-दुनिया में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं।जनपद सदस्य दिनेश कोसारिया जी ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने वाली बात की

बालोद के पांच शिक्षकों ने गणित-विज्ञान शिक्षण में बढ़ाया जिला का मान

बालोद / नवप्रदेश। । गणित एवं विज्ञान शिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में राष्ट्रीय स्तर की तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस प्रतिष्ठित कार्यशाला में भाग लेने के लिए समग्र शिक्षा के माध्यम से पूरे छत्तीसगढ़ से कुल 100 शिक्षकों का चयन किया गया, जिसमें बालोद जिले के पांच शिक्षकों को भी शामिल होने का अवसर मिला। जिले से चयनित शिक्षकों में डोंडीलोहारा ब्लॉक से मुनमुन सिन्हा, डोंडी से शीतल पांडे, गुण्डरदेही से पुष्पा चौधरी, बालोद से गोविंद नागवंशी तथा गुरूर से हेमंत कुमार साहू शामिल रहे। इस प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तर से आयुक्त श्रीमती किरण कौशल (आईएएस), उप संचालक ए.के. सारस्वत, सहायक संचालक मंजुलता साहू तथा बसंत कुमार वर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

केंद्रीय बजट से आत्मनिर्भर भारत की दिशा को मिलेगी मजबूती

विकास, विश्वास और भविष्य की मजबूत नींव है केंद्रीय बजट: नीलू

- **केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई प्रेस वार्ता**

कवर्धा / नवप्रदेश। केंद्रीय बजट को लेकर मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता रखी गई थी द्य प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री नीलू शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन निगम ने बजट को देश के समग्र विकास की दिशा में मजबूत और दूरदर्शी कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि भारत को आर्थिक रूप से सशक्त, सामाजिक रूप से संतुलित और भविष्य के लिए तैयार करने का स्पष्ट रोडमैप है।

उद्यमिता को बढ़ावा

युवाओं के संदर्भ में श्री नीलू शर्मा ने कहा कि कौशल विकास, स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने की नीतियां आने वाले समय में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी। यह बजट युवाओं को केवल रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की सोच को आगे बढ़ाता है।

फाइलेरिया अभियान के तहत बच्चों को खिलाई गई दवा

बालोद / नवप्रदेश।। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत शहर के होरिज़ोन स्कूल बालोद में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों एवं नागरिकों को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना तथा इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना है।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वार्ड क्रमांक 12 के युवा पार्षद सुमित शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए फाइलेरिया बीमारी के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन बचाव योग्य बीमारी है, जिससे नियमित दवा सेवन और स्वच्छता बनाए रखकर बचा जा सकता है।

नाम-परिवर्तन

शपथकर्ती किरण उम्र 36 वर्ष पति चंद्रप्रकाश घृतलहरे जाति सतनामी निवासी ग्राम चुनकट्टा पो आ सेलुद तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं :- यह कि मेरा नाम पता एवं विवरण उपरोक्त वर्णित अनुसार हैं। यह कि मेरे पुत्र का नाम सिद्धार्थ घृतलहरे पिता चंद्रप्रकाश घृतलहरे जाति सतनामी हैं। यह कि मेरा पुत्र सिद्धार्थ घृतलहरे के शौक्षणिक दस्तावेज / अंकसूचि में मेरे पुत्र का नाम सिद्धार्थ देशलहरे पिता चंद्रप्रकाश देशलहरे माता किरण देशलहरे दर्ज है। यह कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड में सिद्धार्थ घृतलहरे पिता चंद्रप्रकाश घृतलहरे है। यह कि मेरे पुत्र के अंकसुचि में सिद्धार्थ देशलहरे पिता चंद्रप्रकाश देशलहरे माता किरण देशलहरे को विलोपित कर आधार कार्ड के अनुसार सिद्धार्थघृतलहरे पिता चंद्रप्रकाश घृतलहरे माता किरण करवाना चाहती हूँ। जो कि सत्य एंव सही है। अत: यह शपथपत्र अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करती है।

शपथकर्ती
किरण पति चंद्रप्रकाश घृतलहरे
निवासी ग्राम चुनकट्टा पो.आ. सेलुद
तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना
// नाम सुधार //

मैं शपथकर्ता अशोक कुमार साहू पिता सोहन साहू निवासी भोथली तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के हैं। यह कि मेरे पुत्र तेजेस साहू के आधार कार्ड में उनका नाम तेजेस कुमार पिता अशोक कुमार साहू दर्ज है जबकि उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेज, एवं जन्म प्रमाण पत्र में उनका तेजस कुमार साहू व उनके पिता का पूरा नाम अशोक कुमार साहू दर्ज है। कि मै अपने पुत्र का सही नाम तेजस कुमार साहू पिता अशोक कुमार साहू दर्ज करवाना चाहता हूँ। इस संबंध में मैने एक शपथ-पत्र कार्य पालिक मजिस्ट्रेट/ न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दिनांक 29.01.2026 को निष्पादित कराया हुँ। अत: भविष्य में मेरे को पुत्र को तेजस कुमार साहू पिता अशोक कुमार साहू के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जावे।

अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
अशोक कुमार साहू
पिता सोहन साहू
निवासी भोथली तहसील पाटन
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमिताभ सरकार पिता रविन्द्रनाथ सरकार निवासी सिकोलाभाठा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अमिताभ सरकार पिता रविन्द्रनाथ सरकार की जन्म/मृत्यु दिनांक 20.06.1970 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दोलन घोष पिता श्री प्रदीप कुमार घोष, निवासी मकान नं. प्लाट नं.-02 ब्लॉक नं.-09, प्रियदर्शी परिसर मोतिलाल नेहरू नगर, भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा पद्मनाभपुर जिला - दुर्ग (छ.ग.) में स्थित एल.आई.जी.624, जिला-दुर्ग में आबंटित है। आबंटी श्री दोलन घोष द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक एवं फ्री-होल्ड निष्पादन पश्चात् उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री आधार पर श्री देव नारायण साहू आ.स्व. अधिक लाल साहू को विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्री देव नारायण साहू द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्री देव नारायण साहू के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 04.02.2026 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

नाम परिवर्तन-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आसिफ शाह (ASIF SHAH) पिता श्री एमडी यासीन शाह (MD YASIN SHAH) उम्र 21 वर्ष, निवासी-म. नं.325 ए. वार्ड नं.08 फरीद नगर, सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम आसिफ शाह (ASIF SHAH) पिता श्री मोहम्मद यासीन शाह (MOHAMMAD YASIN SHAH) को त्याग कर नया नाम आसिफ शाह (ASIF SHAH) पिता श्री एमडी यासीन शाह (MD YASIN SHAH) रख लिया है। अत: आज से मैं समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नया नाम आसिफशाह (ASIF SHAH) पिता श्री एमडी यासीन शाह (MD YASIN SHAH) से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाएगा।

शपथकर्ता
आसिफशाह
पिता श्री एमडी यासीन शाह
निवासी-म. नं.325 ए. वार्ड नं.08 फरीद नगर, सुपेला भिलाई,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक: 44/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2025-26

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक अनुपम पटनायक पिता दुर्बादल पटनायक पता 402 शिवशक्ति टॉवर मोतीलाल नेहरु नगर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. 490020 आवेदिका रिया पिता हरिशंकर प्रसाद निवासी 02 वार्ड नं. 17 लक्ष्मन नगर छावनी भिलाई भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. 490026 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 19.02.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 09.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी है।

मुहर

अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202602100700004 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमल सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. भीखम सिंह राजपूत निवासी ग्राम सुभाष नगर कसारीडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/138 रकबा 0.009 हे. भूमि जो कि विक्रेता का नाम सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार क्रेता गिरिजा बाई पिता/पति भीखम सिंह राजपूत की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

202602100400048/अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री / श्रीमती कौसर जहां बेगम पिता/पति जिआउद्दीन निवासी डिपरा पारा गांधी नगर दुर्ग द्वारा नीचे वर्णित अनुसूची में उल्लेखित पाम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू- राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि है	खसरा नंबर	रकबा वर्ग.में	प्रयोजन
ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 40 रा.नि.मं. कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग	545/6 शा. 546/8, 547/10 548/9, 549/5 550/12, 589/6 590/3, 591/4 592/5	0.0050	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपर्वतन / पुर्ननिर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उ?द्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृह्यत व्यक्ति / अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल उतई, तहसील व जिला-दुर्ग
-: आम-सूचना:-

विषय :- सीमांकन/ स्थल जांच हेतु।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के आदेश कं. अ/12 आदेश दिनांक 14.01.2023 के आदेशानुसार आवेदिका श्रीमती आशा कुमारी आ./ पति जुबेद अली निवासी सेक्टर-04 भिलाई ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 रा.नि.म. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 326/7 रकबा 0.020 हे. 2000 वर्गफीट हे. का सीमांकन/स्थल जांच दिनांक 25.02.2026 को पूर्वान्हि/अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नम्बर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
उतई जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202602104700021 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लेखराम आ.स्व. अमोली निवासी ग्राम सिरसाखुर्द तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा-सिरसाखुर्द प.ह.नं. 06 रा.नि.म. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 710/2 रकबा 0.18 हे. भूमि है। जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदारों के नाम से वर्तमान भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी सहखातेदार सुकबती बेवा अमोली का स्वर्गवास दिनांक 09.07.2025 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर एवं शेष वारिसानों का नाम जो कि पूर्व से ही राजस्व अभिलेख में दर्ज है यथावत् रखे जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 21/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक सुनील बंसल आ. सत्यप्रकाश बंसल निवासी 1078/1 कादम्बरी नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 46 ए प्लाट नं. 16/2 एवं 18/2 कुल क्षेत्रफल 334.634 वर्गमीटर अर्थात 3602 वर्गफीट भूमि धारक अनिल बंसल आ. सत्यप्रकाश बंसल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक अनिल बंसल आ. सत्यप्रकाश बंसल की मृत्यु दिनांक 25.09.2025 को हो चुकी है। मृतक धारक अनिल बंसल आ. सत्यप्रकाश बंसल द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूखण्ड का अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 25.08. 2025 को अपने भाई सुनील बंसल आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर वसीयत प्राप्तकर्ता के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.02.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 22/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक एस.के. ईशाक हुसैन आ.स्व. एस.के. सिराजुल हक व अन्य 01 निवासी आर.एच.एस. गली वैजनाथपारा रायपुर द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग कोष्ठापारा स्थित नजूल भूमि शीट कं. 29 सी प्लाट नं. 231/2 क्षेत्रफल 58.082 वर्गमीटर (625 वर्गफुट) नजूल भूमि धारक सत्य नारायण सोनी आ. चम्पालाल निवासी कोष्ठापारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त नजूल भूनि शीट कं. 29 सी प्लाट नं. 231/2 क्षेत्रफल 58.082 वर्गमीटर (625 वर्गफुट) नजूल भूमि पंजीकृत बैनामा दिनांक 04.02.2026 द्वारा आवेदक एस.के. ईशाक हुसैन आ.स्व.एस.के. सिराजुल हक व अन्य 01 को विक्रय किया है, जिस पर केता कय पश्चात काबिज है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर कयशुदा भूखण्ड से विकेता/धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.02.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नमन वर्मा पिता श्री ईश्वर चंद मनवार उम्र-38 वर्ष, निवासी-मकान नं. 520/23, सड़क नं. 3, दीपक नगर दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूँ, पूर्व में सी नमन वर्मा पिता ईश्वर चंद्रा माता श्रीमती शान्ति के नाम से जाना जाता था। मैने अपना नाम परिवर्तित कर नमन वर्मा पिता श्री ईश्वर चंद मनवार माता श्रीमती शान्ति मनवार रख लिया है तथा इसी नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाता हूँ। अत: मेरे समस्त शैक्षणिक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय अभिलेखा / दस्तावेजो में मेरे परिवर्तित नाम नमन वर्मा (Naman Verma) पिता ईश्वर चंद मनवार (Ishwar Chand Manwar) माता श्रीमती शान्ति मनवार (Shanti Manwar) से जाना, पहचाना व पुकारा एवं पढा जावें।

शपथकर्ता
नमन वर्मा
पिता श्री ईश्वर चंद मनवार
निवासी-मकान नं. 520/23, सड़क नं. 3, दीपक नगर दुर्ग,
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता हरेन्द्र कुमार नारंग पिता बालमुकुन्द नारंग निवासी:- एन.आई.टी. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ कि:- यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरी पुत्री इशानी नारंग का जन्म दिनांक 10/04/2015 को स्थान-भिलाई नगर जिला दुर्ग छ.ग. में हुआ है जिसका जन्म प्रमाण पत्र उप रजिस्टार एवं वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई जिला दुर्ग से जारी हुआ है जिसकी पंजीकरण संख्या 1491 पंजीकरण दिनांक 25/05/2015 है। यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम हरेन्द्र नारंग एवं माता का नाम वीणा दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण नाम है। यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड 6025 9824 4321 एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम हरेन्द्र कुमार नारंग (HARENDRA KUMAR NARANG) दर्ज है जो सही व सत्य है। यह कि मेरी पत्नि के नाम से जारी आधार कार्ड नं. 3997 5425 0805 एवं अन्य दस्तावेजों में उनका नाम वीणा नारंग (VEENAA NARANG) दर्ज है जो सही व सत्य है। यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में पिता का सही व पूरा नाम हरेन्द्र कुमार नारंग (HAREN-DRA KUMAR NARANG) एवं माता का नाम वीणा नारंग (VEENAA NARANG) दर्ज करवाकर जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हूं।

शपथकर्ती
हरेन्द्र कुमार नारंग
पिता बालमुकुन्द नारंग
निवासी :- एन.आई.टी. रायपुर
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

202602100400052/अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री / श्रीमती संतोष बिसाई पिता/पति निराकार बिसाई निवासी खुर्सीपार भिलाई द्वारा नीचे वर्णित ÷अनुसूची में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू- राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि है	खसरा नंबर	रकबा हे./ वर्गमीटर में	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग	3505	0.0200	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपर्वतन / पुर्ननिर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उ?द्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृह्यत व्यक्ति / अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै प्रेरणा उके (PRERANA UKEY) पिता श्री गुहाराम उके (GUHA RAM UKEY) उम्र 35 वर्ष निवासी-बी-403, श्रीराम सिटी, पदुम नगर, हनुमान मंदिर के सामने, भिलाई-03, तहसील भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)। मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा विवाह पूर्व नाम प्रेरणा उके (PRERANA UKEY) पिता श्री गुहाराम उके (GUHA RAM UKEY) दर्ज है। मेरा विवाह दिनांक 14.12.2011 को श्री विकास कुमार जाटवार के साथ हुआ था। मेरे आधार कार्ड, में मेरा नाम प्रेरणा जटवार (PRERANA JATWAR) पति विकास कुमार जातवार (VIKAS KUMAR JATWAR) दर्ज है तथा सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम प्रेरणा जाटवर दर्ज है तथा तालाकनामा की डिकी में मेरा नाम प्रेरणा जाटवार पति विकास कुमार जाटवार दर्ज है, जिसे विलोपित कर अपना विवाह पूर्व नाम प्रेरणा उके (PRE-RANA UKEY) पिता श्री गुहाराम उके (GUHA RAM UKEY) को समस्त दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहती हूं।

शपथकर्ती
प्रेरणा उके पिता श्री गुहाराम उके
निवासी-बी-403, श्रीराम सिटी,
पदुम नगर, हनुमान मंदिर के सामने,
भिलाई-03, तहसील भिलाई-03,
जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता मोती लाल जेठानी (MOTI LAL JETHANI) पिता स्व. श्री उत्तम चंद जेठानी (LATE UTTAM CHAND JETHANI) उम्र-69 वर्ष, निवासी-न्यू बाँस पारा, वार्ड नम्बर-28, लाल महाराज हाऊस के पास, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-491001 का निवासी हूँ, जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ :- यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरा वास्तविक एवं सही नाम मोती लाल जेठानी पिता स्व. श्री उत्तम चंद जेठानी है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं परिचय पत्र में अंकित है, परन्तु मेरे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मतदाता सूची 2003 में मेरा घरेलू/चालू नाम सुभाष पिता श्री उत्तमचंद दर्ज किया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। यह कि, मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं परिचय पत्र में दर्ज नाम मोती लाल जेठानी पिता स्व. श्री उत्तम चंद जेठानी को ही मेरे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मतदाता सूची में दर्ज करवाना चाहता हूँ तथा मेरे नाम में त्रुटि के कारण स्क्रूक में परेशानी हो रही है जिस हेतु मुझे गजट प्रकाशन की आवश्यकता है। अत: यह शपथपत्र शासकीय राजपत्र गजट में प्रकाशन हेतु शासकीय मुद्रालय राजनांदगाँव, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.) के समक्ष प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करता हूँ। अत: शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
मोती लाल जेठानी
पिता स्व. श्री उत्तम चंद जेठानी
निवासी-न्यू बाँस पारा, वार्ड नम्बर-28, लाल महाराज हाऊस के पास दुर्ग,
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती रेखा यादव (REKHA YADAV) पिता समारू राम यादव (SAMARU RAM YADAV) उम्र 35 वर्ष, निवासी मकान नं. 316, वार्ड नं. 29, अस्पताल वार्ड, पचरी पारा दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि यह कि, मैं उपरोक्त दर्शित पते पर निवास करती हूं। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड कमांक-3091 7122 2298 में मेरा नाम रेखा यादव (REKHA YADAV) पिता समरू राम यादव (SAMRU RAM YADAV) अंकित है। मेरे पेन कार्ड कमांक AERPY1021N में मेरा नाम (REKHA YADAV) पिता (SAMARU RAM YADAV) अंकित है। मेरे दाखिल खारिज एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व अंकसूची में मेरा नाम रेखा शर्मा पिता समारू शर्मा अंकित है एवं कुछ शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व अंकसूची में मेरा नाम (REKHA SHARMA) पिता (SAMARU RAM SHARMA) अंकित है। मेरे सम्पूर्ण शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा सरनेम यादव के स्थान पर शर्मा अंकित हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरे जन्म प्रमाण में मेरा नाम कु. रेखा यादव पिता समारू यादव अंकित है। यह कि, मेरे सही व वास्तविक नाम रेखा यादव (REKHA YADAV) पिता समारू राम यादव (SAMARU RAM YADAV) को नाम में एकरूपता लाने व शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने एवं इस आधार पर मेरे आधार कार्ड व शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों एवं अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ती
रेखा यादव पिता समारू राम यादव
निवासी मकान नं. 316, वार्ड नं. 29, अस्पताल वार्ड, पचरी पारा दुर्ग,
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता जुल्फकार (JULFKAR) पिता सिराजुद्दीन (SIRAZUDDIN) उम्र 51 वर्ष पता-मकान नंबर-11, वार्ड नंबर-08, तकिया पारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्न कथन करता हूं कि :- यह कि, मै उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। यह कि, मेरे दाखिला पंजीयन में मेरा नाम जुल्फकार (JULFKAR) दर्ज है। यह कि मेरे मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम जुल्फकार हुसैन गहलोत (JULFKAR HUSAIN GAHLOT) दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम जुल्फ खान (JULPH KHAN) दर्ज है। यह कि मेरा नाम जुल्फकार (JULFKAR) व जुल्फखान (JULPH KHAN) तीनो नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, जो मेरा ही नाम है। जबकि मेरा सही नाम जुल्फकार (JULFKAR) है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही एवं वास्तविक नाम जुल्फकार (JULFKAR) को दर्ज करवाना चाहता हूं जिसके सत्यता के समर्थन में यह शपथपत्र गजट प्रकाशन हेतु श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
जुल्फकार पिता सिराजुद्दीन
पता-मकान नंबर-11, वार्ड नंबर-08, तकिया पारा दुर्ग,
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता राजू निषाद (RAJU NISHAD) पिता श्री तिहारू निषाद (TIHARU NISHAD) उम्र 37 वर्ष पता- ओटेबंद तहसील धमघा, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्न कथन करता हूं कि :- यह कि, मै उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। यह कि, मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम होम प्रकाश पिता तिहारू राम दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राजू निषाद (RAJU NISHAD) पिता तिहारू निषाद दर्ज है। यह कि मेरा नाम होम प्रकाश व राजू निषाद (RAJU NISHAD) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, जो मेरा ही नाम है। जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम राजू निषाद (RAJU NISHAD) पिता तिहारू निषाद है। यह कि मैं अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं भविष्य के समस्त दस्तावेजों में अपना सही एवं वास्तविक नाम राजू निषाद (RAJU NISHAD) पिता तिहारू निषाद को दर्ज करवाना चाहता हूं जिसके 'सत्यता के समर्थन में यह शपथपत्र गजट प्रकाशन हेतु श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
राजू निषाद
पिता श्री तिहारू निषाद
पता- ओटेबंद तहसील धमधा,
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104600044

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी सुरेशचंद्र जैन पिता/पति ताराचंद जैन पता यूको बैंक भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 141/73 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मधु जैन पिता/पति स्व. सुरेशचंद जैन पता 19 विद्युत नगर वार्ड 49 जैन मंदिर के पास दुर्ग, मृणाल जैन पिता/पति स्व. सुरेशचंद जैन पता 19 विद्युत नगर वार्ड 49 जैन मंदिर के पास दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल उतई, तहसील व जिला-दुर्ग
-: आम-सूचना:-

विषय :- सीमांकन/ स्थल जांच हेतु।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के आदेश कं. अ/12 आदेश दिनांक 05.02.2026 के आदेशानुसार आवेदक रुपेश कुमार साहू आ. सियाराम साहू निवासी उमरपोटी ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 रा.नि.म. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 361/2 रकबा 0.010 हे. 1100 वर्गफीट हे. का सीमांकन/स्थल जांच दिनांक 25.02.2026 को पूर्वान्हि/अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नम्बर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
उतई जिला दुर्ग

बीएसयूपी खलबाड़ा में खराब सफाई व्यवस्था पर निगम सख्त, जोन कमिश्नर ने किया ठेका निरस्त

■ **नोटिस के बाद भी नहीं हुआ सुधार, सीवर लाइन मरम्मत में देरी पर जुर्माना**

रायपुर। बीएसयूपी खलबाड़ा इलाके में लगातार खराब सफाई व्यवस्था को लेकर रायपुर नगर निगम ने सख्त कदम उठाया है। नगर निगम जोन-9 के जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने सफाई ठेकेदार मेसर्स आदित्य इंटरप्राइजेज का ठेका तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।

यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर की गई। जोन-9 स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बीएसयूपी खलबाड़ा में सफाई व्यवस्था लंबे समय से खराब थी। इसको लेकर ठेकेदार को 18 जुलाई, 29 जुलाई, 2 सितंबर और 30 सितंबर 2025 को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

ठेका अवधि 16 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2026 तक थी, जिसे नियमों के तहत 3 महीने बढ़ाने का प्रस्ताव था, लेकिन ठेकेदार ने सहमति पत्र नहीं दिया और काम के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई। निरीक्षण के दौरान सीवर लाइन मरम्मत कार्य में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। विधायक प्रतिनिधि और पार्षद ने संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई करने को कहा, ताकि काम में तेजी लाई जा सके। नगर निगम अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि खलबाड़ा इलाके में जल्द ही नई व्यवस्था के तहत सफाई कार्य शुरू कराया जाएगा, ताकि लोगों को गंदगी और स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिल सके।

03 बार नगर निगम ने संबंधित ठेका कंपनी को जारी किया नोटिस

25 जनवरी 2026 तक थी ठेका की अवधि

03 महीने ठेका बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था

पार्षद ने जताई नाराजगी

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू और वार्ड पार्षद सावित्री धीवर ने जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा के साथ बीएसयूपी खलबाड़ा का निरीक्षण किया। मौके पर गंदगी और अव्यवस्था देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

10 से 13 फरवरी तक सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे कैबिनेट मंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश सरकार के मंत्री लगातार कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों से मुलाकात उनके आवेदनों का निराकरण कर रहे है। सहयोग केन्द्र में आवेदनों के निराकरण होने से कार्यकर्ताओं एवं आमजनों में भारी उत्साह है।10 फरवरी को कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव सहयोग केंद्र में समस्याएँ सुनकर समाधान करेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जी. वेंकटेश्वर राव रहेंगे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा 11 फरवरी को सहयोग केंद्र में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के साथ उपस्थित रहेंगे। 12 फरवरी को वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नंदन जैन उपस्थित मौजूद रहेंगे। 13 फरवरी को वन मंत्री केदार कश्यप सहयोग केन्द्र में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती के साथ उपस्थित रहेंगे।

छंद संग्रह 'प्रीत तुम्हारी मधुशाला' का भव्य विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्यिक संस्था नवरंग काव्य मंच द्वारा सिविल लाइन, रायपुर स्थित वृन्दावन सभागार में आयोजित गरिमामय समारोह में स्थानीय कवि राजेश जैन 'राही' के छंद संग्रह 'प्रीत तुम्हारी मधुशाला' का विमोचन किया गया। यह काव्य-कृति सुप्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन की अमर रचना 'मधुशाला' की तर्ज पर रचित छंदों का संग्रह है। विमोचन समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, रूंगटा स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सुरिसेट्टी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग', आचार्य रंजन मोड़क तथा कवयित्री डॉ. नेहा शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' ने कृति पर अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत करते हुए इसे भाव, शिल्प और संगीतात्मकता का सुंदर समन्वय बताया। विगत रविवार, 8 फरवरी को आयोजित इस समारोह में कवि राजेश जैन 'राही' ने अपनी काव्य-कृति के चयनित छंदों की संगीतबद्ध प्रस्तुति दी, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। इस प्रस्तुति में तिलक भोगल और धनंजय साहू ने संगत की। कार्यक्रम का संचालन उर्मिला देवी 'उर्मि' एवं प्रियंका उपाध्याय ने किया। समारोह के दौरान कवयित्री आशा राय नशीने (राजनांदगांव), गायिका अंजनि अग्रवाल, चित्रकार सुश्री सुरभि झंवर, संगीतकार तिलक भोगल, बाँसुरी वादक धनंजय साहू सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं– बुजुर्गों की चौपाल, डू कर्मा फाउंडेशन, नेकी कर फाउंडेशन, हैप्पी हेल्पिंग हैंड्स, खुशियाँ बाँटे अभियान, कुछ फ़र्ज़ हमारा भी एवं वैदेही मुस्कान सोशल वेलफेयर सोसायटी को नवरंग समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत बच्चों की हुई नि:शुल्क हृदय जांच

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना ÷प्रोजेक्ट धड़कन÷ के अंतर्गत ज़िले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा श्री सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से आज आरंग टीम बी द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गुल्लु एवं मिडिल स्कूल बाना में 240 बच्चों की स्क्रीनिंग, धरसीवां टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 2 एवं 8 छेरीखेड़ी में 173 बच्चों की स्क्रीनिंग, अर्बन टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 6 एवं 7 मठपुरैना में 165 बच्चों की स्क्रीनिंग, अर्बन टीम डी द्वारा लायंस हैंडिकैप्ड स्कूल भनपुरी में 103 बच्चों की स्क्रीनिंग, अभनपुर टीम बी द्वारा प्राथमिक शाला अभनपुर में 137 बच्चों की स्क्रीनिंग, अर्बन टीम ए द्वारा संतोषी नगर के आंगनबाड़ी केंद्र ताज नगर, इमामबाड़ा एवं शिवनगर में 133 बच्चों की स्क्रीनिंग, तिल्दा टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल जलसो में 184 बच्चों की स्क्रीनिंग व पूरे जिले में आज कुल 1032 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

जरूरतमंदों का सहारा बनी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

रायपुर (नवप्रदेश)। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 1300 से अधिक जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पुष्पवर्षा कर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। राज्य सरकार की यह योजना उन युवक-युवतियों के लिए संबल बनी है, जो किसी न किसी कारण से असहाय हैं–किसी के सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है तो कोई आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से संबंध रखता है। माना सेक्टर से ऐसे ही तीन जोड़ों का विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से संपन्न हुआ।

ऑडिट में गड़बड़ी उजागर, सही जानकारी देने अब चार दिन की मोहलत

नगरीय निकायों में घपले-घोटाले जवाब में दी आधी-अधूरी जानकारी

■ **विधानसभा की समिति लेखा आपत्तियों का परीक्षण करेगी**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में राज्य संपरीक्षा विभाग द्वारा किए गए ऑडिट में बड़ी संख्या में घपले-घोटले, अनियमितता और गड़बड़ियों को लेकर आपत्तियां सामने आने के बाद जब इनके बार में निकायों से जवाब तलब किया गया, तो आधी-अधूरी और अस्पष्ट जानकारियां दी गई। इस मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने गंभीरता से लिया है और संबंधित निकायों को चार दिनों में सही-सही जानकारी देने का आदेश जारी किया है।

छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा द्वारा अंकेक्षित स्थानीय नगरीय निकायों, पंचायत राज संस्थाओं, अनुदान प्राप्त एवं अन्य स्वायत्तशासी संस्थाओं का वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 जुलाई 2025 सत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पटल पर रखा गया है। इसके मुताबिक स्थानीय नगरीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति द्वारा लिए गए निर्णयानुसार प्रतिवेदन में लेखा आपत्तियों का परीक्षण किया जाना है। लेखा आपत्ति से संबंधित जानकारी इस कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे। बड़े बचेली, रतनपुर, डोंगरगढ़, मंदिर हसौद, दीपिका, खरसिया, बोदरी, खैरागढ़, जांजगीर-नैला, नारायणपुर, सारंगढ़ एवं नगर पंचायत राजिम, लवन, फरसगांव, चारामा, बगीचा, कोतबा, किरोडीमल नगर, घरघोड़ा, माना-कैंप, कोरों, केशकाल, शिवरीनारायण, लैलूंगा, नरहरपुर, कसडोल, डभरा, नवागढ़ (ब), जैजैपुर, गौरेला, मल्हार, सारागांव, प्रेमनगर, भखारा बरमकेला, नवागढ़ (ज), राजपुर, छुरिया, रहौद, गुण्डरदेही, मटगाव, धरमजयगढ़, पुसौर, कुस, चन्द्रखुरी, कटघोरा, देवकर, गीदम, बिलाईगढ़, सरिया शामिल है।

2025 में जुलाई के बजट सत्र में प्रतिवेदन विस में रखा गया

2024 में छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा ने किया था ऑडिट

आडिट में सामने आई थीं ये गड़बड़ियां

राज्य संपरीक्षा विभाग द्वारा किए गए आडिट की रिपोर्ट की जो मुख्य निष्कर्ष सामने आए हैं वे इस प्रकार हैं। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली सहित विद्यमान, प्रणाली की खामियां, प्रणालियों और प्रक्रिया का अनुसरण करने में विफलता, व्यक्तिगत रूप से विफलता, घाटा, कम मूल्यांकन, कम उद्धरण की राशि के मामले शामिल हैं।

इन निकायों को देनी होगी सही जानकारी

इस मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संबंधित निकायों के आयुक्त, व सीएमओ को सही जानकारी देने का आदेश जारी किया है। जिन निकायों की जानकारी सही नहीं पाई गई है उनमें ये निकाय शामिल हैं। नगर पालिक निगम धमतरी, रायपुर, बीरगांव, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, अम्बिकापुर, कोरबा रायगढ़, चिरमिरी। नगर पालिका परिषद नवापारा, बागबहरा, सिमगा, नेवरा, बैकुण्ठपुर, महासमुंद, सक्ती, कोंडागांव, भाटापारा, सुकमा, किरंदुल, चांपा।

लेटलतीफी से मिलेगी मुक्ति: बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच चौथी रेललाइन तैयार

■ **रेललाइन की संख्या बढ़ाने का काम तेजी से किया जा रहा**

■ **एक्सप्रेस ट्रेनों की रफ्तार प्रतिघंटे 110 से 120 किमी के बीच होगी**

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेललाइन की संख्या बढ़ाने का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। वर्तमान में पटरियों पर दौड़ रही एक्सप्रेस ट्रेनों की रफ्तार प्रतिघंटे 110 से 120 किमी के बीच है।

वंदेभारत एक्सप्रेस 130 किमी की रफ्तार से चल सकती है, लेकिन जोन में रेललाइन की संख्या कुछ जगहों पर अब भी दो और तीन है। इस वजह से रफ्तार नियमित रूप से एक-सी नहीं रह पाती है, जिन जगहों पर चौथी लाइन का काम पूरा हो चुका है, वहां ट्रेनें अपनी निर्धारित गति पर चलती हैं। ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए रेलवे बोर्ड लगातार कार्य कर रहा है। बता दें कि बिलासपुर-नागपुर रेलखंड पर बिलासपुर से गोंदिया के बीच विभिन्न खंडों में चौथी रेललाइन का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। इस कार्य के पूर्ण होने से ट्रेन एक-सी गति से दौड़ेगी। वर्तमान में विभिन्न खंडों में लाइन कम होने से रफ्तार धीमी करनी पड़ती है।

2026-27 में बिछ जाएगी 206 किमी लाइन

बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच वर्तमान में 175 किलोमीटर तक चौथी लाइन के लिए पटरियां बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। इस वर्ष तक कुल 206 किलोमिटर तक पटरियां बिछ जाएंगी। इसके बाद इस रूट पर ट्रेनों की रफ्तार प्रभावित नहीं होगी। बता दें कि 2,135.34 करोड़ की लागत से इस परियोजना को पूरा किया जा रहा है। रेललाइन बढ़ने से ट्रेनों की संख्या में भी इजाफा होगा। छत्तीसगढ़ राज्य में रेल अधोसंरचना के विस्तार के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए राज्य को 7,470 करोड़ का बजट अनुदान प्रदान किया गया है। अब कार्य में फिर से तेजी आएगी।

सोसाइटियों में नहीं दे रहे शक्कर और नमक

रायपुर। उचित मूल्य की दुकानों से शक्कर गायब हो गई है। फरवरी के लिए अब तक उचित मूल्य की दुकानों में शक्कर का भंडारण नहीं हो पाया है, जिसके कारण कार्ड धारकों को भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इधर शक्कर की आपूर्ति नहीं होने से नमक भी नहीं मिल पा रहा है। छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा शक्कर और नमक की एक साथ उचित मूल्य की दुकानों में आपूर्ति की जाती है। यही कारण है कि शक्कर के साथ नमक का वितरण भी दुकानों में नहीं हो पा रहा है। इधर इस मामले में नागरिक आपूर्ति निगम की जिला अधिकारी ने कहा कि सोमवार को गोदामों में शक्कर का भंडारण हो गया है। इसके साथ ही उचित मूल्य की दुकानों में दोपहर बाद से आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है। मंगलवार से आपूर्ति में और तेजी लाई जाएगी, ताकि जिले के प्रत्येक दुकान में शक्कर का वितरण हो सके। राशन दुकानों में दो माह का पावल वितरण से भी हितवाही अप परेशान हो रहे हैं। राज्य सरकार ने फरवरी और मार्च माह का चावल एक साथ वितरण करने का आदेश जारी किया है। इसके तहत ऑनलाइन आवंटन में दो माह का चावल दिखा भी रहा है. लेकिन कैंद्र सरकार का चावल एक माह का ही वितरण हो रहा है।

जिला अस्पताल से अलग होगा एमसीएच का सेटअप

■ **मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का सेटअप जिला अस्पताल से होगा अलग**

रायपुर। आने वाले दिनों में कालीबाड़ी में संचालित मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का सेटअप जिला अस्पताल से अलग होगा। पृथक उपकरण, एचआर, चिकित्सकीय स्टाफ होने के बाद पंडरी अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव सुविधा प्रारंभ की जा सकेगी। वर्तमान में राजधानी में जिला स्वास्थ्य विभाग के पास एमसीएच हॉस्पिटल का अलग सेटअप नहीं है। जिला स्वास्थ्य कार्यालय से एमसीएच को जिला अस्पताल के सेटअप से अलग करने का प्रस्ताव बनाकर स्वास्थ्य संचालनालय भेजा गया है। इस पर आने वाले दिनों में स्वीकृति मिलने की संभावना है।

जिला अस्पतालों मातृ एवं शिशु हास्पिटल का अलग से सेटअप होता है, मगर रायपुर जिले में कालीबाड़ी का अस्पताल जिला अस्पताल से अटैच है और वहां से डॉक्टर, नर्सिंग सहित अन्य स्टाफ की पोस्टिंग यहां की जाती है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि एमसीएच का सेटअप अलग होने के बाद कामकाज में और गति आएगी।

छत्तीसगढ़ में 'आजीविका डबरी' अभियान बना ग्रामीण बदलाव की धुरी

■ **'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान के तहत मनरेगा में ऐतिहासिक पहल**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण, ग्रामीण रोजगार और सतत आजीविका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत आजीविका डबरी निर्माण का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभिनव पहल के अंतर्गत प्रदेशभर में 10,000 से अधिक आजीविका डबरी का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह कार्य समाज के सबसे कमजोर वर्ग के हितग्राहियों की निजी भूमि पर किया जा रहा है, जिससे एक ओर वर्षा जल संरक्षण सुनिश्चित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर दीर्घकालीन एवं टिकाऊ आजीविका के अवसर सृजित किए जा रहे हैं।

अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि जल संसाधन और आवास आधारित आजीविका को एकीकृत रूप में मजबूत किया जा सके। इस योजना के माध्यम से जहां मनरेगा के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हो रहा है, वहीं वर्षा जल संचयन को संस्थागत रूप से बढ़ावा मिल रहा है।

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता के अधिकार के तहत सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के हितों के विपरीत जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देने वाला नियम बनाया गया है, जिससे दुर्भावनावश की गई शिकायतों से सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों का भविष्य पूर्णतः बर्बाद हो जायेगा।।यह नियम संविधान के समानता के अधिकारों व प्राकृतिक नियम के विपरीत है। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने इस नियम को वापस लेने की मांग करते हुए 9 फवरी , सोमवार को सायं 4 बजे महामहिम राष्ट्रपति महोदया, माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम लोकभवन पहुंचकर ज्ञापन सौंप कर नये नियम पर विरोध दर्ज किया और उसे निरस्त करने की मांग की।

नई पहल: वाट्सएप पर घर बैठे मिलेगी राजस्व विभाग की सेवाएं, डायवर्सन के लिए नहीं जाना पड़ेगा एसडीएम दफ्तर

छत्तीसगढ़ में राजस्व का डिजिटल युग, अब आया भुइयां चैटबाट

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ में राजस्व विभाग के कामकाज में अब एक नए डिजिटल युग की शुरुआत हो गई है। राज्य के लोगों को राजस्व विभाग से संबंधित सेवाएं भुइयां वाट्सएप चैटबॉट से घर बैठे मोबाइल पर ही मिल सकेगी। यही नहीं, अब जमीनों के डायवर्सन के लिए एसडीएम दफ्तर के चक्कर भी नहीं लगाने होंगे। यह काम ऑटोमेटिक सिस्टम से होगा। डायवर्सन के लिए आनलाइन आवेदन के बाद 15 दिनों में यह काम अफसर को करना होगा, नहीं करने पर ऑटोमेटिक तरीके से डायवर्सन हो जाएगा। दस्तावेज घर पर ही मिलेगा। इस सेवा का उपयोग करने के लिए नागरिक 7289056060 नंबर को अपने मोबाइल में सेव कर वाट्सएप पर संदेश भेज सकते हैं। चैटबाट तुरंत आवश्यक जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराएगा। अब नागरिक बिना किसी कागजी कार्रवाई और कार्यालय के चक्कर लगाए, अपने भूमि उपयोग परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल पर भूमि चयन से लेकर प्रीमियम एवं शुल्क की गणना तक की पूरी प्रक्रिया स्वचालित और सहज होगी। भुगतान के लिए ई-चालान की सुविधा उपलब्ध है, जिससे भुगतान प्रक्रिया तेज और सुरक्षित होगी। आवेदन के साथ छह आवश्यक दस्तावेजों का अपलोड अनिवार्य है, जो प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं।

ये जानकारी, दस्तावेज मिलेंगे वाट्सएप पर

भुइयां वाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से राजस्व विभाग से संबंधित जानकारी और दस्तावेज वाट्सएप पर घर बैठे मिल जाएंगे। इस सुविधा के माध्यम से ये काम किए जा सकते हैं। जमीन संबंधी जानकारी, राजस्व न्यायालय से संबंधित जानकारी, मोबाइल नंबर जोड़ने हेतु सुविधा, आधार नंबर जोडने हेतु ऑनलाइन आवेदन, किसान किताब हेतु आवेदन और नामांतरण हेतु आवेदन किए जा सकेंगे।

राजस्व मंत्री ने किया सेवा का शुभारंभ

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने 9 फरवरी को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भुइयां व्हाट्सऐप चैटबॉटऔर आटो डायवर्सन सुविधा का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अभिनव डिजिटल सेवा के माध्यम से अब छत्तीसगढ़ के नागरिक अपने मोबाइल फोन पर ही विभिन्न राजस्व सेवाओं की जानकारी सरलता से प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल राज्य में ई-गवर्नेंस पारदर्शिता, और नागरिक सुविधा को और अधिक मजबूत करेगी।

ढाबा, बार, होटल को पुलिस के सख्त निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए होटल बार और ढाबा को रात 12 बजे बंद करने का निर्देश दिया गया है। इन संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को अपना केवायसी जमा करना होगा। बाहरी ढाबा संचालकों को सीसी फूटेज लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।

रायपुर में जब से कमिश्नर प्रणाली लागू हुई है तब से राज्य में यातायात एवं कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए सभी प्रयास किये गये है। इस समय सभी चौक चौराहों को चौड़ा किया जा रहा है तथा लेफ्ट साइज से वाहनों को निकलने के लिए रास्ता बनाया जा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने दिए आंकड़े, रूस में भारतीय स्टूडेंट्स सुरक्षित नहीं, सुरक्षा को लेकर सरकार की बढ़ी चिंता

■ 50 प्रतिशत से ज़्यादा शिकायतें रूस से आ रही, मॉस्को मेन हब

रूस/ए.। पिछले कुछ दिनों में, रूस में भारतीय स्टूडेंट्स पर हमलों में बढ़ोतरी की खबरें आई हैं। इन घटनाओं ने अब दुनिया का ध्यान खींचा है। विदेश मंत्रालय ने इस बारे में आंकड़े जारी किए हैं। डेटा के मुताबिक, दुनिया भर में भारतीय स्टूडेंट्स द्वारा दर्ज की गई हैरेसमेंट और रेशियल डिस्क्रिमिनेशन की 50 प्रतिशत से ज़्यादा शिकायतें रूस से आती हैं, जिसमें मॉस्को मेन हब है। 2025 में, 196 देशों से कुल 350 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 200 से ज़्यादा अकेले रूस से थीं। ट्राईलिंगुअल पॉलिसी कमिटी की रिपोर्ट सरकार को सौंपी गई; हिंदी की ज़रूरत पर अब कैबिनेट का फैसला होगा पिछले तीन सालों में इन मामलों में काफ़ी बढ़ोतरी हुई है। 2023 में, विदेश से आने वाले भारतीयों पर हमलों की 68 शिकायतें थीं, जो 2024 में बढ़कर 78 और 2025 में 201 हो गईं।

लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि विदेशों में भारतीय मिशनों में डेडिकेटेड ऑफिसर तैनात हैं। उन्होंने आगे कहा, ÷हमारे मिशन विदेशों में एडमिशन पाए भारतीय स्टूडेंट्स के साथ रेगुलर कॉन्टैक्ट बनाए रखते हैं और उन्हें उनके रहने के दौरान आने वाली चुनौतियों और रिस्क के बारे में बताते हैं।

सिंह ने कहा कि मिशन के हेड और सीनियर एम्बेसी अधिकारी भारतीय स्टूडेंट्स और स्टूडेंट ऑर्गनाइज़ेशन से बातचीत करने के लिए अपने-अपने मान्यता वाले देशों में विदेशी एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन का दौरा करते हैं।

रूस में भारतीय स्टूडेंट्स का शोषण

रूस में ज़्यादातर भारतीय मेडिकल स्टूडेंट्स राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु से आते हैं। रूस अपनी कम ट्यूशन फ़ीस और आसान एडमिशन प्रोसेस की वजह से मेडिकल एजुकेशन के लिए एक पॉपुलर डेस्टिनेशन है, लेकिन बढ़ती शिकायतों से सेफ़्टी पर सवाल उठ रहे हैं। फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स एसोसिएशन के सदस्यों ने बड़े पैमाने पर नस्लीय भेदभाव, गलत व्यवहार और सपोर्ट की कमी को माना है। ऑल स्नस्न कोऑर्डिनेटर डी. कौशल ने दावा किया कि रूसी नियमों के बावजूद, कुछ यूनिवर्सिटी 1,200 से ज़्यादा स्टूडेंट्स को एडमिशन देती हैं और फ़िर उन्हें निकाल देती हैं।

न्यूज गैलरी

सेशेल्स के राष्ट्रपति का आगरा दौरा रद्द

आगरा(वार्ता)। सेशेल्स गणराज्य के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी का मंगलवार को प्रस्तावित आगरा दौरा रद्द हो गया है। पुरातत्व विभाग के अनुसार राष्ट्रपति अपनी पत्नी के साथ ताजमहल का दीदार करने आगरा आने वाले थे, लेकिन आगमन से ठीक पहले कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं। कार्यक्रम के तहत सुबह नौ बजे खेरिया एयरपोर्ट पर विशेष विमान से आगमन, वहां से शिल्पग्राम पहुंचकर स्वागत तथा भारतीय संस्कृति के प्रदर्शन के रूप में मयूर नृत्य का आयोजन प्रस्तावित था। इसके बाद गोल्फ कार्ट से ताजमहल के मुख्य द्वार तक पहुंचने की व्यवस्था की गई थी। दौरे के मद्देनजर ताजमहल को सुबह नौ बजे से दोपहर करीब 12 बजे तक आम पर्यटकों के लिए बंद रखा जाना था, लेकिन कार्यक्रम रद्द होने के बाद स्मारक को निर्धारित समय पर पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। सुरक्षा के दृष्टिगत सीआईएसएफ के जवानों की तैनाती और पुरातत्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई थी।

दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 267 के साथ खराब श्रेणी में पहुंचा

नई दिल्ली(वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 267 के साथ 'खराब' श्रेणी में पहुंच गया। राजधानी के कई हिस्सों में आज सुबह धुंध की एक परत दिखाई दे रही थी, जबकि आनंद विहार, बवाना और नरेला जैसे इलाकों में एक्यूआई 'बहुत खराब' बताई गयी, जिससे सेहत को लेकर नई चिंताएं बढ़ गईं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के मुताबिक आज सुबह एक्यूआई सोमवार की 206 से काफी ज़्यादा थी। सुबह करीब सात बजे, दिल्ली का औसत एक्यूआई 267 था। सबसे ज़्यादा प्रभावित जगहों में, आनंद विहार में एक्यूआई 317 दर्ज किया गया, जबकि बवाना में 333 रिकॉर्ड किया गया और यह राजधानी के सबसे वायु प्रदूषित इलाके हैं। नोएडा, गुरुग्राम और आस-पास के इलाकों में भी मौसम के मिजाज में खासा बदलाव देखने को मिल रहा है। फरवरी की शुरुआत में ही बेमौसम गर्मी महसूस की जा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जबकि न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। सीपीसीबी के अधिकारियों ने प्रदूषण के बिगड़ते स्तर के लिए काफी हद तक क्षेत्र में हवा की कमजोर गति को जिम्मेदार ठहराया है। विभाग के अनुसार आज अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान गिरकर लगभग 10 डिग्री सेल्सियस तक आ सकता है। धुंध छाए रहने की उम्मीद है। यहां 11 से 15 फरवरी तक मौसम की स्थिति काफी हद तक अपरिवर्तित रहने का अनुमान है।

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार का फैसला लिया वापस

लाहौर(वार्ता)। पाकिस्तान सरकार ने 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले टी-20 विश्व कप ग्रुप मैच में उनकी टीम के बहिष्कार के फैसले को वापस ले लिया है। पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा, मित्र देशों के अनुरोध को देखते हुए, उन्होंने पाकिस्तान टीम को भारत के खिलाफ मैच खेलने की अनुमति दे दी है। पाकिस्तान सरकार के भारत के खिलाफ मैच के बहिषकार के फैसले को वापस लेने को लेकर पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी), बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड(बीसीबी) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बीच बैठकों का सिलसिला जारी था।

महिलाओं की आत्मनिर्भरता, रोटी और रोजगार एक अहम मुद्दा बना

बांग्लादेश चुनाव में निशाने पर महिला उम्मीदवार, नहीं थम रहा साइबर बुलिंग

■ बांग्लादेश चुनाव में महिला उम्मीदवारों की संख्या करीब प्रतिशत

ढाका/ए.। बांग्लादेश में 12 फरवरी को संसदीय चुनाव हो रहे हैं। चुनावी तैयारियों और अभियानों के बीच महिलाओं की आत्मनिर्भरता, रोटी और रोजगार एक अहम मुद्दा बना हुआ है। खासतौर से जमात-ए-इस्लामी की तरफ से महिलाओं को लेकर की गई टिप्पणी के बाद से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी ने तूल पकड़ लिया है। लेकिन इसी बीच चुनावी मैदान में उतर रहीं महिला उम्मीदवारों पर ऑनलाइन और जमीनी स्तर पर हमले बढ़ने और उन्हें जानबूझकर निशाना बनाए जाने की रिपोर्टें सामने आ रही हैं। बांग्लादेश में जो चुनाव होने वाला है, उसमें महिला प्रत्याशियों आंकड़ा सिर्फ 4 फीसदी के आसपास है। यहां आधी आबादी महिलाओं की है, लेकिन बैलेट पेपर पर उनका नाम मुश्किल से ही आता है। देश की संसद में 350 सीटें हैं, जिनमें 300 पर चुनाव हो रहे हैं जबकि बाकी 50 सीटों पर महिलाओं को आनुपातिक प्रतिनिधित्व के हिसाब से चुना जाता है। आयोग की तरफसे जारी आंकड़े के अनुसार चुनाव लड़ रहे 51 दलों में से 30 पार्टियों ने एक भी महिला उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा है।

कार्यकर्ताओं को धमकियां

पारुल ने आरोप लगाया है कि उनके अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं को शारीरिक नुकसान पहुंचाने की धमकियां भी मिली हैं। उन्होंने कहा, हाल ही में, मेरी टीम पर एक गांव की बिजली साइट पर हमला हुआ। मुझे यह भी चेतावनी देने वाले कॉल आए कि अशुलिया में एक पूर्व वार्ड कमिश्नर मेरी महिला श्रमिकों को वोट देने से रोकने के लिए धमका रहा है।

साइबर बुलिंग, चरित्र हनन, यौन उत्पीड़न और धमकियां

स्थानीय मीडिया ने बताया कि कई चुनाव क्षेत्रों की महिला उम्मीदवारों ने ऑनलाइन और जमीनी स्तर पर साइबरबुलिंग, चरित्र हनन, यौन उत्पीड़न और धमकियों की रिपोर्ट की है। इन कृत्यों का मकसद महिला उम्मीदवारों को डराना और उनके चुनावी कैंपेन को रोकना है। ढाका-19 से नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) उम्मीदवार दिलशाना पारुल ने कहा कि उन्हें लगातार ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा है, खासकर हेडस्कार्फपहनने के उनके फैसले को लेकर। बांग्लादेशी अखबार 'द ढाका ट्रिब्यून' ने उनके हवाले से कहा, न सिर्फविरोधी पार्टियों के समर्थकों बल्कि जो लोग खुद को प्रोग्रेसिव कहते हैं, वे भी इसमें शामिल हैं। मेरा मानना है कि मुझे सबसे ज्यादा निशाना बनाया गया है।

'कोई कॉपी नहीं छपी', किताब पर चल रहे विवाद के बीच पेंगुइन ने दी सफाई

नई दिल्ली/ए.। पूर्व आर्मी चीफ़ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब इस समय विवादों में है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने किताब के कुछ हिस्सों का ज़िक्र करते हुए संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की थी। इस बीच, किताब के पब्लिशर पेंगुइन ने अब एक बयान जारी किया है। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसके पास पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की ऑटोबायोग्राफी फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी के एक्सक्लूसिव पब्लिशिंग राइट्स हैं और साफ किया कि किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है। ऐसी खबरें हैं कि बिना इजाज़त के कॉपी बांटी जा रही हैं।

'कोई कॉपी पब्लिश नहीं हुई'

यह सफाई दिल्ली पुलिस द्वारा डिजिटल और दूसरे फॉर्मेट में मैन्युस्क्रिप्ट के कथित गैर-कानूनी डिस्ट्रीब्यूशन के संबंध में एफआईआर दर्ज करने के बाद आई है। एक बयान में, पब्लिशिंग हाउस ने साफ किया कि किताब की कोई भी कॉपी पब्लिक के लिए जारी नहीं की गई है। बयान में कहा गया, पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया यह साफ़ करना चाहता है कि हमारे पास 'फोर स्टार्स ऑफ़डेस्टिनी' के पब्लिशिंग राइट्स हैं, जो पूर्व इंडियन आर्मी चीफ़ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की ऑटोबायोग्राफी है। हम यह साफ़करना चाहते हैं कि किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है। कंपनी ने आगे कहा कि उसने किताब की कोई भी कॉपी पब्लिश, डिस्ट्रीब्यूट, बेची या पब्लिक को अवेलेबल नहीं कराई है।

पब्लिशर ने चेतावनी दी

पब्लिशर ने चेतावनी दी कि किताब का कोई भी वर्शन जो अभी सर्कुलेशन में है, चाहे वह पूरा हो या कुछ, और किसी भी रूप में (प्रिंटेड, पीडीएफ या ऑनलाइन कॉपी), कॉपीराइट का उल्लंघन माना जाएगा।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, घरों में आग लगाई गई, कर्फ्यू लगाया गया

■ तांगखुल मणिपुर में सबसे बड़ा नागा समुदाय है, जबकि लिटन सारेखोंग कुकी-बहुल गांव

इंफाल/ए.। मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर लिटन सारेखोंग गांव में हथियारबंद गैंग द्वारा घरों में आग लगाने के बाद फिर से तनाव पैदा हो गया है। हिंसा के कारण गांव वालों को अपने घर छोड़कर पड़ोसी कांगपोकपी जिले में सुरक्षित जगहों पर शरण लेनी पड़ी है। झगड़ा तब शुरू हुआ जब 7-8 लोगों ने तांगखुल नागा कम्युनिटी के एक सदस्य पर हमला कर दिया। लिटन सारेखोंग के मुखिया और पीड़ित पक्ष पारंपरिक तरीकों से झगड़े को सुलझाने पर सहमत हुए थे। हालांकि, रविवार को तय मीटिंग नहीं हो सकी और इसके बजाय, सिकिबुंग गांव के कुछ लोगों ने गांव के मुखिया के घर पर हमला कर दिया। तांगखुल मणिपुर का सबसे बड़ा नागा कम्युनिटी है, जबकि लिटन सारेखोंग कुकी-बहुल गांव है। हालांकि, अभी स्थिति कंट्रोल में है, लेकिन तनाव बना हुआ है। मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने घायलों से मुलाकात की है और शांति की अपील की है। रविवार शाम को तांगखुल नागा और कुकी कम्युनिटी के सदस्यों के बीच पत्थरबाजी हुई और फिर देर रात कुकी विद्रोहियों ने तांगखुल कम्युनिटी के घरों में आग लगा दी।

1 लाख कैश, 25 तोला सोना... मामा ने अपने प्यारे भांजे की शादी में 1.61 करोड़ का दिया 'मायरा'

नागौर/ए.। राजस्थान के नागौर जिले के जायल में 'मायरा' परंपरा एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। दो भाइयों, ललित कुमार व्यास और ओमप्रकाश व्यास ने अपनी बहन गायत्री देवी के बेटे नीलेश की शादी में 1 करोड़ 61 लाख रुपये का दहेज दिया। इसे ब्राह्मण समुदाय में अब तक का सबसे बड़ा दहेज माना जा रहा है और कहा जा रहा है कि इससे जायल की परंपरा को एक नई ऊंचाई मिली है। यह समारोह जायल के माहेश्वरी भवन में पारंपरिक तरीके से हुआ। अपने पिता श्यामसुंदर व्यास की मौजूदगी में दोनों भाइयों ने अपनी बहन गायत्री को दहेज दिया। यह न केवल भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है, बल्कि ब्राह्मण समुदाय की एकता, संस्कृति और परंपरा का भी प्रदर्शन है। इसमें 81 लाख रुपये कैश, 25 तोला सोना, चांदी के गहने, कपड़े, गिफ्ट और दूसरी चीज़ें दी गईं। राजस्थान के नागौर ज़िले के जयल-खियाला में मायरा सदियों पुरानी संस्कृति है। इसमें मामा अपनी बहन के बच्चों की शादी में दिल से तोहफ़ेदेते हैं। इसी परंपरा के आधार पर, महिलाएं बड़े उत्साह से 'जयल खियाला रो मायरो' गीत गाती हैं। पहले, ऐसे बड़े मायरों की चर्चा मुख्य रूप से जाट समुदाय में होती थी, लेकिन अब दूसरे समुदाय भी उत्साह से इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

टेक्नोलॉजी के गुलाम मत बनो, 'एआई' शिक्षा का विकल्प नहीं होना चाहिए : पीएम

■ प्रधानमंत्री ने इस इवेंट में कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात के स्टूडेंट्स से बातचीत की

नई दिल्ली/ए.। टेक्नोलॉजी को खुद पर हावी न होने दें, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल गाइडेंस और वैल्यू एडिशन के लिए किया जाना चाहिए, न कि शिक्षा के विकल्प के तौर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को स्टूडेंट्स को सलाह दी। 'परीक्षा पे चर्चा' पहल के नौवें सीज़न के दूसरे हिस्से में उन्होंने कहा कि कुछ बच्चों के लिए मोबाइल फोन ही सब कुछ बन गए हैं; वे मोबाइल या टीवी देखे बिना खाना भी नहीं खा सकते।

प्रधानमंत्री ने कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात के स्टूडेंट्स से बातचीत की। मोदी ने कहा कि हर बार नई टेक्नोलॉजी (जैसे कंप्यूटर, मोबाइल फोन वगैरह) को लेकर चिंता होती है। इससे डरने की कोई बात नहीं है। स्टूडेंट्स को पक्का इरादा करना चाहिए कि वे टेक्नोलॉजी के गुलाम नहीं बनेंगे। दुनिया में नौकरियों का नेचर हमेशा बदलता रहेगा। टेक्नोलॉजी को समझना और अपनी काबिलियत को बढ़ाना ज़रूरी है।

'परीक्षा पे चर्चा' में स्टूडेंट्स को सलाह: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि निडरता भविष्य की लीडरशिप से अपेक्षित क्वालिटी है। लीडरशिप का मतलब चुनाव या भाषण नहीं है, बल्कि दूसरों को समझाने और मनाने की काबिलियत है। चाहे टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन हों या प्रैक्टिकल सॉल्यूशन, किसी भी फील्ड में सबसे पहले यह तय कर लेना चाहिए कि वे क्या हासिल करना चाहते हैं।

पीएम मोदी ने कहा...

- एग्जाम में अच्छा परफॉर्म करने के लिए स्टूडेंट्स को पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर सॉल्व करने चाहिए और पूरी नींद लेनी चाहिए।
- पेरेंट्स को अपने बच्चों की तुलना दूसरों से नहीं करनी चाहिए।
- पढ़ाई और इंटरेस्ट दोनों ही काम के हैं और एक दूसरे को पूरा कर सकते हैं।
- एग्जाम की ठीक से और समझकर तैयारी करने के बाद, आपको कभी स्ट्रेस महसूस नहीं होगा।

बड़े कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स से निकलने वाली धूल सेहत को खतरे में डाल रही

नई दिल्ली/ए.। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर की एक हालिया स्टडी से बहुत चिंताजनक जानकारी सामने आई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली, अमृतसर और चंडीगढ़ जैसे बड़े शहरों में कंस्ट्रक्शन की धूल हवा के प्रदूषण का एक बड़ा कारण बन रही है। यह धूल कुल पीएम-2.5 एमिशन में लगभग 18 से 20 प्रतिशत का हिस्सा है। यह प्रदूषण कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मज़दूरों और शहर के लोगों की सेहत पर सीधा असर डाल रहा है। मज़दूरों को सीओपीडी, सिलिकोसिस, फेफड़ों का कैंसर और किडनी की बीमारी जैसी गंभीर सेहत की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

भारत में कंस्ट्रक्शन सेक्टर की स्थिति

- **इन्वेस्टमेंट :** कंस्ट्रक्शन सेक्टर में 2028 तक 36.58 लाख करोड़ रुपये खर्च होने की उम्मीद है।
- **रोज़गार :** यह सेक्टर 4 करोड़ को रोज़गार देता है।
- **जीडीपी में हिस्सा :** कंस्ट्रक्शन सेक्टर अभी जीडीपी में 8 प्रतिशत का योगदान देता है।

प्रदूषण कम करने के लिए

- कंस्ट्रक्शन साइट पर लगातार पानी का छिड़काव ज़रूरी है।
- मज़दूरों को मास्क देना ज़रूरी है।
- पीएम-2.5 को मॉनिटर करने के लिए सेंसर लगाना ज़रूरी है।
- खतरे का अंदाज़ा लगाने के लिए 'हेल्थ के लिए सब्सटेंस हैज़र्ड्स का कंट्रोल' टूल का इस्तेमाल करें।
- पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने नए 'कंस्ट्रक्शन और डेमोलिशन वेस्ट रूल्स' और स्नह्नक्क जारी किए हैं।

ओप्पो ने सिग्नेचर रेनो 15 सीरीज का अनुभव ज्यादा यूजर्स तक बढ़ाया

नई दिल्ली। ओप्पो ने सिग्नेचर रेनो 15 सीरीज़ का अनुभव और ज्यादा यूज़र्स तक पहुँचाने के लिए रेनो 15सी पेश किया यह स्मार्टफोन अमेज़न, फ्लिपकार्ट, मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स और ओप्पो ई-स्टोर पर कल से उपलब्ध होगा नई दिल्ली, 04 फरवरी, 2026: ओप्पो इंडिया ने रेनो 15 सीरीज़ का विस्तार करते हुए ओप्पो रेनो 15सी का लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन रेनो का अनुभव और अधिक ग्राहकों तक पहुँचाने के लिए बनाया गया है, जो ट्रैवलर्स, क्रिएटर्स और फोटोग्राफी प्रेमियों को स्मार्टफोन का शानदार अनुभव प्रदान करेगा। रेनो 15सी में रिफाईंड डिज़ाईन, लंबी चलने वाली बैटरी और इंटैलिजेंट ए.आई फीचर्स के साथ रेनो सीरीज़ की मुख्य विशेषताएं मौजूद हैं, जो और अधिक किफायती मूल्य में उपलब्ध हो रही हैं। रेनो 15सी भारत में 5 फरवरी, 2026 से आफ्टरग्लो पिंक और ट्वाईलाईट ब्लू कलर्स में मिलना शुरू होगा।रेनो 15सी में 7000एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी के साथ 80वॉट की सुपरवूक फास्ट चार्जिंग दी गई है। यह स्मार्टफोन इमर्सिव एमोलेड डिस्प्ले के साथ भरोसेमंद परफॉर्मेंस और शानदार ड्यूरेबिलिटी प्रदान करता है।

बाबर आजम को रवि शास्त्री का 'ओपन चैलेंज'

नई दिल्ली। **आईसीसी** और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच बातचीत के बाद यह तय हुआ कि पाकिस्तान टीम 15 फरवरी को इंडिया के खिलाफ खेलेगी। इस फैसले के बावजूद पाकिस्तान के बाबर आजम फॉर्म से जूझ रहे हैं। रवि शास्त्री ने उन्हें शेप में लाने के लिए चैलेंज दिया है। रवि शास्त्री ने कहा, बाबर आजम टैलेंटेड हैं। लेकिन इस समय उन पर उम्मीदों का बोझ है और इसका असर उनके परफॉर्मेंस पर पड़ रहा है। जब आप अपने करियर में ऐसे स्टेज पर होते हैं, तो वह बोझ आप पर होता है। फैंस आपसे हर बार ज़बरदस्त परफॉर्म करने की उम्मीद करते हैं। बाबर को इनिंग्स की पहली पांच बॉल्स में बड़े शॉट खेलने चाहिए।

पंकज त्रिपाठी ने फिल्मों से दूर रहने की बताई वजह

मुंबई। कुछ बॉलीवुड में स्ट्रगल देखकर हार मानकर पीछे हट जाते हैं, तो कुछ आर्टिस्ट सालों तक इस सक्सेस का इंतज़ार करते हैं, ऐसे ही मल्टी-टैलेंटेड आर्टिस्ट की लिस्ट में एक नाम पंकज त्रिपाठी का भी है। पंकज त्रिपाठी ने फिल्मों में छोटे-मोटे रोल करके अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। फिलहाल वेब सीरीज और फिल्मों के लिए मशहूर जयदीप का बॉलीवुड में सफर आसान नहीं रहा है। 'मिर्जापुर' जैसी वेब सीरीज के साथ-साथ 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' और 'स्त्री-2' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग के सभी फैन हो गए थे। हालांकि, एक्टर ने पिछले साल अचानक इंडस्ट्री से ब्रेक ले लिया था। अब, हाल ही में एक इंटरव्यू में पंकज त्रिपाठी ने इसके पीछे की वजह बताई है। उन्होंने 'वैरायटी इंडिया' को एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में उन्होंने इंडस्ट्री से ब्रेक लेने की वजह बताई है। इस समय, पंकज त्रिपाठी ने कहा, मैं लगातार अलग-अलग प्रोजेक्ट्स के लिए काम कर रहा था। इस भागदौड़ की वजह से मैं थक रहा था। मुझे अपने काम में मजा नहीं आ रहा था। इसके लिए ब्रेक लेना बहुत जरूरी था। अब मैं कोई भी प्रोजेक्ट करने से पहले सोच-समझकर फैसला लेता हूं।

अंडमान में नारियल अनुसंधान से तटीय कृषि और जलवायु सहनशीलता को मजबूती

पोर्ट ब्लेयर (नवप्रदेश)। अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में किए जा रहे नारियल अनुसंधान भारत की तटीय कृषि को सुदृढ़ करने, महत्वपूर्ण आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण तथा किसानों की आजीविका में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह जानकारी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय द्वीप कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-सीआईएआरआई), पोर्ट ब्लेयर में आयोजित एक संवाद के दौरान छत्तीसगढ़ के रायपुर से आए पत्रकारों को दी गई।

ये पत्रकार प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) द्वारा आयोजित एक अध्ययन एवं संपर्क दौरे पर थे, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय महत्व की विकासात्मक एवं अनुसंधान गतिविधियों से मीडिया को अवगत कराना है। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजीत वामन ने कहा कि नारियल द्वीपों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और यह खाद्य सुरक्षा, आय सृजन तथा बसाहट और जनजातीय समुदायों की पारंपरिक आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान देता है। डॉ. वामन ने बताया कि आईसीएआर-सीआईएआरआई द्वारा द्वीपीय और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र की विशिष्ट चुनौतियों–जैसे अधिक आर्द्रता, लवणीय मिट्टी, चक्रवाती हवाएं और मौसमी जल संकट–को ध्यान में रखते हुए स्थान-विशेष अनुसंधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां विकसित की गई तकनीकें और किस्में देश के चक्रवात-प्रभावित तटीय राज्यों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। दौरे का एक प्रमुख आकर्षण विश्व नारियल जर्मप्लाज्म केंद्र रहा, जो एक अंतरराष्ट्रीय महत्व की संरक्षण और क्वारंटीन सुविधा है। इस केंद्र में फिजी, सोलोमन द्वीप, टोंगा और अमेरिकन समोआ जैसे उष्णकटिबंधीय द्वीपीय देशों से संकलित नारियल की आनुवंशिक सामग्री संरक्षित की गई है। अंडमान द्वीपों की भौगोलिक अलगाव की स्थिति के कारण यह केंद्र प्राकृतिक क्वारंटीन क्षेत्र के रूप में कार्य करता है, जिससे भारत के प्रमुख नारियल उत्पादक क्षेत्रों में कीट और रोगों के प्रवेश की आशंका न्यूनतम रहती है।

इस समृद्ध जर्मप्लाज्म संग्रह के आधार पर संस्थान के वैज्ञानिकों ने चार उन्नत नारियल किस्में विकसित की हैं, जिनमें बौनी किस्म 'द्वीप अन्नपूर्णा' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह किस्म शीघ्र फलन, उच्च तेल एवं कोप्रा प्रतिशत तथा तेज़ हवाओं के प्रति सहनशीलता के लिए जानी जाती है। उचित प्रबंधन में यह किस्म चार से पाँच वर्षों में फल देना शुरू कर देती है और प्रति पौधा प्रतिवर्ष 70 से 150 नारियल उत्पादन करती है।

कम ऊँचाई के कारण 'द्वीप अन्नपूर्णा' किस्म में कटाई के दौरान जोखिम और श्रम लागत दोनों में कमी आती है। वर्तमान में यह किस्म अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के अलावा ओडिशा, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे चक्रवात-प्रभावित राज्यों में भी अपनाई जा रही है।

नारियल की किस्मों के अंतर को स्पष्ट करते हुए डॉ. वामन ने बताया कि जहाँ ऊँची किस्मों का जीवनकाल लगभग 100 वर्ष तक होता है और वे व्यावसायिक तेल उत्पादन के लिए उपयुक्त होती हैं, वहीं बौनी किस्में कोमल नारियल और नीरा उत्पादन के लिए अधिक उपयुक्त होती हैं, क्योंकि इनकी कटाई आसान होती है। नीरा, जो नारियल के पुष्पक्रम से स्वच्छ एवं अपकिण्वित रूप में एकत्र किया जाने वाला रस है, को खनिजों और प्राकृतिक शर्करा से भरपूर एक पोषक पेय बताया गया। डॉ. वामन ने नीरा और किण्वित ताड़ी के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि उचित विधि से संग्रहित नीरा सुरक्षित होता है और गर्भवती महिलाओं के लिए भी उपयुक्त माना जाता है। पत्रकारों को एकीकृत नारियल आधारित कृषि प्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसमें नारियल के बागानों के नीचे अनानास, लौंग, काली मिर्च और सब्जियों की खेती कर भूमि की उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि की जाती है।

हालांकि अंडमान द्वीपों में प्रतिवर्ष लगभग 3,200 मिलीमीटर वर्षा होती है, फिर भी शुष्क महीनों में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस चुनौती से निपटने के लिए आईसीएआर-सीआईएआरआई ने अपने अनुसंधान फार्मों में वर्षा जल संचयन तालाब विकसित किए हैं, जिससे सूखे मौसम में नारियल बागानों को सिंचाई सहायता मिलती है। दौरे पर आए पत्रकारों ने नारियल की जैव-विविधता के संरक्षण, जलवायु-सहनशील किस्मों के विकास और टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देने में संस्थान की भूमिका की सराहना की और कहा कि अंडमान में हो रहा नारियल अनुसंधान भारत की तटीय और द्वीपीय कृषि के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक महत्व रखता है।

स्वदेशी और उष्णकटिबंधीय मसाला अनुसंधान के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा अंडमान

पोर्ट ब्लेयर (नवप्रदेश)। अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह स्वदेशी तथा उष्णकटिबंधीय मसालों के अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। यहां वैज्ञानिक दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण, पारंपरिक मसालों की शुद्धता सुनिश्चित करने तथा उच्च व्यावसायिक और पोषक-औषधीय संभावनाओं वाली नई किस्मों के विकास पर केंद्रित अनुसंधान कर रहे हैं।

यह जानकारी प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा आयोजित मीडिया एक्सपोज़र कार्यक्रम के तहत रायपुर, छत्तीसगढ़ से आए पत्रकारों के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-सीआईएआरआई), पोर्ट ब्लेयर के दौरे के दौरान सामने आई। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजीत वामन ने पत्रकारों को दालचीनी, लौंग, काली मिर्च, जायफल, जावित्री तथा केवल अंडमान में पाई जाने वाली कई स्थानिक प्रजातियों पर संस्थान द्वारा किए जा रहे व्यापक अनुसंधान की जानकारी दी। डॉ. वामन ने बताया कि अधिक वर्षा, उच्च आर्द्रता और भौगोलिक पृथक्करण के कारण अंडमान द्वीपसमूह उष्णकटिबंधीय मसालों के अनुसंधान के लिए विशिष्ट परिस्थितियां प्रदान करता है। ये परिस्थितियां न केवल खेती बल्कि दुर्लभ और स्थानिक मसाला प्रजातियों के संरक्षण के लिए भी अत्यंत अनुकूल हैं।

दौरे के दौरान असली दालचीनी और भारतीय बाजारों में व्याप्त मिलावट का विषय प्रमुख रूप से सामने आया। डॉ. वामन ने बताया कि देश में बिकने वाली अधिकांश दालचीनी वास्तव में कैसिया या नकली दालचीनी होती है, जिसमें कुमारिन नामक तत्व होता है, जो अधिक मात्रा में सेवन करने पर यकृत को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद और शास्त्रीय चिकित्सा पद्धतियों में दालचीनी का अर्थ हमेशा असली दालचीनी से होता है, न कि कैसिया से। उन्होंने यह भी बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान कई लोगों ने अनजाने में कैसिया से बने काढ़े का सेवन किया, जिससे लाभ के बजाय स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न हुए। असली दालचीनी मूल रूप से श्रीलंका की प्रजाति है और भारत में इसका सीमित क्षेत्र में ही उत्पादन होता है, जिसमें अंडमान द्वीपसमूह, तमिलनाडु, केरल और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से शामिल हैं। श्रम-साध्य कटाई और प्रसंस्करण के कारण इसकी कीमत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक रहती है।

प्रदूषण का जोखिम समाप्त हो जाता

कटाई प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने के लिए आईसीएआर-सीआईएआरआई के वैज्ञानिकों ने सीसा-मुक्त पीतल से बना दालचीनी कटाई उपकरण विकसित कर उसे पेटेंट कराया है, जिससे भारी धातुओं से होने वाले प्रदूषण का जोखिम समाप्त हो जाता है। यह उपकरण स्थानीय उद्यमी को लाइसेंस किया गया है और अब देश के कई राज्यों में आपूर्ति की जा रही है। लौंग पर किए जा रहे अनुसंधान के बारे में बताया गया कि इसकी सुगंध और तेल की मात्रा बनाए रखने के लिए सही समय पर कटाई अत्यंत आवश्यक है। वैज्ञानिकों ने मसाला व्यापार में होने वाली मिलावट की प्रवृत्तियों, विशेषकर तेल निकालकर लौंग बेचने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला। दौरे के दौरान काली मिर्च, जिसे ऐतिहासिक रूप से 'मसालों का राजा' कहा जाता है, पर भी चर्चा की गई।

युद्धपोत आईएन लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटि एल-58 और आईएनएस कुलिश की अफसरों ने दी जानकारी

छत्तीसगढ़ की मीडिया टीम ने किया नौ सेना के कमांड सेंटर का दौरा

पोर्ट ब्लेयर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ की मीडिया टीम ने अपने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह भ्रमण के पहले दिन 09 फरवरी, 2024 को नौ सेना के कमांड सेंटर का दौरा किया । नौ सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने युद्धपोत आईएन लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटि एल 58 और आईएनएस कुलिश के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। नौ सेना वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया आईएन लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटि (आईएन एलसीयू) एल-58, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता द्वारा निर्मित 8 जहाजों की एलसीयू एमके-4 श्रृंखला का 8वां और अंतिम स्वदेशी जहाज है, जिसे 18 मार्च 2021 को पोर्ट ब्लेयर में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया । यह 63 मीटर लंबा जहाज टैंकों, बख्तरबंद वाहनों और सैनिकों के परिवहन व तट पर तैनाती के लिए है। यह जहाज आत्मनिर्भर भारत पहल का एक बड़ा हिस्सा है।

फाईल फोटो

आईएन एलसीयू ए-58 की मुख्य विशेषताएं:

निर्माण: जीआरएसई, कोलकाता (90% स्वदेशी उपकरण)।
तैनाती: पोर्ट ब्लेयर (अंडमान और निकोबार कमान)।
क्षमता: मुख्य युद्धक टैंक, बख्तरबंद वाहन और 160 सैनिकों को ले जाने में सक्षम।
गति व क्षमता: 15 समुद्री मील की गति और लगभग 900 टन का भार वहन क्षमता।
हथियार: दो 30 मिमी सीआरएन 91 तोपें और छह मशीन गन पोस्ट।
मुख्य भूमिका: उभयचर संचालन आपदा राहत, और तटीय गश्ती।

आईएनएस कुलिश के कैप्टन ने बताया कि यह एक पूर्ण से रूप से युद्धक पोत है जिसमें विभिन्न तरह के गन के अलावा मिसाइलों लगे हुए हैं जो दुश्मन के युद्धपोतों को मिनटों में ही ध्वस्त करने की क्षमता रखते हैं। आईएनएस कुलिश एक कोरा-क्लास कार्वेट है, जो अभी इंडियन नेवी में एक्टिव सर्विस में है। इसे अक्टूबर 1994 में ऑर्डर किया गया था, और इसकी कील अक्टूबर 1995 में रखी गई थी। इस जहाज को अगस्त 1997 में लॉन्च किया गया और 20 अगस्त 2001 को इसे कमीशन किया गया। कुलिश प्रोजेक्ट 25ए के तहत डिज़ाइन किए गए चार कोरा-क्लास कार्वेट में से तीसरा है। इसके अलावा नौ सेना के अधिकारियों ने नौ सैनिकों द्वारा उपयोग में लाए जा रहे हथियारों के बारे में भी जानकारी दी।

न्यूज गैलरी

बसनारा और पहिया जलाशय योजना के लिए 5.61 करोड़ रुपये स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा सूरजपुर जिले की दो जलाशय योजनाओं के कार्यों के लिए 5 करोड़ 61 लाख 51 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में विकासखण्ड-ओड़गी की बसनारा जलाशय का मरम्मत (जीर्णोद्धार) कार्य के लिए एक करोड 26 लाख 66 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के प्रस्तावित कार्यो के पूर्ण हो जाने से रूपांकित सिंचाई क्षमता 60 हेक्टेयर के विरूद्ध 30 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसी तरह विकासखण्ड प्रतापपुर की पहिया जलाशय योजना के निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 34 लाख 85 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है।

गिरवानी और कन्हर एनीकट के लिए 7.69 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग द्वारा बलरामपुर रामानुजगंज जिले के अंतर्गत दो सिंचाई योजना के कार्यों के लिए 7.69 करोड़ की राशि स्वीकृत किये हैं। स्वीकृत कार्यो में विकासखण्ड-रामचंद्रपुर की रामानुजगंज शहर के कन्हर एनीकट के जीर्णोद्धार व घाट निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 11 लाख 87 हजार स्वीकृत किये गये है। योजना के निर्माण से भू-जल संवर्धन निस्तारी एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

बिहान योजना से पंचबाई की बदली तकदीर, बनी सफल व्यवसायी

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बिहान योजना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में मुंगेली जिले के विकासखण्ड लोरमी के ग्राम खपरीडीह निवासी श्रीमती पंचबाई साहू ने बिहान योजना से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में सफलता प्राप्त की है।

बिहान योजना से जुड़कर उन्होंने अपनी तकदीर बदली है, अब वे सफल व्यसायी बन चुकी है। स्व-सहायता समूह से जुड़ने से पूर्व पंचबाई साहू की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर थी। परिवार की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उन्हें साहूकारों से ऊँचे ब्याज दर पर ऋण लेना पड़ता था। आर्थिक निर्भरता के कारण न केवल परिवार की बुनियादी ज़रूरतें अधूरी रह जाती थीं।

रामनगर में चारपहिया वाहनों में तोड़फोड़, तीन बदमाश गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस उपायुक्त मयंक गुर्जर के निर्देशानुसार अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम, सहायक पुलिस आयुक्त उरला पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में नॉर्थ जोन क्षेत्रांतर्गत थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना के बलों के साथ लगातार आसमाजिक तत्वो, गुण्डा बदमाशें, चाकूबाजों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग की जा रही है। 5-06 जनवरी की दरम्यानी रात्रि को थाना गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत रामनगर वार्ड क्र 024 में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा चारपहिया वाहन के शिशे को तोड़ने की जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) द्वारा घटना को गंभीरता तथा प्रकरण पर स्वतः संज्ञान में लेते हुए संदिग्ध व्यक्तियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी गुढ़ियारी के नेतृत्व में थाना गुढ़ियारी पुलिस की टीम द्वारा सभी संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए प्रकरण में आरोपी धनेश्वर सोनवानी, शिव सिंह ठाकुर तथा उकेश बघेल पकड़ा गया।

स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का धंधा

एसपी के निर्देश के बाद रायगढ़ के होटल में पुलिस की दबिश, संचालक और मैनेजर गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित होटल ट्रिनिटी में चल रहे सनराइज स्पा में देह व्यापार की सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। सीएसपी मयंक मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस और साइबर टीम ने संयुक्त दबिश देकर स्पा संचालक और होटल मैनेजर को मौके से पकड़ा। जांच के दौरान स्पा के कमरों से तीन महिलाएं मिलीं, जिससे इस अवैध कारोबार की पुष्टि हुई।

7वीं मंजिल के स्पा में रेड: पुलिस टीम ने होटल की सातवीं मंजिल पर संचालित सनराइज स्पा में दबिश दी। पहले से लगातार सूचना मिल रही थी कि स्पा की आड़ में ग्राहकों को लड़कियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। अंदर पहुंचते ही टीम ने कई कमरों की जांच की, जहां आपत्तिजनक गतिविधियों के संकेत मिले।

कमरों में मिलीं 3 महिलाएं: रेड के दौरान स्पा के अलग-अलग कमरों में तीन महिलाएं मिलीं। पुलिस ने उनकी उपस्थिति को आधार बनाते हुए मौके के हालात और कमरे की स्थिति का निरीक्षण किया, जिससे अवैध देह व्यापार चलने की पुष्टि हुई।

संचालक और मैनेजर की गिरफ्तारी: कार्रवाई के बाद स्पा संचालक विनयकांत बरगट और होटल मैनेजर देवेंद्र सिंह को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में स्पा संचालन के नाम पर देह व्यापार कराए जाने की जानकारी सामने आई। दोनों पर आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है।

पीआईटीए एक्ट के तहत अपराध दर्ज: टीम ने छापेमारी के दौरान कमरे और रिसेप्शन क्षेत्र से आपत्तिजनक सामग्री जप्त की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पीटा एक्ट की धारा 3, 4, 5 और 7 के तहत प्रकरण कायम किया गया है।

एसएसपी का स्पष्ट संदेश-अवैध गतिविधियों पर नहीं मिलेगी राहत: एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि- शहर में देह व्यापार, जुआ-सट्टा, अवैध शराब और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने साफ किया कि पुलिस किसी भी अवैध कारोबार को बढ़ने नहीं देगी।

105 दुकानों से 2996 क्विंटल धान जब्त, प्रति क्विंटल 250 रुपये जुर्माना

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में प्रशासन की टीम ने बिना मंडी लाइसेंस के खरीदी करने पर 105 दुकानों से 2996.40 क्विंटल धान जब्त किया है। दुकान संचालकों को प्रति क्विंटल 250 रुपए की दर से जुर्माना देना होगा। राशि जमा नहीं करने पर प्रकरण को कोर्ट में पेश किया जाएगा। समर्थन मूल्य पर 1 नवंबर से 31 जनवरी तक धान की खरीदी की गई। बिचौलिए समर्थन मूल्य पर केंद्रों में धान की बिक्री न करें, इसके लिए एसडीएम, तहसीलदार, कृषि उपज मंडी कटघोरा की टीम ने गांवों के दुकानों में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान गोदामों से धान जब्त किया गया। पाली में 30 और करतला में 21 दुकानों से धान जब्त किया गया है। इनमें अधिकांश बड़े व्यवसायी हैं।

करतला ब्लॉक में सक्ती जिले की डेरागढ़ बाराद्वार से धान लाते हुए दो वाहनों से 56 क्विंटल धान जब्त किया गया है। सोहागपुर नहर मार्ग से रात में मेटाडोर से अवैध धान परिवहन किया गया। मामले में 28 क्विंटल धान जब्त किया गया। इसके अलावा पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में भी सबसे अधिक धन जब्त किया गया है। मालूम हो कि बिना मंडी लाइसेंस के धान की खरीदी नहीं कर सकते। मंडी शुल्क 45 रुपए है। बिना मंडी लाइसेंस के धान खरीदने पर 5 गुना जुर्माने का प्रावधान है। इस हिसाब से ही जुर्माना वसूली की कार्रवाई कृषि उपज मंडी की टीम करेगी। जुर्माना नहीं देने पर प्रकरण कोर्ट में चलेगा। दोषी पाए जाने पर 6 महीने कारावास का भी प्रावधान है। थोक का 100 और फुटकर 180 लोगों को ही मंडी लाइसेंस जिले के 412 ग्राम पंचायतों में डेढ़ हजार से अधिक दुकानें हैं। इसके बाद भी धान बेचने के लिए 100 लोगों के पास ही थोक लाइसेंस और 180 लोगों के पास फुटकर लाइसेंस है। गांव में लोग आज भी किराना सामान लेने के लिए फुटकर में धान की बिक्री करते हैं। बिना पंजीयन कारोबार अपराध, 5 गुना जुर्माने का प्रावधान बिना मंडी में पंजीयन के कृषि उपज का कारोबार अपराध है। पांच गुना जुर्माने का प्रावधान है। समझौता शुल्क जमा नहीं करने पर प्रकरण सिविल कोर्ट में पेश किया जाएगा।

मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कल यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा जमीन की गाइडलाइन का पुनर्मूल्यांकन कर उसमें रियायत प्रदान करने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री को गजमाला पहनाकर प्रतिनिधिमंडल ने उनका सम्मान किया। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि इस निर्णय से रियल एस्टेट क्षेत्र को नई गति मिलेगी तथा आम नागरिकों को भी राहत प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार जनता के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com